शर्मा হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581



E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 10 | अंक : 25 | गुवाहाटी | शनिवार, 19 अगस्त, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526



990.2 करोड़ रुपए की लागत से राज्य के 32 स्टेशनों का होगा पुनर्विकास पेज 3
भाजपा की मौलिक ताकत उसके कार्यकर्ता : प्रधानमंत्री पेज 4
डेमोग्राफी, डेमोक्रेसी एवं डायवर्सिटी की त्रिवेणी भारत को बनाती है... पेज 5
बीयर बुरी नहीं आपकी सोच है बुरी पेज 8



পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344


## सुप्रभात

*छः कानों में पढ़ने से (तीसरे व्यक्ति को पता होने से) मंत्रणा का भेद खुल जाता है।*

– आचार्य चाणक्य

# मणिपुर : सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन की मौत



**इंफाल ( हि.स. )।** हिंसा प्रभावित मणिपुर के कामजोंग जिले के फुनग्यार अनुमंडल स्थित थावाई कुकी विलेज में शुक्रवार सुबह सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में तीन लोगों की मौत हो हुई है। जानकारी के अनुसार थावाई कुकी विलेज में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार सुबह करीब 6.30 पर एक गुप्त सूचना के आधार पर तलाशी अभियान चलाया। यहां सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन लोग मारे गए हैं। मृतकों की पहचान जामखोगिन हाओकिप (26), थंगखोकाई हाओकिप (35) तथा होलेनसोन बाइट (24) के रूप हुई है। इस मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके में तलाशी अभियान चलाया। विस्तृत समाचार की प्रतीक्षा है। उधर मणिपुर में हिंसा के बाद सुरक्षा बल पूरे इलाके में तलाशी अभियान चला रहे हैं। सुरक्षाबल को इलाकों से हथियार व गोली बारूद बरामद करने में व्यापक सफलता मिल रही है। राज्य के बिष्णुपुर, चुराचांदपुर, टेंगनोपाल और कांगपोकपी जिलों के सीमांत और संवेदनशील क्षेत्रों में तलाशी अभियान में सुरक्षाबलों ने आठ हथियार, 112 गोला-बारूद और छह बम बरामद किए। मणिपुर पुलिस ने ट्वीट कर बताया कि राज्य में 112 स्थानों पर तलाशी नाके लगाए गए हैं। जहां से गुजरने वाले हर व्यक्ति और हर गाड़ियों की तलाशी ली जा रही है।

# मंत्री पीयूष ने किया दीपर बिल का मुआयना



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम सरकार के जल संसाधन, सूचना एवं प्रसारण आदि मामलों के मंत्री पीयूष हजारिका ने आज गुवाहाटी स्थित विश्व प्रसिद्ध दीपर बिल का मुआयना किया। मुआयना करने के बाद ट्वीट के जरिए उन्होंने जानकारी दी कि गुवाहाटी के पर्यावरण को बनाए रखने के स्रोतों में से एक दीपर बील की रक्षा करने के लिए उनकी सरकार दृढ़ संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा के निर्देश पर वे आज बील में उपस्थित हुए। इसका मुआयना किया। उन्होंने कहा कि इस बात का -शेष पृष्ठ दो पर

## रैगिंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जरूरत : सौरभ

**कोलकाता ( हि.स. )।** जादवपुर विश्वविद्यालय में रैगिंग की वजह से एक छात्र की मौत मामले में बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष और टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने घटना को बेहद शर्मनाक बताते हुए कहा कि रैगिंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का प्रावधान होना चाहिए। पार्कस्ट्रीट के पांच सितारा होटल में आयोजित एक कार्यक्रम से इतर जब सौरव गांगुली से इस संबंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह बहुत शॉक करने वाली घटना है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेन गोहाई का अपने पद से इस्तीफा



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेन गोहाई ने आज खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति बोर्ड के अध्यक्ष के पद से अपना इस्तीफा दे दिया। आज मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा की अनुपस्थिति में उन्होंने मुख्यमंत्री के कार्यालय में अपना इस्तीफा पत्र जमा करा दिया। हालांकि, उन्होंने भाजपा की सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया है। इस्तीफा देने के कारण के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने मीडिया को बताया कि असम विधानसभा क्षेत्रों के हुए पुनर्गठन से वे असंतुष्ट हैं। पुनर्गठन के दौरान नगांव लोकसभा सीट से भाजपा मतदाता बहुल क्षेत्रों को काटकर काजीरंगा क्षेत्र में जोड़ दिया गया है। राजेन गोहाई ने कहा कि इससे आईयूडीएफ के नेता बदरुद्दीन अजमल को ही फायदा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि राजेन गोहाई बीते लोकसभा चुनाव में नगांव से टिकट नहीं मिलने के बाद से ही असंतुष्ट चल रहे थे। -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### बम की अफवाह

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** दिल्ली एयरपोर्ट पर एयरलाइन कंपनी विस्तारा की दिल्ली-पुणे रूट की फ्लाइट में शुक्रवार को बम होने की धमकी मिली। इसके मद्देनजर सभी यात्रियों को उनके सामान सहित उतारा गया और एयरपोर्ट के आइसोलेशन-वे में विमान का निरीक्षण किया गया, लेकिन विमान में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। सीआईएसएफ और दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। सीआईएसएफ और दिल्ली पुलिस के मुताबिक जीएमआर कॉल सेंटर को फ्लाइट में बम होने की कॉल मिली थी। जिस फ्लाइट के अंदर बम की कॉल मिली थी, वह यूके 971 नम्बर की है। यह फ्लाइट सुबह 8:30 बजे दिल्ली -शेष पृष्ठ दो पर

### हाथी दांत जब्त एक गिरफ्तार

**मोरीगांव ( हि.स. )।** मोरीगांव जिले के लाहोरीघाट में पबितोरा अभयारण्य प्राधिकरण द्वारा आज चलाए गए एक अभियान के दौरान हाथी दांत के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। पबितोरा अभयारण्य के वन अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह अभियान लाहोरीघाट इलाके के पांचमटोली में चलाया गया था। अभियान के दौरान असमत अली नामक एक व्यक्ति को इस सिलसिले में पूछताछ के लिए पुलिस द्वारा हिरासत में -शेष पृष्ठ दो पर

### एनडीआरएफ का सामूहिक पौधरोपण अभियान

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** पृथ्वी, प्रकृति को बचाने और केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा करोड़ पौधे लगाने की सहमति में योगदान देने के लिए बटालियन मुख्यालय पटगांव, गुवाहाटी (असम) में बीएसएफ अधिकारियों और जवानों के साथ एक संयुक्त पौधरोपण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान, प्रथम बटालियन एनडीआरएफ के कमांडेंट एचपीएस कंडारी ने सभी अधिकारियों और बचावकर्मियों के साथ -शेष पृष्ठ दो पर

# शांति और सामान्य स्थिति की बहाली सर्वोपरि : बीरेन सिंह



**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शुक्रवार को कहा कि जातीय संघर्ष से जूझ रहे राज्य में शांति और सामान्य स्थिति की बहाली अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी बीच उन्होंने लोगों से तीन मई से पूर्वोत्तर राज्य में हुई जातीय हिंसा की वजह से बर्बाद हुए समय की भरपाई के लिए दोगुनी ताकत से मेहनत करने का आह्वान किया। सद्भावना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीरेन सिंह ने राज्य के कल्याण और एकता के लिए सकारात्मक सुझाव और सलाह मांगी। बता दें कि -शेष पृष्ठ दो पर

# टिपरा मोथा ने आदिवासियों को गुमराह किया : साहा



**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने शुक्रवार को विपक्षी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि टिपरा मोथा ने स्थानीय लोगों को गुमराह करने के लिए आदिवासियों के लिए अलग राज्य की मांग उठाई है। टिपरा मोथा का नाम लिए बिना साहा ने सभी मूल जनजातियों के प्रमुखों के एक सम्मेलन में कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार उनके कल्याण के लिए 5,000 करोड़ रुपए खर्च करेगी, न कि 600 करोड़ रुपए, जैसा कि विपक्षी दल ने दावा किया है। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में कहा कि अगर कोई आता है और समस्याओं को उजागर करता है, तो हम निश्चित रूप से उन समस्याओं का समाधान करेंगे। लेकिन बांटो और राज करो की राजनीति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साहा का यह बयान केंद्रीय गृह मंत्रालय के पूर्वोत्तर के सलाहकार एके मिश्रा के साथ नई दिल्ली में टिपरा मोथा के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक करने के कुछ सप्ताह बाद आया है। टिपरा मोथा आदिवासियों -शेष पृष्ठ दो पर

# रास के नौ सदस्यों का शपथ ग्रहण 21 को



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के एस जयशंकर और तृणमूल कांग्रेस सदस्य डेरेक ओ ब्रायन सहित राज्यसभा के नौ पुनः निर्वाचित और नवनिर्वाचित सदस्य 21 अगस्त को संसद भवन के राज्यसभा कक्ष में शपथ लेंगे। जयशंकर 2019 में गुजरात से राज्यसभा के लिए चुने गए जब उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। शपथ लेने वाले सदस्यों में तृणमूल कांग्रेस की डोला सेन, सुखेंदु शेखर रे, डेरेक ओ ब्रायन, प्रकाश चिक बड़ाइक और समीरुल इस्लाम -शेष पृष्ठ दो पर

# झारखंड में कुआं धंसने से छह की मौत



**रांची ( हि.स. )।** रांची के मुरी ओपी क्षेत्र के पिस्का गांव में गुरुवार को कुआं धंसने के कारण हुए हादसे में शुक्रवार को छह लोगों के शव एनडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर बरामद किया जबकि दो लोगों को बचा लिया गया। एनडीआरएफ की टीम का रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म हो गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन 20 घंटे तक चला। बताया गया है कि मृतकों में विष्णु चरण मांझी (45), मनोहर मांझी (45), रमेशचंद्र मांझी (60), बहादूर मांझी (41), गुरुपद मांझी (45) और धन्नजय बेदिया (25) -शेष पृष्ठ दो पर

# राहुल गांधी अमेठी से लड़ेंगे चुनाव



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी राज्य के अमेठी लोकसभा से चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद अजय राय पहली बार अपने गृह जनपद वाराणसी पहुंचे जहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों एवं फूल-माला के साथ उनका स्वागत किया। यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे, राय ने कहा कि राहुल गांधी निश्चित रूप से अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, अमेठी के लोग यहां उपस्थित हैं। अमेठी से 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी के मुकाबले जीत दर्ज करने वाली केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के बारे में पूछे जाने पर राय ने कहा कि वह बौखलाई हुई हैं। स्मृति ने कहा था कि कमल का बटन दबाइये 13 रुपए किलो चीनी मिलेगा, क्या वे दिलवा पाई। अमेठी के लोग यहां हैं, उनसे पूछें। उन्हें (ईरानी) जवाब देना चाहिए कि 13 रुपए किलो चीनी कहां गई। उन्होंने कहा कि इस प्रदेश में सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी, महंगाई के साथ ही लोगों को डराकर अपने साथ लेने का है। ये लोग (भाजपा) ईडी और सीबीआई का डर दिखा कर माहौल अपने पक्ष में करने का काम कर रहें हैं। प्रियंका गांधी वाद्रा के बारे में प्रदेश अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि वह जहां से भी चुनाव लड़ेंगी, चाहे बनारस से, यहां का एक-एक कार्यकर्ता उनके लिए जान लड़ा देगा। हम उनका पूरा समर्थन करेंगे। -शेष पृष्ठ दो पर

# शिवपुरी जिले में आसमान से गिरे चमकदार गोले



**शिवपुरी ( हि.स )।** कई इलाकों में शुक्रवार दोपहर खेतों में आसमान से चमकदार गोले गिरने की घटनाएं सामने आने पर ग्रामीण दहशत में आ गए। हालांकि लोहे के गोले की जांच की जा रही है और लोगों को इससे दूर रहने की हिदायत दी जा रही है। जानकारी के मुताबिक जिले की करैरा विधानसभा के अंतर्गत ग्राम बनयानी में शुक्रवार दोपहर बंटी रावत अपने भाई के साथ खेतों में काम कर रहे थे, तभी आसमान से बादलों की गड़गड़ाहट जैसी आवाज आई, तभी उन्होंने आसमान की ओर देखा तो एक सुर्ख लाल आग के गोले के समान आकृति वाली वस्तु देखते ही देखते उन्हीं के पास दूसरे खेत में आकर गिर गई। इस घटना की समूचे क्षेत्र में फैल गई। इसी प्रकार की घटना भितरवार थाना क्षेत्र के ग्राम जौरा, सिल्हा, किठोंदा गांव में भी हुई। यहां भी चमकदार गोले के आकार की वस्तु आसमान से आकर जमीन पर गिरी। सूचना मिलने के बाद भितरवार एसडीएम देवकीनंदन सिंह, एसडीओपी जितेंद्र नगायच, थाना प्रभारी धवल सिंह चौहान, उपनिरीक्षक रमाकांत उपाध्याय अन्य पुलिस बल और राजस्व बल मौके पर पहुंचा और लोगों को गोले के आकार के गिरे उपकरण से दूर रहने की हिदायत ग्रामीणों को दी। भितरवार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जौरा में शुक्रवार दोपहर लगभग 12:55 बजे अजीबोगरीब घटना आसमान से घटित हुई। जौरा निवासी कृषक मुरारी जाटव के खेत में पांच से सात किलो वजन का लोहे का गोला खेत में गिरा और चकरी की तरह घूमकर उसने दो फीट तक खेत में गड्ढा कर दिया। उक्त घटना पास के ही खेत में कार्य कर रहे पूरन आदिवासी एवं राहगीर रामलखन धानुक ने देखी तो खेतों में काम कर रहे मजदूर और अन्य लोग दहशत में आ गए और उन्होंने इसकी सूचना भितरवार पुलिस को दी। वहीं सूचना मिलने के -शेष पृष्ठ दो पर

# बाढ़, बिजली गिरने और भूस्खलन से 2038 लोगों की मौत



**नई दिल्ली।** देश में इस मानसून के दौरान बाढ़, बिजली गिरने और भूस्खलन के कारण कम से कम 2,038 लोगों की मौत हो गई। बिहार में सबसे अधिक 518 और हिमाचल प्रदेश में 330 लोगों की मौत हुई। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए आंकड़ों के अनुसार इस साल एक अप्रैल से 17 अगस्त के बीच बारिश और बाढ़ के कारण 101 लोग लापता हो गए जबकि 1,584 लोग घायल हो गए। बारिश, भूस्खलन और बिजली गिरने से 335 जिले प्रभावित हुए हैं जिनमें 40 जिले मध्य प्रदेश में हैं जबकि असम में 30 और उत्तर प्रदेश में 27 जिले प्रभावित हुए हैं। मानसून के दौरान बाढ़ और भूस्खलन से हिमाचल -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

## गुवाहाटी में 6 चोर हुए गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** गुवाहाटी के फटासील-आमबाड़ी पुलिस ने चोरी के मामले में शामिल छह चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि चोरी मामले में मोहम्मद राहुल हक उर्फ राजा (भरैलुपुर) जीत देव उर्फ बंगाली (भास्कर नगर) मोहन राजभर (धपालीया) मनोज राजवंशी (लाल गणेश) मोहम्मद नूर इस्लाम (सोनलती)और नूर मोहम्मद अली (फिलकर) को चोरी मामले में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से चोरी की बिजली की तार तथा दो चोरी की मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार सभी चोरों से सघन पूछताछ कर रही है।

# हिमाचल में भारी बारिश ने मचाई तबाही, अब तक 330 लोगों की मौत

**मनाली।** हिमाचल प्रदेश के शिमला में शिव मंदिर के मलबे से एक और शव बरामद होने और चंबा जिले में दो और लोगों की मौत के बाद प्रदेश में बारिश से जुड़ी घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 74 हो गई है। शिमला में ही तीन जगहों- समर हिल में स्थित शिव मंदिर तथा फागली और कृष्णनगर में हुए भूस्खलन की वजह से 21 लोगों की मौत हुई है। मंदिर के मलबे में अब भी आठ लोगों के दबे होने की आशंका है। शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने बताया कि बुधवार को समर हिल भूस्खलन स्थल पर श्रमिकों ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला में गणित विभाग के प्रमुख पीएल शर्मा का शव निकाला। राज्य आपातकालीन अभियान केंद्र के अनुसार, चंबा जिले में बारिश से संबंधित दो मौतों की सूचना मिली है जिसके बाद पिछले चार दिनों में प्रदेश में जान गंवाने वालों की संख्या 74 हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार से 3 दिन यैलो अलर्ट रहेगा, जबकि 23 अगस्त तक मौसम खराब रहेगा। मौसम विभाग का कहना है कि आगामी 4-5 दिनों में बारिश तो होगी लेकिन 1-2 स्थानों पर छिटपुट बारिश होगी, लेकिन इस माह के अंतिम सप्ताह



मानसून फिर से सक्रिय होगा, क्योंकि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो जाएगा। 25 अगस्त तक बारिश होगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरुवार को मंडी जिले के सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के मटेहड़ी, बालद्वारा, मसेरन और जुकैन के बारिश और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और वहां लोगों से मुलाकात की। उन्होंने लोगों को सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। प्रमुख सचिव (राजस्व) ओंकार चंद शर्मा ने बुधवार को कहा कि मानसून मौसम के दौरान हुआ नुकसान 7,500 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। अधिकारियों ने कहा कि राज्य में 875 सड़कें अवरुद्ध हैं और 1,135 ट्रांसफार्मर और 285 जल आपूर्ति योजनाएं बाधित हैं। सुक्खू ने एक साक्षात्कार में कहा था कि मॉनसून में भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हुए बुनियादी ढांचों के पुनर्निर्माण में एक साल का समय लगेगा। सुक्खू ने कहा था कि पिछले महीने जुलाई और इस सप्ताह हुई भारी बारिश की वजह से राज्य में अनुमानित 10,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों और जल परियोजनाओं के पुनर्निर्माण में समय लगता है, लेकिन सरकार इस प्रक्रिया में तेजी ला रही है। उन्होंने कहा कि हमें एक साल के भीतर बुनियादी ढांचे को पूरी तरह से बहाल करना होगा। वहीं, लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चालू वित्त वर्ष के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में 254 सड़कों के उन्नयन के लिए 2,643 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। प्रदेश में 24 जून को मानसून की शुरुआत के बाद से बारिश से संबंधित घटनाओं में 330 लोगों की मौत हो गई है। आपदा प्रबंधन के प्रमुख सचिव ओंकार चंद शर्मा ने कहा कि 13-15 अगस्त तक लगातार बारिश ने 74 लोगों की जान ले ली है, जबकि प्रदेशभर में 330 लोगों की हुई मौत के क्रम में भूस्खलन, बाढ़ आने व बादल फटने की घटनाएं शामिल हैं। शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने बताया कि शिमला में अभियान जारी है। सेना, वायु सेना और अन्य बचाव कर्मियों ने बाढ़ प्रभावित कांगड़ा जिले के फतेहपुर और इंदौरा के पोंग बांध से 309 लोगों को निकाला है। पिछले तीन दिनों में इन इलाकों से 2074 लोगों को निकाला गया है।

## जेसीआई नगांव रॉयल्स की ओर से दो नालंदियन कीर्तिमान




**नगांव।** पूर्वोत्तर भारत, पहाड़ियों की हरीभरी वादियों के प्रदेश से विशाखपत्तनम जहां भारत माता के चरण पखार रहे समुंद्र देव के पास ज्ञान की अभिवृद्धि करने जेसीआई जोन 25 की शाखा जेसीआई नगांव रॉयल्स की अध्यक्ष जैसी निशा अग्रवाल तथा कोषाध्यक्ष जैसी डां॰ पूजा बंका ने पूर्वोत्तर का प्रतिनिधित्व किया तथा भारतीय जेसीस द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर गुणवत्ता में शीर्ष प्रशिक्षण कार्यशालाओं में एक नालंदा-नेशनल एकेडमी ऑफ लीडरशिप एंड एडमिनिस्ट्रेशन में हिस्सा लिया। तीन-दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यशाला में भारत ही नहीं एशिया के अन्य देशों से भी प्रतिनिधि अंश ग्रहण करते हैं। वर्ष में एक बार होने वाली नालंदा कार्यशाला में प्रशिक्षार्थी हेतु आए आवेदनों में से सिर्फ 100 प्रशिक्षार्थी का ही चयन कर अंश ग्रहण करने का सोभाग्य प्राप्त होता हैं। इस वर्ष विशाखपत्तनम में 12 से 15 अगस्त 2023 तक नालंदा कार्यशाला आयोजित हुई। जेसीआई वालटीयर के आतिथ्य में आयोजित इस एकेडमी के मुख्य कोच पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेसीआई सेनेटर ए. वी. वमनकुमार तथा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेसीआई सेनेटर प्रोफेसर डॉ. शुभ्रमण्यम् तथा सहायक कोच जेसीआई सेनेटर प्रज्ञा मेहता तथा जेसीआई सेनेटर एडवोकेट दिनेश ए. थे। नालंदा कार्यशाला में अंश ग्रहण एवं एकेडमिक शिक्षा में पारंगत की सर्टिफिकेट प्राप्त करने पर जोन 25 तथा जेसीआई परिवार ने जैसी निशा अग्रवाल तथा जैसी डॉ. पूजा बंका को शुभकामनाएं दीं। जेसीआई नगांव रॉयल्स से नालंदियन बनने वाली सदस्यों का जेसीस जोन के प्रथम नालंदियन जेसीआई सेनेटर रमेश कुमार चांडक ने हार्दिक अभिनंदन करते हुए नार्थ-ईस्ट नालंदियन परिवार में उत्तरोत्तर वृद्धि पर खुशी जताते हुए इसका सुलाभ पूरे पूर्वोत्तर को मिलने की कामना जताई ह॥

## सीसुब ने चलाया गया वृक्षारोपण अभियान

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री द्वारा वृक्षारोपण अभियान-2023 के अन्तर्गत पर्यावरण संरक्षण के उद्देष्य से फ्रंटियर मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल (सीसुब), गुवाहाटी एवं अंतरर्निहित सेक्टर मुख्यालयों, वाहिनियों एवं सीमा चौकी स्तर पर सीमा प्रहरियों द्वारा वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। आज दिनेश कुमार यादव, महानिरीक्षक फ्रंटियर मुख्यालय सींसुब, गुवाहाटी के मार्गदर्शन में फ्रंटियर मुख्यालय गुवाहाटी एवं अन्तर्निहित सेक्टरों मुख्यालयों, वाहिनियों तथा सीमा चौकियों के स्तर पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली में वृद्धि हेतु वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं सीमा प्रहरियों ने उत्साह पूर्वक शामिल होकर फलदार एवं छायादार वृक्षों के पौधे लगाए।

## जंगली हाथी के हमले में वृद्ध व्यक्ति की मौत

**उदालगुरी ( हि.स. )।** उदालगुरी जिले के डिमाकुची इलाके में जंगली हाथी द्वारा किए गए हमले में एक वृद्ध व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि उदालगुरी जिले के भारत-भूटान सीमावर्ती इलाके के भेरगांव दो नंबर उत्तर डिमाकुची इलाके में शुक्रवार तड़के जंगली हाथी का एक झुंड प्रवेश कर जमकर उपद्रव मचाया। झूंड से एक हाथी अलग हो गया और डिमाकुची के गिरिधारी राजवंशी (55) के घर पर हमला कर दिया। गिरीधारी अपने बच्चों को हाथी के हमले से बचाने के लिए घर से बाहर



निकाला। जिस दौरान हाथी ने गिरिधारी राजवंशी पर हमला कर पैर से कुचल कर उसे मार डाला। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने मृत व्यक्ति का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के अस्पताल भेज दिया। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिक की दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों को कहना है कि वन की लापरवाही की वजह से आए दिन जंगली हाथियों का झुंड गांव में प्रवेश कर जमकर उपद्रव मचाता है।

## छत्तीसगढ़ में आठ लाख रुपए का इनामी नक्सली गिरफ्तार

**रायपुर/जशपुर ( हि.स. )।** कई नक्सली घटनाओं में शामिल तथा 2020 में तीन सीआरपीएफ जवानों पर गोलीबारी करने वाला आठ लाख रुपए का इनामी नक्सली को पुलिस ने जशपुर जिले के भागलपुर गांव से गिरफ्तार कर लिया। जशपुर जिला पुलिस के अधिकारियों ने शुक्रवार को मीडिया को बताया कि सरजून यादव उर्फ पूतना नामक नक्सली को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। जिसे आज जशपुर की अदालत में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आठ लाख रुपए के इनामी नक्सली पूतना 2018 और 2020 के बीच नक्सलियों की मिलिट्री कंपनी का सदस्य था। वह 2020 में बलरामपुर जिले के सामरीपाठ पुलिस थाना क्षेत्र के जलजली गांव के जंगल में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के तीन जवानों पर गोलीबारी में भी शामिल था। इस घटना में एक सुरक्षा कर्मी घायल हुआ था। हालांकि उसने 2021 में नक्सली संगठन छोड़कर भूमिगत हो गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ जशपुर जिले के भागलपुर गांव में एक किराए के मकान में रह रहा था। जहां से उसे पकड़ा गया।

# पृष्ठ एक का शेष

### मंत्री पीयूष ने किया...

जायजा उन्होंने लिया कि क्या दीपर बील की विरासत, सुंदरता और इसकी विशिष्टता की रक्षा करके पर्यटन स्थल बनाने के लिए बिल के आसपास फुटपाथ, साइकिल ट्रैक आदि बनाए जा सकते हैं। इस निरीक्षण के दौरान मंत्री के साथ स्थानीय विधायक रमेंद्र नारायण कलिता, युवा आयोग के सदस्य रातुल शर्मा, जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री ...

हालांकि, उन्हें फिलहाल कैबिनेट मंत्री का दर्जा देकर रखा गया था। दो दिन पहले से ही राजेन गोहाईं अपने इस्तीफा देने की बात को मीडिया में फैला रहे थे। आज भी उन्होंने इस्तीफा देने के लिए निकलने से पहले मीडिया से बातचीत की। यह देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी उनके इस्तीफे को लेकर किस प्रकार के प्रतिक्रिया व्यक्त करती है।

### शांति और सामान्य ...

सद्भावना दिवस कार्यक्रम 20 अगस्त के बजाय शुक्रवार को आयोजित किया गया, क्योंकि यह दिन वीकेंड में आता है। उन्होंने कहा कि शांति और सामान्य स्थिति की बहाली सर्वोपरि है। सभी को ऐसी टिप्पणी करने और चर्चा में शामिल होने से बचना चाहिए, जो दूसरे समुदाय के लिए परेशान करने वाली हो सकती है। उन्होंने शांति बहाली पर जोर देते हुए कहा कि विचारों में मतभेद हो सकता है, लेकिन लोगों को अपने स्वार्थों को एक तरफ रखकर सामान्य हितों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों को दोगुनी मेहनत करनी चाहिए ताकि विकास की गति लौट आए और राज्य एक बार फिर एकता और प्रगति की ओर बढ़ सके, जिस ओर वह पिछले छह वर्षों से आगे बढ़ रहा है। इसी बीच उन्होंने पूर्वोतर राज्य में केंद्रीय नेताओं के समर्थन, मार्गदर्शन और निगरानी के लिए भी उनकी सराहना की।

### टिपरा मोथा ने ...

के लिए एक अलग ग्रेटर टिपरालैंड राज्य बनाने की मांग कर रहा है। हालांकि, ग्रेटर टिपरालैंड की अवधारणा को निर्दिष्ट नहीं किया गया है, लेकिन माना जाता है कि इसमें त्रिपुरा के अलावा कई अन्य पूर्वोत्तर राज्यों और बांग्लादेश के कुछ हिस्से भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि टिपरालैंड का नारा लोगों को गुमराह करने के लिए उठाया गया था... हमने राजनीतिक लक्ष्यों को हासिल करने के लिए 30 साल (वामपंथी शासन) तक मगरमच्छ के आंसू देखे हैं। उन्होंने आदिवासी वोट बैंक की राजनीति का इस्तेमाल किया। साहा ने जोर देकर कहा कि पूर्वोत्तर राज्य का विकास यहां के मूल निवासियों को छोड़कर नहीं किया जा सकता है, जो इसकी कुल आबादी का 32 प्रतिशत हैं। उन्होंने कहा, लोगों के बीच कोई विभाजन नहीं होना चाहिए क्योंकि हम सभी एक त्रिपुरा श्रेष्ठ त्रिपुरा बनाने के लिए एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि वे (टिपरा मोथा) कह रहे हैं कि राज्य सरकार ने त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद (टीटीएएडीसी) को केवल 600 करोड़ रुपए दिए हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि मूल जनजातियों के कल्याण के लिए 5,000 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। अप्रैल 2021 में हुए टीटीएएडीसी चुनाव में टिपरा मोथा ने 28 सीटों में से 18 सीटें हासिल की थीं और सत्तारूढ़ भाजपा परिषद में विपक्ष का भूमिका में है। साहा ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से पूर्वोत्तर राज्य में बड़े पैमाने पर विकास हुआ है।

### रास के नौ सदस्यों ...

शामिल हैं और भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों में नागेंद्र रे, केसरीदेवसिंह दिग्विजयसिंह झाला, बाबूभाई जेसंगभाई देसाई और एस जयशंकर शामिल हैं। इससे पहले जुलाई में, जयशंकर ने आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए गुजरात के गांधीनगर में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने पहले गोवा, गुजरात और पश्चिम बंगाल की 10 राज्यसभा सीटों पर 24 जुलाई को होने वाले चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की थी और वोटों की गिनती 24 जुलाई को होगी।

### झारखंड में कुआं ...

हैं। घायलों में भागीरथ मांझी (17) और अशोक मांझी (18) हैं। रांची के एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि छह शव बरामद किए गए हैं जबकि दो व्यक्तियों को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को घास चरने के दौरान एक बैल कुएं में गिर गया था। बैल की जान बचाने के लिए पांच लोग कुएं में घुसे और बाकी अन्य लोग बाहर से मदद कर रहे थे। इसी दौरान कुआं धंस गया।

### राहुल गांधी अमेठी ...

आम चुनाव में 2014 और 2019 के वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कांग्रेस के उम्मीदवार रह चुके राय को दलित नेता बृजलाल खाबरी की जगह तत्काल प्रभाव से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी नियुक्ति नरेंद्र मोदी के खिलाफ दो बार चुनाव लड़ने का इनाम है, उन्होंने कहा कि यह मेरे लगातार संघर्ष का नतीजा है। जेल किसने काटा, रासुका किसने झेला, हर मुद्दे पर इनकी (भाजपा) गलती कौन उजागर कर रहा है, वो अजय राय कर रहा है, अजय राय राहुल गांधी का *सिपाही* है। भाजपा के खिलाफ पूरे प्रदेश में लड़ाई लड़ी जाएगी। वहीं अजय राय ने कहा कि उनके लिए पहले आम कार्यकर्ता आम व्यक्ति है। हम सबसे पहले गाजीपुर शहीदों को धरती पर उन्हें नमन करने जा रहे हैं। शहीदों और बलिदानियों की धरती जहां हमारे वीरों को 1942 में झंडा फहराने पर गोलियों से शहीद किया गया था। उन्हें नमन करने जा रहा हूं। ये लगातार संघर्ष करने का परिणाम है कि आज यह पद मिला है। उन्होंने कहा कि मैं राहुल गांधी का सिपाही और कार्यकर्ता हूं, जो पूरी मजबूती के साथ भाजपा और नरेंद्र मोदी के खिलाफ लड़ा था। अब इसे चंदौली से गाजियाबाद तक लड़ा जाएगा। इससे पहले उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बनाए जाने के बाद अजय राय पहली बार अपने गृह जनपद वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे। एयरपोर्ट पहुंचते ही हजारों कार्यकर्ताओं ने अजय राय का ढोल-नगाड़े, फूल-माला और अंग वस्त्र के साथ स्वागत किया। कार्यकर्ताओं की भीड़ होने की वजह से भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। स्थिति कुछ ऐसी हो गई कि घेरा बनाकर खड़ी पुलिस और सीआईएसएफ के जवान को भी धक्का मारकर कांग्रेस कार्यकर्ता अजय राय के स्वागत के लिए आगे कूद पड़े। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए अजय राय ने कहा कि अजय राय ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने उन्हें 2014 में भी अहम जिम्मेदारी सौंपी थी। भाजपा ने उनके खिलाफ हर हथकंडा अपनाया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि न तो अजय राय तब झुका था और न ही आगे झुकेगा। अजय राय ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जो विश्वास किया है उस विश्वास को लेकर आम जनता में जाएंगे। अजय राय ने बताया कि 2014 और 2019 में जो जिम्मेदारी उनको दी गई थी उसे पर वह खरे उतरे हैं और हमेशा से अच्छा कार्य करके दिया है। इसी वजह से उनको यह जिम्मेदारी मिली है। कांग्रेस नेता ने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता और गांव-टोलों के कार्यकर्ता यहां खड़े हैं, कांग्रेस हर गांव में भाजपा को हराएगी, यह बिगुल बाबा विश्वनाथ और महादेव की धरती से बजा है। उन्होंने कहा कि न केवल 2024 बल्कि भविष्य के सभी चुनावों में कांग्रेस पार्टी का झंडा लहराएगा। राय ने कहा कि राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे और प्रियंका गांधी ने जो उनके ऊपर विश्वाश किया है, उस पर वे खरा उतरेंगे। राय 1996-2017 के बीच लगभग 20 वर्षों तक विधानसभा के सदस्य रहे और कांग्रेस में शामिल होने से पहले वह भाजपा और सपा में थे।

### बाढ़, बिजली गिरने ...

प्रदेश के 12 जिले और उत्तराखंड के सात जिले भी प्रभावित हुए हैं। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार इस अवधि में बाढ़ के कारण 892 लोग डूब गए जबकि बिजली गिरने से 506 लोगों की मौत हो गई वहीं भूस्खलन से 186 लोगों की मौत हो गई। मानसून के दौरान अन्य वजहों से कुल 454 लोगों की मौत भी हुई। बारिश, बाढ़, भूस्खलन और बिजली गिरने से गुजरात में 165 लोगों की मौत हो गई जबकि मध्य प्रदेश में 138; कर्नाटक और महाराष्ट्र में 107-107; छत्तीसगढ़ में 90 और उत्तराखंड में 75 लोगों की मौत हो गई। विभिन्न राज्यों में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की कुल 160 टीमें तैनात की गई हैं। आंकड़ों में कहा गया है कि हिमाचल प्रदेश में एनडीआरएफ की 17 टीमें तैनात की गई हैं जबकि महाराष्ट्र में 14; उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में 12-12;असम और पश्चिम बंगाल में 10-10 और उत्तराखंड में नौ टीमें तैनात की गई हैं।

### बम की ...

से पुणे के लिए रवाना होने वाली थी। उसमें यात्रियों के लगेज को रखा जा चुका था और यात्री भी उसमे सवार हो गए थे कि तभी उसमें बम की अफवाह उड़ी। इसके बाद वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार सर्च ऑपरेशन पूरा कर लिया गया है। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार जब तक सुरक्षा एजेंसियां मंजूरी नहीं देतीं तब तक विमान को उड़ने की इजाजत नहीं है। सुरक्षा एजेंसियों से अंतिम मंजूरी मिलते ही फ्लाइट पुणे के लिए रवाना होगी। पुणे के लिए करीब 100 से अधिक यात्री सवार हुए थे। फिलहाल एयरपोर्ट पर ही इंतजार कर रहे हैं और उन्हें टर्मिनल बिल्डिंग में ही खाने-पीने की चीजें उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### हाथी दांत जब्त ...

लिया गया था। पूछताछ के बाद ली गई तलाशी के दौरान उसके पास से हाथी के दांत जब्त किए गए। जब्त किए गए हाथी दांत का वजन ढाई किलोग्राम बताया गया है। इस सिलसिले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### एनडीआरएफ का...

बटालियन मुख्यालय पाटगांव में विभिन्न किस्मों के 1000 पौधे लगाए। दिनेश कुमार यादव, आईजी मुख्यालय गुवाहाटी फ्रंटियर बीएसएफ ने सैनिकों के साथ अभियान में भाग लिया।

### शिवपुरी जिले में ...

बाद उपनिरीक्षक रमाकांत उपाध्याय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दहशत गर्द ग्रामीणों को खेतों में पड़े गोलाकार वस्तु से दूर रहने की हिदायत देते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को मौका स्थल पर हुए घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। वहीं, किठोदा गांव के किसान देवेंद्र सिंह जाट पुत्र बदन सिंह जाट के खेतों में भी इसी प्रकार गोलाकार वास्तु गिरी जहां के लोगों में भी दहशत दिखाई दी। वहीं, बनियातौर और सिल्हा गांव के बीच सिल्हा गांव के निवासी किसान रामदास बाथम के खेत में भी इसी प्रकार का गोला गिरा है। जहां भितरवार थाना क्षेत्र के तीन स्थानों पर चमकदार गोला गिरने की घटना हुई है तो वही भितरवार ब्लॉक के सटे हुए शिवपुरी जिले के सीहोर थाना क्षेत्र के गांव बनियानी में बृजमोहन सिंह रावत के खेत के समीप पड़े शासकीय भूखंड पर भी गोला गिरने की सूचना प्राप्त हुई है। भितरवार प्रशासन की सूचना पर ग्वालियर की बम डिस्पोजल टीम के घटना स्थल पहुंच गई है। बम डिस्पोटल टीम ने गोलों को जब्त कर लिया है। उन्होंने अनुमान लगाया है कि सेटेलाइट में हाइड्रोजन से भरे फ्यूल सिस्टम से भरे होते हैं, जो कि हाइड्रोजन खत्म होने पर अपने आप गिर जाते हैं। घटना के संबंध में जब पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया का कहना है कि आसमान से कोई वस्तु गिरने की जानकारी मिली है जिसकी जांच विशेषज्ञों से कराई जा रही है। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि कोई वायुयान का पुर्जा हो सकता है या फिर अंतरिक्ष से आया कुछ और भी हो सकता है। सही स्थिति जांच के बाद ही पता चल सकेगी।

## महाराष्ट्र कैसीनो एक्ट को निरस्त करने को कैबिनेट की मंजूरी

**मुंबई ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में महाराष्ट्र कैसीनो एक्ट को निरस्त करने का फैसला लिया। इस फैसले को कैबिनेट ने एकमत से मंजूरी दी है। यह एक्ट 45 साल पहले पारित किया गया था लेकिन लागू नहीं हुआ था। राज्य सरकार ने महाराष्ट्र कैसीनो (नियंत्रण और कराधान) अधिनियम, 1976 पारित किया था। करीब 45 साल बाद भी इसे लागू नहीं किया जा सका था। इस अधिनियम को राज्य में कैसे लागू किया जाए, इस संबंध में वरिष्ठ स्तर पर पक्ष-विपक्ष पर चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया था कि महाराष्ट्र जैसे राज्य में इस प्रकार का कानून लागू नहीं किया जाना चाहिए।

**अपोलो हॉस्पिटल्स चेन्नई**
चेन्नई

**शिशु दमा ( अस्थमा ) व एलर्जी विशेषज्ञ**
**डॉ. ज्योति एस पार्थसारथी,** MD (Paed), Neonatal Fellow (Australia)
**गुवाहाटी में केवल परामर्श के लिए उपलब्ध होंगे**
**27 अगस्त, 2023 को**

जो शिशु मरीज संक्रामक रोगों से पीड़ित है, बचपन में हुए संक्रामकों, ब्रोंचिएल अस्था, एलर्जी, निरंतर बुखार,वजन में गिरावट, भूक की कमी, निद्रा में कमी, उचित विकास में कमी, हड्डी दर्द, पेट एवं पाचन में समस्ताएं, दर्द एब्डोमेन, बेड वीटिंग, एब्डोमेन समस्याओं से पीड़ित है वो अपना-अपना नाम रजिस्टर करा सकते हैं।

**APOLLO HOSPITAL INFORMATION CENTER**
Rajgarh Main Road, Opp-By Lane-10
**Ph : 8404037649, 0361-3102669, 0361-3102166**


**अपोलो हॉस्पिटल्स चेन्नई**
चेन्नई

**हड्डी रोग और स्पाइन विशेषज्ञ**
**डॉ. के अप्पाजी कृष्णन,** MBBS, D. Ortho, DNB Orthopaedics, Fellowhip in Spine Surgery
**गुवाहाटी में केवल परामर्श के लिए उपलब्ध होंगे**
**27 अगस्त, 2023 को**

जो मरीज सर्विकल (नाक) का इलाज, कमर के उपर लंबोसक्रैल (पीठ के नीचे) दर्द एवं उससे उत्पन्न समस्याएं अनुत्पादन फ्रैक्चर, संक्रामक स्पाइन के ट्यूमर्स, स्पाइन डीफॉरमिटी बच्चों और वयस्त में (स्कोलोसिस/काइफीसिस) था किसी स्पाइन समस्या से पीड़ित है, अपने-अपने नाम रजिस्टर करा सकते हैं।

**APOLLO HOSPITAL INFORMATION CENTER**
Rajgarh Main Road, Opp-By Lane-10
**Ph : 8404037649, 0361-3102669, 0361-3102166**

## स्वर्वेद भाष्य




**पंचम मंडल** **तृतीय अध्याय अध्याय**

**अथर्ववेद कांड-10, सूक्त-7 स्कम्भ का स्वरूप विषयक प्रश्नों के उत्तर**

**( 1 )**

**श्रद्धा ऋत व्रत तीन वे, वस विराज एक अंग।**
**आश्रित सब अस्कम्भ में, महिमा जासु अभंग॥ 01॥**

**शब्दार्थ :** (अंग) भाग (आश्रित) आधारित (महिमा) गौरव (अभंग) पूर्ण, अनंत।

**भाष्य :** श्रद्धा, ऋत और व्रत, ये तीनों विराज के एक अंग में निवास करते हैं। ये सब स्कंभ के आधार पर स्थित है। उस पूर्ण स्कंभ की अनंत महिमा है।

**( 2 )**

**सत्य तब अधर विराजता, एक अंग अस्कम्भ।**
**भेद रहस्य विवेक में, उत्तर गतिगम रम्भ॥ 02॥**

**शब्दार्थ :** (स्कम्भ) नि:शब्द, परम पुरुष (रम्भ) उत्तर (भेद रहस्य) मर्म भेद (विवेक) ज्ञान।

**भाष्य :** स्कंभ के एक अंग अधर में सत्य और तप विराजता है। ऊर्ध्व रंभ मार्ग द्वारा गमन करके अनुभव-भेद-रहस्य द्वारा इसका विवेक होता है।

## मॉब लिंचिंग : वन विभाग की टीम सहित अन्य पर युवक की पीट-पीटकर हत्या का आरोप

**अलवर( हि.स. )।** कोटपुतली-बहरोड़ जिले के हरसौरा थाना क्षेत्र में वन कर्मियों सहित कुछ लोगों पर पिकअप चालक की पीट-पीटकर हत्या का आरोप लगा है। घटना में मृतक के साथी दो युवक भी घायल हुए हैं। मृतक के पिता तैयब ने हरसोरा पुलिस थाने में 8-10 वन कर्मियों सहित 3-4 जेसीबी चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। तैयब ने बताया कि मेरा पुत्र वसीम लकड़ी काटने का काम करता है जोकि गुरुवार शाम को क्षेत्र के गांव रामपुर में लकड़ी खरीदने गया था। ग्रामीणों ने उसे सूचना दी कि वन विभाग की टीम यहां घूम रही है। कहीं आपकी की पर्ची न कट जाए। इससे आप लकड़ियों को कल सुबह भरकर ले जाना। इसपर टपूकड़ा निवासी वसीम पिकअप को लेकर साथी आसिफ और अजहरुद्दीन के साथ अपने गांव आने लगा। इसी दौरान वन विभाग की टीम ने पिकअप का पीछा किया एवं गांव नारोल के पास जेसीबी लगाकर रोक लिया। पीछे से आ रहे वन कर्मियों ने और जेसीबी में सवार लोगों ने मारपीट की जिसमें मेरा पुत्र वसीम उम्र 27 ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वन विभाग की टीम के पास धारदार हथियार थे। आशीष व अजरुदीन घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक वसीम के शव को कोटपुतली बीडीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया जिसका शुक्रवार को पुलिस की मौजूदगी में पोस्टमार्टम हुआ।

# 990.2 करोड़ रुपए की लागत से राज्य के 32 स्टेशनों का होगा पुनर्विकास



**गुवाहाटी।** पूर्वोत्तर और असम में रेल सुविधाओं में उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए 2023-24 के चालू बजट में 10,269 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। यह 2009-14 के दौरान 2,122 करोड़ रुपए के औसत आवंटन की तुलना में 384 फीसदी अधिक है। देश के बाकी हिस्सों के चयनित रेलवे स्टेशनों के साथ, असम के 32 रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 990.2 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्विकसित किया जाएगा। इन पुनर्विकसित स्टेशनों से असम के रेलवे उपयोगकर्ताओं को अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इन स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशाल रूफ प्लाजा, रिटायरिंग रूम, फूड कोर्ट और वेटिंग रूम जैसी सुविधाएं होंगी। दिव्यांगजन-अनुकूलित रैंप और लिफ्ट एवं एस्केलेटर जैसी अन्य आधुनिक सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। आने-जाने वाले वाहनों को पृथकीकरण करने के साथ बेहतर पार्किंग सुविधाओं की भी व्यवस्था रहेगी। असम के पर्यावरणीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए इन स्टेशनों को ग्रीन बिल्डिंग के रूप में पुनर्विकसित किया जाएगा और सौर ऊर्जा एवं जल संरक्षण प्रणाली की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा, पुनर्विकसित स्टेशन राज्य के प्रमुख शहरों के बीच एक महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी स्थापित करेंगे। यह आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे राज्य में रोजगार सृजन होगा। असम के 32 स्टेशनों में धुबड़ी, फकिराग्राम जंक्शन, कोकराझार, गोसाइगांव हाट, गौरीपुर, लामडिंग जंक्शन, न्यू हाफलंग, डिफू, चापरमुख जंक्शन, जागीरोड, सरूपथार, नारंगी, होजाई, लंका, न्यू करीमगंज जंक्शन, अरुणाचल, रंगापाड़ा नॉर्थ जंक्शन, न्यू बंगाईगांव जंक्शन, रंगिया जंक्शन, मरियानी, डिब्रुगढ़, जोरहाट टाउन, माकुम जंक्शन, मार्घेरिटा, आमगुड़ी, नाहरकटीया, तिनसुकिया, दुलियाजान, शिमलगुड़ी, न्यू तिनसुकिया, नामरूप और शिवसागर टाउन हैं। विदित हो कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 06 अगस्त, 2023 को देश भर में कुल 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी थी। इस अवसर पर पूर्वोत्तर राज्यों के बारे में प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि लाइनों के दोहरीकरण, गेज परिवर्तन, बिजलीकरण और नए रूटों पर तेजी से कार्य चल रहा है। जल्द ही पूर्वोत्तर के सभी राज्यों की राजधानियां रेलवे नेटवर्क से जुड़ जाएंगी। उन्होंने आगे कहा कि पूर्वोत्तर में नई लाइनें चालू करने का कार्य तीन गुना बढ़ गया है। इस आशय की जानकारी रेलवे के मुख्य जनसंवर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने एक प्रेस विज्ञप्ति के जरिए दी।

# गिरफ्तार पीडब्ल्यूडी अभियंता के घर में छापामारी, 50 लाख की बरामदगी



**डिमा हसाउ ( हि.स. )।** गुरुवार को राज्य के विजिलेंस एंड एंटी करप्शन निदेशालय की टीम द्वारा गिरफ्तार किए गए पीडब्ल्यूडी हाफलोंग डिवीजन के कार्यकारी अभियंता मनुज कुमार सैकिया के घर की आज ली गई तलाशी के दौरान 45 लाख 54 हजार 385 रुपए नकद बरामद की गई है। आज सुबह से ही विजिलेंस की टीम उनके घर का चप्पा चप्पा छान रही थी। बिस्तर के अंदर से लेकर घर के तमाम जगहों पर रुपए ही रुपए थे। समाचार लिखे जाने तक विजिलेंस की टीम की तलाशी जारी है। उल्लेखनीय है कि राज्य में सरकारी कर्मचारयों के भ्रष्टाचार के विरुद्ध मुहिम जारी है। विजिलेंस एंड एंटी करप्शन की टीम प्रत्येक दिन किसी न किसी कर्मचारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ रही है। कल गुरुवार को इसी सिलसिले में मनुज सैकिया समेत तीन लोग गिरफ्तार किए गए थे।

# ड्रग्स तस्कर को लोगों ने पकड़कर सौंपा पुलिस को



**नगांव ( हि.स. )।** नगांव जिले के बटद्रवा क्षेत्र के हातीजुजुवा के लोग नशे के खिलाफ उतर आए हैं। पुलिस द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार जाजरी थाना के तहत हतीजुजुवा गांव के लोगों ने ड्रग्स तस्करी में लंबे समय से शामिल जहीरुल इस्लाम नामक एक ड्रग्स तस्कर को पकड़ लिया। लोगों ने स्थानीय ग्राम रक्षक की मदद से जहीरुल को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह ड्रग्स बेचने के लिए अपने घर से बाहर जा रहा था। जानकारी के मुताबिक जब जहीरुल को स्थानीय लोगों ने पकड़ने की कोशिश की तो वह भागने लगा। लेकिन, लोगों ने उसको खदेड़कर पकड़ लिया। पकड़ने के बाद उसकी ठीक से पिटाई की और बाद में उसे जाजरी पुलिस को सौंप दिया। लोगों में इस बात को लेकर निराशा है कि भले ही तस्कर को जनता पकड़कर पुलिस के हवाले कर दे, लेकिन ये ड्रग्स तस्कर कम समय में ही बाहर आ जाते हैं और फिर से ज्यादा जोश के साथ ड्रग्स बेचते हैं। गिरफ्तार होने से ड्रग्स तस्करों को जैसे कोई फर्क पड़ता ही नहीं हो। लोगों ने कहा है कि सरकार को इस दिशा में गंभीरतापूर्वक सोचना चाहिए।

# धुबड़ी में 15 गायों के साथ ट्रक जब्त

**धुबड़ी ( हि.स. )।** धुबड़ी में बड़े पैमाने पर मवेशियों की अवैध तस्करी जारी है। धुबड़ी के छगलिया में ट्रक के साथ गायों को फिर से जब्त किया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 17 पर एक ट्रक (एएस-17सी-5620) पर लादे गए 15 गायों को जब्त किया गया। छगलिया थाना प्रभारी हीरक ज्योति दास के नेतृत्व में गुरुवार की रात मवेशियों से लदे अल्ट्रा ट्रक को जब्त किया गया। पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल से गौरीपुर की ओर जाने वाले इस ट्रक को छगलिया में राष्ट्रीय राजमार्ग 17 पर एक नियमित तलाशी पर तैनात पुलिस ने ट्रक को रोकने का आदेश दिया। लेकिन, पुलिस के आदेश को धता बताते हुए ट्रक तेज रफ्तार से फरार हो गया। बाद में जैती दास के नेतृत्व में छगलिया पुलिस ने ट्रक का पीछा किया। लेकिन चालक और तस्कर छागलिया उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 17 पर ट्रक को रोककर भाग गए। गाय के साथ ट्रक को वहां से जब्त कर लिया गया और पुलिस स्टेशन ले जाया गया। गायों को रात में थाने में रखने की व्यवस्था की गई।

# मायुमंबीएसएस ने हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**गुवाहाटी।** मारवाड़ी युवा मंच बेलटोला शिखर शाखा (मायुमंबीएसएस) ने राउंड टेबल-363 के सहयोग से लक्खी मंदिर परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का जश्न मनाया। इस वर्ष हमने 77वां स्वतंत्रता दिवस गरिमा और सम्मान के साथ बहुत धूमधाम से मनाया। समारोह सुबह 9:30 बजे हमारे युवा सदस्यों, राउंडटेबल सदस्यों, मंदिर समिति के सदस्यों और स्थानीय लोगों की भीड़ के साथ शुरू हुआ। पूरे मंदिर को ट्राई कलर थीम से खूबसूरती से सजाया गया था। आज समारोह में आमंत्रित मुख्य अतिथि नेहा पटवारी, (अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच, रक्त संयोजक), सुभाष सुराणा, (महासचिव, पीपीएमवाईएम), राहुल चमरिया, (रक्त संयोजक, पीपीएमवाईएम) और प्रकाश जी पटवारी थे। विशेष समारोह की शुरुआत नेहा जी पटवारी, सुभाष जी सुराना, राहुल जी चमरिया और संदीप जी पोद्दार द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई और इसके बाद राष्ट्रगान गाया गया। इसके बाद, मुख्य अतिथियों, एमवाईएमबीएसएस अध्यक्ष, सचिव, राउंडटेबल 363 के अध्यक्ष और मंदिर समिति ने क्रमश: अपना



प्रेरक भाषण दिया और हमारे पूर्वजों और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। एमवाईएमबीएसएस अध्यक्ष ने कार्यक्रम की व्यवस्था के लिए समारोह परियोजना अध्यक्ष युवा अंकित सिंघल, संयोजक युवा अमित अग्रवाल और युवा मनीष शर्मा को धन्यवाद दिया। संयोजक सहित मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों एवं लोगों के बीच मिठाई का डिब्बा, चॉकलेट एवं जूस का वितरण किया गया। वहीं प्रभा देवी हिंदी स्कूल में भी लगभग 70 डिब्बा मिठाई व जूस का वितरण किया गया।

# गुवाहाटी में बरामद हुआ शव

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** गुवाहाटी में एक बार फिर एक शव बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार शव मालीगांव के रेलवे बाजार में मिला। शव की पहचान फुटपाथ पर रहने वाले एक व्यक्ति के रूप में हुई है। हालांकि अभी तक मृतक की विशेष पहचान नहीं हो पाई है। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची मालीगांव थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस शख्स की मौत क्यों और कैसे हुई इसको लेकर अब तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस इस संदर्भ में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# तीन दिवसीय इंटकॉन एक्सपो गुवाहाटी 2023 का हुआ उद्घाटन



**गुवाहाटी।** तीन दिवसीय (18 से 20 अगस्त) इंटकॉन एक्सपो (14वां संस्करण) गुवाहाटी 2023 का उद्घाटन किया गया। यह एक अनूठे इंटीरियर और कंस्ट्रक्शन बी2बी एक्सपो के रूप में आशीअप्सरा, पल्टनबाजार में आयोजित किया जा रहा है। यह निर्माताओं, थोक विक्रेताओं, वितरकों, डीलरों, समाधान प्रदाताओं और अंतिम-उपयोगकर्ताओं के बीच रणनीतिक कनेक्शन को बढ़ावा देने वाला पूर्वोत्तर भारत का एकमात्र बी2बी एक्सपो है। एक्सपो में लगभग 60 से अधिक प्रसिद्ध राष्ट्रीय ब्रांड अपने उत्पादों का प्रदर्शन करते हुए भाग ले रहे हैं। एक्सपो का उद्घाटन आंतरिक और निर्माण क्षेत्र के कई व्यापार निकायों और संघों द्वारा किया गया था। एक्सपो को सेनेटरी एंड हार्डवेयर मर्चेंट एसोसिएशन, गुवाहाटी और बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया का समर्थन प्राप्त है। इस अवसर पर बोलते हुए, आयोजक एक्जिबिटोर्ग प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक जयंत सरकार ने कहा कि ऐसी प्रदर्शनियां एक नितांत आवश्यक हैं और वे निर्माण और डिजाइन उद्योग को बड़े पैमाने पर मदद करेंगी।

# भारतीय अटल सेना महिला मोर्चा ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि



**गुवाहाटी 17 अगस्त।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर भारतीय अटल सेना महिला मोर्चा की ओर से श्रद्धांजलि देकर देशहित में उनके अवदानो को याद किया गया। संस्था की ओर से फटासिल स्थित श्री जलाराम बापा मंदिर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि के रूप में जीएमसी 15 नंबर वार्ड के पार्षद सौरभ झुंझनूवाला मौजूद रहे। प्रांतियां अध्यक्ष संतोष शर्मा ने अपने संक्षेप संबोधन में कहा की अटल जी द्वारा दिखाए गए आदर्शो पर हम सबको चलना हैं और अपने राष्ट्रीय का मान बढ़ाना हैं। इस दौरान संस्था की ओर से बच्चों को जूस, बिस्कुट, चॉकलेट, मिठाई, चिप्स के साथ खीर पुरी का भोजन भी कराया गया। पार्षद झुनझुनवाला ने कहा की अटल जी के बारे में बोलना जैसे सूरज को दीया दिखाने जैसा होगा। वे अपने आप में महान थे। ऐसी शख्सियत भारतीय राजनीति में शायद ही देखने को मिलेगी। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष संतोष शर्मा, डिंपल शर्मा, शांति कुंडलिया, गुलाब दुगड, मधु लूणीया, ज्योति जोधानी, सरोज शर्मा, माया शर्मा, संतरा देवी शर्मा, रेखा गोयल, रिंकी बंसल आदि सदस्याए उपस्थित थी। इस अवसर पर मंदिर की व्यवस्थापिका रंजन बेन व्यास का भी उनके अवदानों के लिए संस्था की ओर से अभिनंदन किया गया।

# श्रीमंत शंकरदेव संघ के अधिवेशन के संयोजन में पुस्तक मेला और प्रदर्शनी का आयोजन



**रंगिया ( नि.सं. )।** श्रीमंत शंकरदेव संघ के 93वां वार्षिक अधिवेशन आगामी 9, 10 और 11 फरवरी, 2024 को रंगिया महकमा के अंतर्गत मोरानजना वोइरार हाती थोला पथार के श्रीमंत शंकरदेव समन्वय क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। संघ के रंगिया जिला शाखा के भगत बैष्णव सहित सभी श्रेणी के लोग अधिवेशन की प्रस्तुति को लेकर तैयारी के लिए पूरे मनोयोग से काम कर रहे है। अधिवेशन के संयोजन में स्वागत समिति द्वारा एक पुस्तक मेला और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। लगभग 1000 पुस्तक विपणन के लिए स्वागत समिति द्वारा स्थान निर्धारित किया गया है। जिसके लिए इच्छुक व्यक्तियों को आगामी 15/9/2023 से पहले अपना आवेदन कर सकते है यह जानकारी श्रीमंत शंकरदेव संघ के 93 वें वार्षिक अधिवेशन के मुख्य सचिव द्वारा एक सूचना द्वारा दी गई है।

# रंगिया अभामामस द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन



**रंगिया ( निस )।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की रंगिया शाखा द्वारा पुरुषोत्तम महीने के पावन अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रंगिया पौरसभा कार्यालय प्रांगण में शाखा अध्यक्ष प्राची सिकरिया और सचिव अरुणा अग्रवाल के नेतृत्व में शाखा सदस्याओं ने उपस्थित होकर पौरसभा के अध्यक्ष अमरेंद्र लहकर और उपाध्यक्ष विद्युत डेका को फुलाम गामोछा से सम्मानित किया। वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम के अंश स्वरूप पौरसभा में कार्यरत 50 से भी अधिक सफाई कर्मियों को विभिन्न खाद्य सामग्रियां प्रदान की। इस मौके पर रंगिया पौरसभा के अंतर्गत वार्ड पार्षद उत्तम पाल, गुंजन दास, रंगिया पौरसभा के नव नामित सदस्य दिनेश अग्रवाल, अभियंता बसंत डेका और बहुत से अधिकारियों सहित सम्मेलन की सुषमा सिकरिया, सुमन अग्रवाल, लक्ष्मी जाजोदिया, सुधा जैन और मीरा जैन उपस्थित रहे जिनका बहुमूल्य सहयोग रहा।

# फैंसीड्रिल की 6100 बोतलों के साथ एक गिरफ्तार



**करीमगंज ( हि.स. )।** नशा के विरुद्ध करीमगंज पुलिस का अभियान जोरदार तरीके से चल रहा है। आज गोपनीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर करीमगंज जिले की चुराईबारी थाना पुलिस ने असम-त्रिपुरा सीमा पर एक वाहन को रोका और वाहन के गुप्त कक्ष से कोडेइन फॉस्फेट कफ सिरप फैंसीड्रिल की कुल 6100 बोतलें बरामद की। इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। ज्ञात हो कि प्रत्येक दिन करीमगंज पुलिस द्वारा भारी मात्रा में ड्रग्स पकड़े जा रहे हैं और बड़ी संख्या में इस कारोबार से जुड़े तस्करों को गिरफ्तार किया जा रहा है।

# करीमगंज पुलिस ने खोए हुए मोबाइल लोगों को लौटाए

**करीमगंज ( हि.स. )।** करीमगंज पुलिस खोए हुए मामले की जांच कर रही है। खोए हुए फोन को बरामद कर रही है और उन्हें सही मालिकों को लौटा रही है। आज करीमगंज पुलिस ने कई लोगों को उनके खोए हुए मोबाइल लौटाए। ज्ञात हो कि राज्य में पुलिस अपराध के विरुद्ध जोरदार अभियान चला रही है। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में मोबाइल फोन अब तक बरामद किए गए हैं। मोबाइल खोने से निराश हो चुके लोगों को मोबाइल मिल जाने को लेकर काफी खुशी है। खोया हुआ मोबाइल प्राप्त करने वाले कई लोगों ने कहा की असम में पुलिस प्रशासन नाम की कोई चीज है वह अभी ही दिख रहा है।



# भाजपा की मौलिक ताकत उसके कार्यकर्ता : प्रधानमंत्री




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा की मौलिक ताकत उसके कार्यकर्ता हैं। उन्होंने पार्टी से जुड़े पंचायत सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्रों में सामाजिक समस्याओं को हल करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने दादर और नागर हवेली और दमन और दीव में आयोजित भाजपा क्षेत्रीय पंचायत परिषद को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा, भारतीय जनता पार्टी की जो मूलभूत शक्ति है, वह उसका कार्यकर्ता है और कार्यकर्ता एक ऐसा पद है (भाजपा में) जो जीवन भर हमारे साथ रहता है। प्रधानमंत्री ने भाजपा के जिला अध्यक्ष, जिला महासचिव को सुझाव दिया कि कैसे संगठन कार्यकताओं की मदद से आप अपनी परफॉर्मेंस को बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि साल भर में हमें 4-5 अवसर ऐसे निकालने चाहिए, जिसमें सरकार के नेतृत्व में, पंचायत के नेतृत्व में पूरे जिले का जन सामान्य उससे जुड़ जाए। प्रधानमंत्री ने सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्रों में विकास के बारे में अपडेट साझा करने के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि आप सभी एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं और एक-दूसरे के संपर्क में रहें। दूसरों को बताएं कि आपके जिले में क्या (विकास) हो रहा है और दूसरों के बारे में भी जानें। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि हमारे साथ हजारों की तादाद में जो हमारे पंच, सरपंच और जिला के सदस्य हैं उनका भी अभ्यास वर्क चल रहा है। ये सब हम चुनाव जीतने के लिए नहीं कर कर रहे हैं। ये सब हम इसलिए कर रहे है ताकि 2047 में हम विकसित भारत बना सकें। प्रधानमंत्री ने देश में गांवों और जिलों के विकास के लिए सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हम संगठन, मूल्यों और समर्पण में विश्वास करते हैं और हम सामूहिकता के संस्कारों के साथ सामूहिक जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ते हैं और हमें दी गई जिम्मेदारी के लिए अपनी क्षमता और अपने कौशल को लगातार बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि विकास व्यक्तिगत और क्षेत्रीय दोनों स्तरों पर होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती शिखर पर जितनी है उससे ज्यादा नींव पर होती है।

हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं की नींव जितनी मजबूत होगी, पल-पल लोकतंत्र को हम जीते होंगे। हम जनसमर्थन अधिक से अधिक प्राप्त करेंगे, हम नई बुलंदियों को प्राप्त करेंगे। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा 30,000 से अधिक जिला पंचायत भवन बनाए गए हैं। पहले 70 हजार करोड़ रुपये का अनुदान मिलता था, आज वह 3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है। हम 30 हजार से ज्यादा नए जिला पंचायत भवन बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को लाल किले से मैंने एक बात कही थी 'पीएम विश्वकर्मा योजना'। 13 हजार करोड़ रुपये का एक प्रारंभिक बजट बनाया और पीएम विश्वकर्मा योजना को मंजूरी दी। 17 सितंबर को एक बड़ा समारोह करके इस योजना को आगे बढ़ाने वाले हैं। इससे 30 लाख परिवारों को लाभ मिलेगा।

# दिसंबर तक हमारे जवान पांच करोड़वां पौधा लगाने का लक्ष्य भी करेंगे हासिल : अमित शाह



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा स्थित सीआरपीएफ के ग्रुप सेंटर में शुक्रवार को चार करोड़वां पौधा लगाने के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि इस साल के अंत तक हमारे जवान पांच करोड़वां पौधा लगाने का लक्ष्य भी पूरा करेंगे। गृहमंत्री शाह ने पौधा लगाने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम पर्यावरण के प्रति संवेदनशील हैं। हमारे जवान देश को हरा-भरा बनाने का अभियान चला रहे हैं। यह अपने आप में विशेष कार्य है। उन्होंने कहा कि जब तीन वर्ष पूर्व उन्होंने इस अभियान की शुरूआत की थी तो लोगों को भरोसा नहीं हो पा रहा था कि हम कर पाएंगे, लेकिन हमारे जवानों ने चार करोड़ पौधा लगाकर नया इतिहास रचा है। हम इसी वर्ष के अंत तक पांच करोड़वां पौधा लगाएंगे। शाह ने कहा कि हमारे सीआरपीएफ के जवान देश को हर मोर्चे पर सुरक्षा दे रहे हैं साथ ही पौधरोपण कर पर्यावरण की रक्षा भी कर रहे हैं। इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं।

# डीसीडब्ल्यू ने दिल्ली से मुंबई की उड़ान में यौन उत्पीड़न मामले में जारी किया नोटिस

**अजय त्यागी**



**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने विमान में कथित यौन उत्पीड़न की एक घटना पर दिल्ली पुलिस और डीजीसीए को नोटिस जारी किया है। डीसीडब्ल्यू ने विमान में एक यात्री द्वारा कथित यौन उत्पीड़न के संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर प्रसारित एक वीडियो पर स्वतः संज्ञान लिया है। यह घटना 16 अगस्त को दिल्ली से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाली स्पाइसजेट फ्लाइट में हुई बताई जाती है। वायरल वीडियो में आरोप है कि एक यात्री एक महिला फ्लाइट अटेंडेंट और अपनी महिला सहयात्री की अश्लील तस्वीरें खींचने की कोशिश कर रहा था। बताया गया है कि जब उसके मोबाइल फोन की जांच की गई तो उसके मोबाइल में विमान में सवार महिलाओं की आपत्तिजनक तस्वीरें मिलीं। स्वाति मालीवाल ने मामले में आईजीआई एयरपोर्ट के पुलिस उपायुक्त और महानिदेशक, डीजीसीए को नोटिस जारी किया है।

आयोग ने दिल्ली पुलिस से इस मामले में की गई गिरफ्तारी समेत एफआईआर का ब्योरा मांगा है। साथ ही आयोग ने डीजीसीए से पूछा है कि क्या यह मामला कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के तहत आंतरिक शिकायत समिति या किसी अन्य समिति को भेजा गया है। डीसीडब्ल्यू ने यात्री के खिलाफ की गई कार्रवाई का ब्योरा मांगा है। आयोग ने दिल्ली पुलिस और डीजीसीए से 23 अगस्त तक की गई कार्रवाई रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा है।

स्वाति मालीवाल ने कहा, उड़ानों में यौन उत्पीड़न की शिकायतें बढ़ रही हैं। यह अस्वीकार्य है। इस विशेष मामले में एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए और मामले की गहन जांच की जानी चाहिए और दोषियों को दंडित किया जाना चाहिए। डीजीसीए को उड़ानों में यौन उत्पीड़न के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी चाहिए और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।"

# उत्तराखंड में बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, 03 बॉर्डर सहित 255 सड़कें अवरुद्ध

**– राज्य में 22 अगस्त तक येलो और आरेंज अलर्ट जारी**



**देहरादून, (हि.स.)।** उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पर्वतीय जनपदों में भूस्खलन और पहाड़ चटकने से राज्य में 03 बॉर्डर मार्ग सहित 255 सड़कें अवरुद्ध हैं, जिन्हें खोलने का कार्य जारी है। वहीं मौसम विभाग ने राज्य में 22 अगस्त तक के लिए बारिश को लेकर येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। देहरादून सहित राज्य के कई स्थानों पर बीती देर रात जमकर बारिश हुई। बारिश का यह क्रम रूक-रुक कर जारी है। शुक्रवार सुबह देहरादून में हल्की बारिश के बीच कुछ समय के लिए सूर्यदेव दिखाई दिए। इसके बाद आसमान में बादल छा गए। बारिश से ऋषिकेश क्षेत्र के श्यामपुर, अम्बेहोम सोसायटी गंगानगर सहित कई स्थानों पर जलभराव को देखने को मिला। देर रात हुई बारिश से कालूवाला जंगल से पानी बहुत अधिक आने से घरों में पानी घुस गया है। आपदा कंट्रोल रूम देहरादून से सूचना मिलने पर एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य में जुटी। जेसीबी की सहायता से पानी की निकासी का रास्ता बनाया गया। राज्य में भारी बारिश से देहरादून जिले में गंगा नदी (त्रिवेणी घाट) 338.98, हरिद्वार में गंगा 292.60 और यमुना नदी (डाकपत्थर) 454.60 व टोंस नदी (इच्छादी) 643.50 जल स्तर (मीटर) पर बह रही है। टिहरी बांध का अधिकतम जलस्तर 830 मीटर है। मौसम विभाग की ओर से जारी पूवार्नुमान में शुक्रवार को प्रदेश के सभी जिलों में गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य में 19 और 20 अगस्त को उधम सिंह नगर, हरिद्वार को छोड़कर शेष 11 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी है। 21 अगस्त को देहरादून, पौड़ी, बागेश्वर, नैनीताल और 22 अगस्त को चमोली, देहरादून, पौड़ी, बागेश्वर, नैनीताल जिले के ऑरेंज और अन्य जिलों में येलो अलर्ट की चेतावनी है। प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से मार्गों के अवरुद्ध होने का सिलसिला जारी है। पिथौरागढ़ जिले में 03 बॉर्डर और 20 राज्य मार्ग सहित लगभग 255 सड़कें अवरुद्ध हैं। बंद सड़कों को खोलने का कार्य जारी है।

**प्रभावित परिवारों को सहायता राशि वितरित** – इधर, मंत्री गणेश जोशी ने न्यू कैंट रोड स्थित कैंप कार्यालय में बीते दिनों देहरादून में भारी बारिश से हुए मकानों को आंशिक नुकसान को लेकर जिला प्रशासन के सहयोग से 14 परिवारों को सहायता राशि के चेक प्रदान किए। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रभावितों के साथ हर संभव मदद के लिए खड़ी है और उनकी हर संभव मदद की जाएगी।


**इन प्रभावितों को मिला चेक** – रेखा, चेतराम, किशन, हीरा बहादुर थापा, माया थापा, लक्ष्मी, वीर बहादुर थापा, सुमन देवी, गीता देवी, पूजा देवी, शोभा देवी, दुर्गा, रोहित, मंजू आदि लोगों को चेक प्रदान किए गए।

# दिल्ली-पुणे फ्लाइट में बम की अफवाह, सभी यात्रियों को उतारा गया

**आशीष वर्मा**


**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट पर एयरलाइन कंपनी विस्तारा की दिल्ली-पुणे रूट की फ्लाइट में शुक्रवार को बम होने की धमकी मिली। इसके मद्देनजर सभी यात्रियों को उनके सामान सहित उतारा गया और एयरपोर्ट के आइसोलेशन-वे में विमान का निरीक्षण किया गया, लेकिन विमान में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। सीआईएसएफ और दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। सीआईएसएफ और दिल्ली पुलिस के मुताबिक जीएमआर कॉल सेंटर को फ्लाइट में बम होने की कॉल मिली थी। जिस फ्लाइट के अंदर बम की कॉल मिली थी, वह यूके 971 नम्बर की है। यह फ्लाइट सुबह 8:30 बजे दिल्ली से पुणे के लिए रवाना होने वाली थी। उसमें यात्रियों के लगेज को रखा जा चुका था और यात्री भी उसमे सवार हो गए थे कि तभी उसमें बम की अफवाह उड़ी। इसके बाद वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार सर्च ऑपरेशन पूरा कर लिया गया है। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार जब तक सुरक्षा एजेंसियां मंजूरी नहीं देतीं तब तक विमान को उड़ने की इजाजत नहीं है। सुरक्षा एजेंसियों से अंतिम मंजूरी मिलते ही फ्लाइट पुणे के लिए रवाना होगी। पुणे के लिए करीब 100 से अधिक यात्री सवार हुए थे। फिलहाल एयरपोर्ट पर ही इंतजार कर रहे हैं और उन्हें टर्मिनल बिल्डिंग में ही खाने-पीने की चीजें उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# हिमाचल आपदा: छत्तीसगढ़ वासियों की ओर से 11 करोड़ की सहायता, सीएम बघेल ने की घोषणा



**रायपुर, (हि.स.)।** देवभूमि हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और भूस्खलन से आई विपदा की स्थिति में पीड़ित लोगों की मदद के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ वासियों की ओर से 11 करोड़ रुपये की सहायता राशि की घोषणा की है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को कहा कि हिमाचल में भीषण प्राकृतिक विपदा आई है। ऐसे में हम सभी छत्तीसगढ़ वासी हिमाचल के लोगों के साथ खड़े हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कल ही हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से फोन पर चर्चा की थी तथा हिमाचल प्रदेश के हालात की जानकारी ली थी। मुख्यमंत्री बघेल ने उनसे कहा कि पूरा देश, हिमाचल प्रदेश के लोगों के साथ खड़ा है। हम सब सामूहिक एकजुटता के साथ आपदा का सामना करेंगे और सामान्य स्थिति की बहाली के लिए कार्य करेंगे।


# ड्रग्स मामले में फरार पंजाब पुलिस के बर्खास्त एआईजी राजजीत सिंह भगोड़ा करार



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** ड्रग्स मामले में फरार पंजाब पुलिस के बर्खास्त असिस्टेंट इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (एआईजी) राजजीत सिंह को कोर्ट ने भगोड़ा घोषित कर दिया गया है। शुक्रवार को मोहाली की जिला अदालत ने एआईजी को भगोड़ा करार दिया है। कोर्ट ने पिछले माह राजजीत सिंह के खिलाफ इश्तिहार लगाने की इजाजत दी थी। पंजाब पुलिस ने एआईजी राजजीत के खिलाफ ड्रग्स मामले में केस दर्ज किया है। इसके बाद से ही फरार होने के बाद से उनकी तलाश के लिए पुलिस ने लुकआउट सर्कुलर भी जारी किया है। बर्खास्त एआईजी की धरपकड़ के लिए एसटीएफ और पंजाब पुलिस ने प्रदेश समेत अन्य राज्यों में छापमारी की, लेकिन लंबे समय से उसका कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। राजजीत सिंह पर कई जिलों में एसएसपी रहते हुए ड्रग्स तस्करों से सांठगांठ का आरोप है। एआईजी पर तरनतारन में एसएसपी रहते हुए नशे के मामलों की जांच हेड कांस्टेबल इंद्रजीत से करवाने का आरोप है। यह भी दावा किया जा रहा है कि एआईजी की मदद करने वाले अधिकारियों की जानकारी पंजाब सरकार के पास है, लेकिन जांच जारी होने के चलते इन नामों को सार्वजनिक नहीं किया गया। राजजीत सिंह को आपराधिक साजिश, रिकॉर्ड में हेराफेरी व जबरन वसूली की धाराओं के तहत भी नामजद किया गया है। मोहाली कोर्ट ने 1 जुलाई को राज्य की पुलिस को ड्रग तस्करी और भ्रष्टाचार से जुड़े केस में फरार चल रहे राजजीत सिंह के खिलाफ इश्तिहार लगाने की इजाजत दी थी।

# दिल्ली दंगा: उमर खालिद की जमानत याचिका पर दो हफ्ते के लिए सुनवाई टली

**राकेश शर्मा**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली दंगा मामले में आरोपित उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई टाल दी है। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला त्रिवेदी की बेंच ने जमानत पर दो हफ्ते बाद सुनवाई करने का आदेश दिया। नौ अगस्त को जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा ने उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। 18 मई को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। इससे पहले 18 अक्टूबर 2022 को दिल्ली हाई कोर्ट ने उमर खालिद की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा दिसंबर 2019 और फरवरी 2020 के बीच हुई बैठकों का नतीजा थी, जिनमें उमर खालिद भी शामिल हुआ था। उमर खालिद का नाम साजिश की शुरूआत से लेकर दंगा होने तक आता रहा। उमर खालिद व्हाट्सऐप ग्रुप डीपीएसजी और मुस्लिम स्टूडेंट्स ऑफ जेएनयू का सदस्य था। उमर खालिद ने कई बैठकों में हिस्सा लिया। हाई कोर्ट ने कहा कि अगर चार्जशीट पर भरोसा किया जाए तो ये साजिश की ओर साफ-साफ इशारा कर रहे हैं। हाई कोर्ट ने कहा कि विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र में होने वाले आम राजनीतिक प्रदर्शन की तरह नहीं था बल्कि ये एक खतरनाक था, जिसके गंभीर परिणाम हुए। पुलिसकर्मियों और महिला प्रदर्शनकारियों पर हमला किया गया, जिससे इलाके में दंगा फैला, जो कि निश्चित रूप से एक आतंकी कार्रवाई थी।

# कर्नाटक सरकार ने मंदिरों के नवीनीकरण और विकास के लिए धन रोका

**बेंगलुरु (ईएमएस)।** कांग्रेस के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार द्वारा मंदिरों के नवीनीकरण और विकास कामों के लिए धन जारी करना बंद करने के फैसले की हिंदू संगठनों और भाजपा ने निंदा की है। कांग्रेस सरकार के फैसले के संबंध में राज्य के हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग द्वारा एक आदेश पारित किया गया है, इस सभी जिला आयुक्तों को जारी किया जा चुका है। आदेश में कहा गया है कि अगर मंदिरों में जीर्णोद्धार का काम नहीं किया गया, तब फंड जारी नहीं किया जाएगा, साथ ही अगर 50 फीसदी फंड जारी करने की प्रशासनिक मंजूरी दी गई है, तब उसे भी रोक दिया जाए। आदेश में कहा गया है कि अगर प्रशासनिक मंजूरी का कोई प्रस्ताव है, तब उस भी रोका जाना चाहिए। इसकी आलोचना करते हुए, मुजराई और वक्फ के पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक शाहीकला जोले ने कहा, मैं मंदिरों के लिए धन रोकने के सरकार के कदम की निंदा करता हूं। कांग्रेस सरकार को मंदिरों को पूर्वाग्रहपूर्ण मानसिकता से नहीं देखना चाहिए। पिछली भाजपा सरकार के दौरान आवंटित धनराशि जारी करना सरकार और मंत्री का कर्तव्य है। कर्नाटक सरकार को फैसला वापस लेना चाहिए। मंदिरों का विकास किया जाना चाहिए। यदि नहीं, तब सरकार को तीव्र विरोध का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, भारतीय संस्कृति में मंदिरों का बहुत महत्व है। भाजपा कार्यकाल के दौरान मंदिरों और धार्मिक केंद्रों के नवीनीकरण के लिए धन जारी किया गया था।

# महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष का बयान.... शरद पवार पीएम मोदी के दृष्टिकोण का समर्थन करेंगे



**मुंबई (ईएमएस)।** महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने विश्वास जताया है कि राकांपा संस्थापक शरद पवार एक दिन भारत को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण का समर्थन करने वाले हैं। बावनकुले ने कहा कि एक दिन अवश्य ही पवार केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि वह आज भले ही हमारे साथ नहीं आना चाहते लेकिन उन्हें एक दिन अवश्य ही यह अहसास होगा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत मजबूत और आत्मनिर्भर बन रहा है। बावनकुले ने कहा कि जित पवार महाराष्ट्र सरकार में शामिल होकर राज्य के हित में काम कर रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार पूरे राज्य का दौरा कर जनता के हित में कदम उठा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से परिवारवाद के मुद्दे को बार-बार उठाने पर उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी का रुख यही है कि सांसदों और विधायकों के परिजनों को ही अन्य चुनावों में उम्मीदवार बनाने की जगह पार्टी के प्रतिबद्ध कार्यकताओं को सेवा का अवसर मिलना चाहिए। इसके अलावा शरद और अजित के बीच बार-बार हो रही बैठकों के बारे में कहा कि शरद पवार ने खुद स्पष्ट किया है कि यह एक पारिवारिक बैठक थी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि शरद पवार एक दिन भारत को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने के पीएम मोदी के दृष्टिकोण और सपने का समर्थन करने वाले हैं। बता दें कि बावनकुले का यह बयान उस समय आया है, जब शरद पवार ने भाजपा पर विपक्ष शासित राज्यों की निर्वाचित सरकारों को अस्थिर करने का आरोप लगाकर कहा है कि मौजूदा शासकों की नीति जाति, धर्म और भाषा के आधार पर समाज की खाई को चौड़ा करना है। दूसरी ओर, पवार के बयान पर भाजपा नेता उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने पलटवार कर दावा किया कि प्रधानमंत्री अगले साल स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से राष्ट्र को संबोधित करने वाले हैं, क्योंकि पूरा देश मोदी के साथ खड़ा है और वह देश के नागरिकों के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। शिरडी में ह्यसरकार आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित कर, फडणवीस ने कहा, हम तीन एक साथ आए हैं। आप शिंदे जी की कार्यशैली के बारे में जानते हैं और आप मेरे और अजित दादा के बारे में भी जानते हैं। हम तीनों का ऐसा मेल है, जिसे कोई चुनौती नहीं दे सकता। शरद पवार का नाम लिए बिना फडणवीस ने पलटवार कर कहा, ह्यह्यपिछली बार, मैंने कहा था मैं वापस आऊंगा और मैं देख सकता हूं कि उस बयान का भय अभी भी बरकरार है। कुछ लोग अभी भी भयभीत हैं। मैं उन्हें एक बात बताना चाहूंगा कि जब मैंने ये कहा कि मैं वापस आऊंगा, तब लोग वास्तव में मुझे वापस ले आए लेकिन कुछ लोगों ने हमें धोखा दिया।

# साइन इंडिकेटर नोटिस बोर्ड लगा रहे पीडब्ल्यूडी वर्कर की सड़क हादसे में मौत

**अजय कुमार**




**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में जीटी रोड पर सड़क के डिवाइडर पर एक खंभे पर साइन इंडिकेटर नोटिस बोर्ड लगा रहे पीडब्ल्यूडी वर्कर की सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार महिंद्रा थार जीप ने सड़क पर खड़े एक मिनी ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी थी। इस कारण वह सड़क के डिवाइडर पर काम कर रहे पीडब्ल्यूडी वर्कर पर जा गिरा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस हादसे में दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद थार चालक और उसमें सवार अन्य लोग वाहन छोड़कर फरार हो गए। मृतक की पहचान शालीमार गांव निवासी 32 वर्षीय सोहन के तौर पर हुई हैं। वह पीडब्ल्यूडी में काम करता था। इसके साथ ही मिनी ट्रक चलाता था। डीसीपी डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि शुक्रवार तड़के एक बजकर 48 मिनट पर शास्त्री पार्क थाना क्षेत्र में जीटी रोड, युधिष्ठिर सेतु के पास दुर्घटना के बारे में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। शास्त्री पार्क थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। उस समय वहां एक मिनी ट्रक और महिंद्रा थार वाहन क्षतिग्रस्त हालात में मिले। मिनी ट्रक में दबा एक युवक मिला, जिसे निकालकर अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरूआती जांच में सामने आया है कि सोहन सड़क के डिवाइडर पर लगे एक खंबे पर साइन इंडिकेटर नोटिस बोर्ड लगा रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार महिंद्रा थार वाहन उसके मिनी ट्रक से आकर टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि मिनी ट्रक डिवाइडर पर कम कर रहे सोहन के ऊपर जा गिरा। इस टक्कर से सोहन की मौके पर मौत हो गई। इस हादसे में महिंद्रा थार और मिनी ट्रक दोनों बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिन्हें मौके से जब्त कर लिया गया। मौके पर थार सवार कोई नहीं मिला। सभी फरार हो गए। जांच में यह भी सामने आया है कि महिंद्रा थार का चालक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है। डीसीपी ने बताया कि थार जीप के चालक को समाचार लिखे जाने तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# सिंगापुर में राष्ट्रपति चुनाव एक सितंबर को, भारतीय मूल के थर्मन शनमुगरत्नम भी मैदान में

**– मिले थे छह आवेदन, शनमुगरत्नम सहित तीन लोग योग्य घोषित किये गए**



**सिंगापुर, (हि.स.)।** सिंगापुर के राष्ट्रपति का चुनाव एक सितंबर को होगा। इसके लिए सिंगापुर में जन्मे भारतीय मूल के थर्मन शनमुगरत्नम सहित तीन लोग योग्य घोषित किये गए हैं। राष्ट्रपति चुनाव समिति को पात्रता प्रमाण पत्र के लिए छह आवेदन मिले थे, जिनमें से तीन लोगों को अयोग्य घोषित किया गया है। सिंगापुर की मौजूदा राष्ट्रपति हलीमा याकूब का कार्यकाल 13 सितंबर को समाप्त होगा। राष्ट्रपति पद के लिए छह आवेदन मिलने की स्थिति में एक सितंबर को चुनाव कराने का ऐलान किया गया था। अब उम्मीदवार के रूप में भारतीय मूल के थर्मन शनमुगरत्नम के अलावा चीनी मूल के मुख्य एनजी कोक सोंग और टैन किन लियान ने अहर्ता प्राप्त की है। चुनाव विभाग ने कहा कि थर्मन ने सार्वजनिक क्षेत्र के सेवा ट्रैक के तहत अपनी उम्मीदवारी पेश की, जबकि एनजी कोक ने सार्वजनिक क्षेत्र के विचार-विमर्श ट्रैक के तहत आवेदन किया। इसी तरह टैन किन ने निजी क्षेत्र के विचार-विमर्श ट्रैक के तहत उम्मीदवारी ठोंकी है। राष्ट्रपति पद के लिए 26 जुलाई को अपनी उम्मीदवारी शुरू करने वाले थर्मन ने सार्वजनिक क्षेत्र की सेवा आवश्यकताओं को पूरा किया। इसके लिए जरूरी कम से कम तीन वर्षों तक मंत्री के रूप में उन्होंने पद संभाला है। 66 वर्षीय थर्मन ने राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने के लिए पिछले महीने सार्वजनिक और राजनीतिक पदों से इस्तीफा दे दिया था। 2001 में राजनीति में शामिल होने से पहले थर्मन मुख्य रूप से सिंगापुर के मौद्रिक प्राधिकरण में एक अर्थशास्त्री और सिविल सेवक थे। उन्होंने शिक्षा और वित्त मंत्री के रूप में कार्य किया और 2011 से 2019 तक देश के उपप्रधान मंत्री रहे। एनजी, टैन और थर्मन के लिए अगला कदम उम्मीदवारों के रूप में नामांकित होना है। उन्हें पात्रता प्रमाण पत्र, सामुदायिक प्रमाण पत्र और राजनीतिक में योगदान के प्रमाण पत्र के साथ 22 अगस्त को अपना नामांकन पत्र जमा करना होगा।

# डेमोग्रॉफी, डेमोक्रेसी एवं डायवर्सिटी की त्रिवेणी भारत को बनाती है विशिष्ट : आदित्यनाथ

**– मुख्यमंत्री योगी और अनुराग ठाकुर ने वाई-20 शिखर सम्मेलन का किया औपचारिक उद्घाटन**




**वाराणसी, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने जी-20 के तहत आयोजित चार दिवसीय वाई-20 युवा शिखर सम्मेलन का शुक्रवार को औपचारिक उद्घाटन किया। गुरुवार से शुरू हुआ यह चार दिवसीय सम्मेलन वाराणसी के रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि सांस्कृतिक विविधता एवं एकता के कारण भारत दुनिया के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र है। लोकतांत्रिक परंपराओं पर विश्वास करते हुए 140 करोड़ की आबादी जिस भाव-भंगिमा के साथ एकता एवं अखंडता के लिए यशस्वी नेतृत्व में कार्य कर रही है, वह भारत को दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी के रूप में भी प्रस्तुत करती है। डेमोग्रॉफी (जनसांख्यिकी), डेमोक्रेसी (लोकतंत्र) और डायवर्सिटी (विविधता) की यह त्रिवेणी हमें विशिष्ट बनाती है। उन्होंने कहा कि नित्य नूतन व चिर पुरातन संस्कृति की सुदृढ़ नींव पर हमारा देश अपने स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरा करते हुए अमृतकाल के प्रथम वर्ष में जी-20 के इस आयोजन की अध्यक्षता कर रहा है। हर भारतवासी न केवल इन आयोजनों के प्रति लालायित है बल्कि वैश्विक मंच पर उभरते भारत के रूप में प्रस्तुत करते हुए गौरवान्वित महसूस करता है। योगी ने कहा कि प्राचीन काल से भारत की व्यवस्था को देखें तो युवाओं ने अपने समय में अनेक कार्य किए। युवा शक्ति के रूप में मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम भी याद आते हैं, उन्होंने संकल्प लिया था 'निसचर हीन करउं महि, भुज उठाई पन कीन्ह'... जब भारत की धरती से उन्होंने राक्षसी प्रवृत्ति को पूरी तरह समाप्त करने का आह्वान किया था, तब राम युवा ही थे। मथुरा को कंस और राक्षसों के अत्याचार से मुक्त करने वाले 'परित्राणाय साधुनाम्, विनाशाय च दुष्कृताम' का आह्वान करने वाले श्रीकृष्ण भी युवा ही थे। दुनिया को निर्माण का संदेश देने वाले महात्मा बुद्ध, ज्ञान प्राप्त करने के बाद पहला उपदेश इसी सारनाथ में देते हैं, तब वे भी युवा ही थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के अंदर चार कोनों में चार पीठों की स्थापना करने वाले एवं भारत की सांस्कृतिक एकता को मजबूती प्रदान करने वाले आदि शंकराचार्य मात्र 32 वर्ष तक ही जीवित रहे। स्वामी विवेकानंद ने भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाने का कार्य किया। उन्होंने महज 39 वर्ष ही जीवन जिया। स्वामी प्रणवानंद ने मात्र 42 वर्ष का जीवन जीया था। 'सवा लाख से एक लड़ाऊं' का उद्घोष करने वाले गुरु गोविंद सिंह, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी जी महाराज भी युवा ही थे। रानी लक्ष्मीबाई काशी में जन्मी थीं। मात्र 23 वर्ष की आयु में झांसी की आजादी के लिए युद्ध लड़ा था। 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का उद्घोष करने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस भी युवा ही थे। भारत की आजादी के लिए क्रांतिदूत बनकर बलिदान देने वाले चंद्रशेखर आजाद, राम प्रसाद बिस्मिल, सुखदेव, राजगुरु, अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह आदि क्रांतिकारी युवा ही थे। वीर सावरकर को मात्र 28 वर्ष की आयु में दो बार आजीवन कारावास की सजा हुई, वे भी युवा ही थे। महाभारत का वह दृश्य, जिसमें 16 वर्ष का अभिमन्यु चक्रव्यूह को भेदता हुआ कौरवों के छक्के छुड़ाता है। वह युवा ही थे। फ्रांस के लुईस ब्रेल ने 15 वर्ष की आयु में दृष्टिहीनों के लिए लिपि की खोज की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाराणसी बाबा विश्वनाथ का पावन धाम है। प्राचीन काल से धर्म व अध्यात्म की नगरी होने के साथ ही भारत के अध्यात्म दर्शन, शिक्षा, साहित्य और कला की भूमि के रूप में भी यह प्राचीन नगरी के रूप में जानी जाती रही है। वाराणसी इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भगवान बुद्ध ने सारनाथ में पहला उपदेश दिया था, जो आज भी बौद्ध अनुयायियों के लिए पवित्र एवं आकर्षण का केंद्र बना है।

**भारत की प्राचीन व्यवस्था को प्रस्तुत करती है जी-20 की थीम** – मुख्यमंत्री ने कहा कि जी-20 की थीम वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर यह भारत की उस प्राचीन व्यवस्था को प्रस्तुत करता है, जिसने हजारों वर्ष पहले दुनिया को वसुधैव कुटुम्बकम् का संदेश दिया था यानी परिवार को पूरी दुनिया मानने वाली व्यवस्था। यह मेरा, यह तेरा संकुचित लोगों की सोच है। उच्च चरित्र वाले लोग समस्त संसार को ही परिवार मानते हैं। हमें गर्व है कि भारत ने सदैव उदार भावनाओं का प्रतिनिधित्व किया है और जी-20 का यह शिखर सम्मेलन इस बात का उदाहरण भी है। हमारे युवा आने वाले समय के नीति-नियंता हैं, इसलिए विश्व मानवता के बेहतर भविष्य के लिए वर्तमान में की जा रही उनकी भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जी-20 के तहत वाई-20 का यह आयोजन पूरे आयोजन की प्रासंगकिता को बढ़ाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाई-20 में आए प्रतिनिधियों ने 5 थीम तय किए हैं कि दुनिया को वसुधैव कुटुम्बकम के संदेश के साथ जोड़ते हुए उसे बढ़ाने और मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करना होगा। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के अलावा प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, अरविंद कुमार शर्मा, अनिल राजभर, रवींद्र जायसवाल, गिरीश चंद यादव आदि मौजूद रहे।

## विधानसभा उप निर्वाचन के लिए दाखिल 17 नामांकन पत्रों की जांच, छह हुए निरस्त

**दाखिल नामांकन पत्रों की जांच के दौरान 11 नामांकन पत्र पाए गए सही**
**06 उम्मीदवारों का नामांकन पत्र हुआ निरस्त**



**मऊ (हि. स.)।** विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत जनपद के विधानसभा क्षेत्र घोसी में होने वाले उप निर्वाचन हेतु कुल 17 दाखिल नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच के दौरान 06 नामांकन पत्रों में विभिन्न कमियां पाई जाने के कारण उन्हें निरस्त किया गया। शेष 11 नामांकन पत्र जांच के दौरान सही पाए गए। निरस्त होने वाले नामांकन पत्रों में डॉ. चंद्रजीत निर्दल, अरविंद कुमार चौहान निर्दल, ओम प्रकाश चौहान राष्ट्रीय जनवादी पार्टी, अरविंद कुमार राजभर सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी, राम अवतार निर्दल पार्टी एवं इस्माइल अंसारी अवामी पिछड़ा पार्टी का नामांकन पत्र जांच के दौरान कमियां मिलने पर निरस्त हुआ। विधानसभा क्षेत्र घोसी के रिटर्निंग ऑफिसर सुरेश कुमार ने बताया कि उप निर्वाचन हेतु कुल 17 नामांकन पत्र दाखिल किए गये थे। दाखिल नामांकन पत्रों की जांच गहनता पूर्वक निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक बेनहुर महेश दत्त एक्का की उपस्थिति में की गई। उन्होंने बताया कि दाखिल नामांकन पत्रों की जांच का कार्य शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि जिन उम्मीदवार के नामांकन पत्र निरस्त हुए, उनको निरस्त होने के कारण से भी संतुष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि 21 अगस्त को नाम वापसी का निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जायेगा।

## बलिया से नक्सलियों की गिरफ्तारी बड़े खतरे की आहट : राष्ट्रीय लोकदल

**– रालोद के राष्ट्रीय संयोजक अनुपम मिश्रा ने बलिया से नक्सलियों की गिरफ्तारी पर जताई चिंता**

**उत्तर प्रदेश सरकार लगाया आंतरिक सुरक्षा की अनदेखी का आरोप**



**लखनऊ, (हि.स.)।** राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) के राष्ट्रीय संयोजक अनुपम मिश्रा ने उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र के बलिया जिले से नक्सलियों की हुई गिरफ्तारी पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर आन्तरिक सुरक्षा की अनदेखी का आरोप लगाया है। अनुपम मिश्रा ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि जो क्षेत्र मुख्यमंत्री का राजनैतिक, सामाजिक तथा धार्मिक कर्म स्थली रहा है, उस क्षेत्र में आंतरिक सुरक्षा में ऐसी चूक भयानक खतरे की आहट है। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल के छोटे से गांव नक्सलबाड़ी से शुरू हुआ यह विद्रोह कैसे भारत के अन्य भूभाग में अपने पैर पसारता चला गया और आज 500 किलोमीटर दूर बलिया में नक्सलियों की गिरफ्तारी यह दशार्ती है कि कितनी योजनाबद्ध तरीके से इस संगठन ने अपनी सक्रियता एक बार पुनः बढ़ानी शुरू कर दी है। बलिया की सीमाएं बिहार से जुड़ती हैं जहां यह संगठन पहले भी सक्रिय रहा है । अतः यह गंभीर विषय है। रालोद के राष्ट्रीय संयोजक ने बल देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार को नक्सलवादियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए इसके सफाए के लिए एक सघन अभियान तत्काल चलाना चाहिए, क्योंकि हो सकता है कि अभी यह विद्रोहियों का प्रारंभिक चरण ही हो । हमारे पास सोनभद्र का अनुभव है कि कैसे हमने इस समस्या को झेला और फिर कैसे उससे उबरे। अनुपम मिश्रा ने कहा कि अन्याय-गैर बराबरी तथा शोषण के गर्भ से पैदा नक्सलवाद ने कैसे अपनी जड़ें अलग-अलग प्रदेशों में जमा ली। अतः आज इस समस्या का समाधान सरकारी व गैर सरकारी दोनों स्तरों पर करना होगा क्योंकि जब तक शोषित, पीड़ित, भूमिहीन, किसान, मजदूर, विस्थापित आदिवासी और सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक रूप से पिछड़े वर्गों की समस्याओं का स्थाई समाधान नहीं होगा, तब तक इस समस्या का स्थायी समाधान भी मुश्किल होगा। नक्सलियों की पूर्वांचल में आहट इस बात का भी संकेत हो सकती है कि जन कल्याणकारी योजनाएं सिर्फ.विज्ञापनों तक ही सीमित है। धरातल तक पहुंच ही नहीं रही है, जिस कारण जन सामान्य मे उपज रहे आक्रोश और असन्तोष का फायदा यह संगठन उठाने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए सरकार को तत्काल इस समस्या से निपटने हेतु युद्ध स्तर पर सक्रियता दिखानी होगी अन्यथा प्रदेश में जिस प्रकार जन सामान्य में अव्यवस्था व अराजकता को लेकर असंतोष पनप रहा है, इसे अपनी जड़ें जमाने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा।

## पंचायत उप चुनाव की अधिसूचना जारी, मेरठ में 21 पदों पर होगा चुनाव



**मेरठ, (हि.स.)।** राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायतों के रिक्त पदों के उप चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। रिक्त पदों पर छह सितम्बर को मतदान होगा और आठ सितम्बर को मतगणना होगी। मेरठ जनपद में 21 रिक्त पदों पर उप चुनाव होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक मेरठ जनपद में ग्राम प्रधान के दो पद, क्षेत्र पंचायत सदस्य के तीन पद तथा ग्राम पंचायत सदस्य के 16 रिक्त पदों के लिए छह सितम्बर को मतदान होगा। जबकि आठ सितम्बर को मतगणना होगी। मेरठ में जिला निर्वाचन अधिकारी पंचस्थानि दीपक मीणा ने उप चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। 22 अगस्त तक नामांकन पत्र जमा होंगे। 23 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 24 अगस्त को नाम वापसी और चुनाव चिह्नों का आवंटन होगा। छह सितम्बर को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। जबकि आठ सितम्बर को सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी।


## बिखर चुकी कांग्रेस पार्टी को फिर से खड़ा करने के लिए झोंकी ताकत, उप्र से शुरूआत



**मीरजापुर, (हि.स.)।** मिशन 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी राजनैतिक गुणा गणित में जुटी हुई है। 2014 के बाद बिखर चुकी कांग्रेस पार्टी को फिर से खड़ा करने के लिए शीर्ष नेतृत्व ने पूरी ताकत झोंक रखी है। साथ ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को घेरने के लिए कांग्रेस पार्टी ने संगठन को मजबूत बनाने में जुटी हुई है। भारत के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश से इसकी शुरूआत हो चुकी है। कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व ने उत्तर प्रदेश में किए गए संगठनात्मक फेरबदल के तहत वाराणसी के पिंडरा विधानसभा से पांच बार विधायक रहे अजय राय को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष चुना है। दरअसल, अजय राय एक जमीनी नेता माने जाते हैं। उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने से पूर्वांचल में कांग्रेस अपनी पकड़ और मजबूत बनाएगी। अजय राय का प्रभाव न सिर्फ वाराणसी बल्कि समूचे पूर्वांचल और बिहार की यूपी से लगी सीमाओं में भी अच्छा खासा माना जाता है।

**कार्यकताओं ने मनाया जश्न, खुशी का माहौल** – इधर, अजय राय के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की खबर लगते ही कार्यकताओं में खुशी का माहौल है। कांग्रेस नेता राजधर दुबे की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक बैठक हुई। बैठक में कार्यकताओं ने कहा कि अजय राय के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से पूरे उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी। साथ ही हम सबके लिए यह खुशी और गर्व की बात है। इस दौरान इमरान खान, सुधाकर, शशिभूषण दुबे, अशोक गुप्ता, अखिलेश सिंह, राजन उपाध्याय आदि कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को बधाई दी।

## बाबूलाल मरांडी ने साहिबगंज में गंगा स्नान और भोलेनाथ की पूजा से शुरू की दूसरे दिन की संकल्प यात्रा



**साहिबगंज, (हि.स.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को दूसरे दिन संकल्प यात्रा की शुरूआत साहिबगंज में गंगा स्नान एवं भगवान भोलेनाथ की पूजा से की। उन्होंने राज्यवासियों के सुख समृद्धि की मंगल कामना की। साहेबगंज की जनसभा के पूर्व पत्रकार वार्ता में मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले के प्राचीर से भ्रष्टाचार और परिवारवाद को समाप्त करने का आह्वान किया है। झारखंड में तो राज्य संपोषित भ्रष्टाचार है। मुख्यमंत्री स्वयं राज्य की खनिज संपदा, जमीन को लूटने में शामिल हैं। सोरेन परिवार ने आदिवासियों की जमीन नाम बदलकर लूटी है। इतनी ही नहीं पदाधिकारियों को भी लूटने में लगा दिया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी थाना, ब्लॉक, अंचल में गरीबों से काम के लिए पैसे मांगते हैं। पैसों को ऊपर तक पहुंचाने की बात करते हैं। हेमंत सरकार अवैध खनन को बढ़ावा दे रही है। साथ ही कहा कि परिवारवाद सामाजिक न्याय के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विधानसभा में नमाज कक्ष खोलती है। सामान्य विद्यालयों को उर्दू विद्यालय में बदल देने, प्रार्थना की पद्धति बदल देने पर कार्रवाई नहीं करती है। इस प्रकार की मनोवृत्ति रखने वालों से राज्य का बड़ा नुकसान हो रहा है। मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा भेजे गए गरीबों के अनाज की लूट हो रही। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल जल की स्थिति राज्य में दयनीय है। मुख्यमंत्री आदिवासी का रोना रोते हैं लेकिन राज्य को लूटने का पाप करने के लिए किसी को कानून में छूट नहीं है। हेमंत सोरेन को जेल जाना ही पड़ेगा। उन्हें सत्ता में बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। यदि उनमें थोड़ी भी नैतिकता बची है तो वे अपने पद से इस्तीफा दें।

## ग्राम सभा में नहीं शामिल हुए पंकज महतो, ग्रामीणों ने नहीं दिखाया कोई साक्ष्य




**रामगढ़, (हि.स.)।** रामगढ़ अंचल का कुंदरू खुर्द गांव काफी सुर्खियों में है। वजह यह है कि यहां पर 17.18 एकड़ भूमि की जमाबंदी कायम करने का आदेश रामगढ़ की पूर्व डीसी माधवी मिश्रा ने दिया था। लेकिन जब साक्ष्य के साथ अपनी बात रखने के लिए ग्राम सभा की गई तो ना तो पंकज महतो नजर आए और ना ही ग्रामीणों ने कोई दस्तावेज प्रस्तुत किया। डीसी कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ रामगढ़ के समाजसेवी पंकज महतो ने डीसी पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए उनके आदेश को चुनौती दी थी। इसके बाद कुंदरू खुर्द गांव काफी चर्चा में आ गया था। पंकज महतो का कहना यह था कि जिस 17.18 एकड़ भूमि की जमाबंदी कायम की गई है और जिसकी बिक्री की गई है वह गलत तरीके से हुई है । वह जमीन राधा कृष्ण मठ के नाम पर थी। लेकिन अधिकारियों ने मठ का नाम हटाकर उसे एक आम नागरिक की भूमि बता दिया और उसकी बिक्री भी हो गई। इस मामले में पंकज महतो की शिकायत के आधार पर जांच प्रक्रिया शुरू हुई । अब इस पूरे मामले को हजारीबाग कमिश्नर खुद देख रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को कुंदरु खुर्द गांव में आम सभा कराई। लेकिन उस सभा में पंकज महतो खुद शामिल नहीं हुए। वह उस गांव में तब पहुंचे जब ग्राम सभा समाप्त हो चुकी थी। फिलहाल यह मामला रामगढ़ जिले में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। अब देखना यह है अधिकारी और समाजसेवी की लड़ाई में जीत किसकी होती है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह मुद्दा मौखिक नहीं, बल्कि दस्तावेजों से जुड़ा हुआ है। ग्रामीणों के द्वारा सही दस्तावेज और साक्ष्य कमिश्नर के कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किए गए तो पूरा मामला उल्टा पड़ जाएगा। इस मामले में हाई कोर्ट ने भी सरकार से जवाब तलब किया है।

## भाजपा विधायक आलोक चौरसिया के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका झारखंड हाई कोर्ट में खारिज

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट ने डाल्टेनगंज विधायक आलोक चौरसिया के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी है। हाई कोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने पूर्व में सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। कांग्रेसी नेता केएन त्रिपाठी ने चुनाव याचिका दाखिल कर कहा था कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के नामांकन के दौरान आलोक चौरसिया की उम्र 25 वर्ष पूरी नहीं हुई थी। इस कारण वे चुनाव लड़ने के अयोग्य थे. इसलिए उनका निर्वाचन रद्द किया जाए। हाई कोर्ट ने मामले की पूरी सुनवाई के दौरान बहस एवं सबूतों की जांच के बाद पाया विधायक आलोक चौरसिया की जन्म तिथि 15 फरवरी 1988 है। हाई कोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने पूर्व में सभी पक्षों को सुनवाई पूरी करने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रखा था। विधायक आलोक चौरसिया की ओर से वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह ने कोर्ट को बताया था आलोक चौरसिया ने नामांकन फॉर्म भरते समय गलती से जन्मतिथि वर्ष 1995 लिख दिया था। बाद में वे इसे ठीक नहीं करा सके थे, लेकिन उन्होंने वर्ष 2012 में अपने जन्म तिथि में सुधार की कार्रवाई शुरू की थी। वर्ष 2014 में उनकी जन्मतिथि में झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने सुधार किया था। याचिकाकर्ता केएन त्रिपाठी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता सलमान खुर्शीद, हाई कोर्ट के अधिवक्ता महेश तिवारी एवं अभिषेक कुमार दुबे ने बहस की थी। अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया था आलोक चौरसिया की जन्म तिथि 15 फरवरी, 1995 है। झारखंड विधानसभा चुनाव के नामांकन के समय में आलोक चौरसिया की उम्र 25 वर्ष से कम थी, इसलिए वे चुनाव लड़ने के योग्य नहीं थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने धान की रोपाई में श्रमदान कर किसानों का हाथ बंटाया, साथ में खाया सत्तू



**भागलपुर, (हि.स.)।** भाजपा किसान मोर्चा के नेताओं ने शुक्रवार को जिले के जिछो पंचयात के चौधरीडीह गांव में भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष गोपाल मंडल की अध्यक्षता में धान रोपनी कार्यक्रम चलाया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता है। यदि उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या होगी तो वे स्वयं उपस्थित रहेंगे। आजादी के इतने दशक बाद आज देश में ऐसी सरकार आई है, जो किसानों का दुख, दर्द और चिंता समझती है। इसलिए पिछले 9 वर्षों में लगातार किसानों के हित में फैसले लिए गए हैं। किसान मोर्चा के जिला महामंत्री आशीष गुप्ता ने भाजपा सरकार में किसानों की स्थिति में सुधार हुआ है। बेहतर कृषि नीति का ही परिणाम है कि किसान खुशहाल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि गांव में रहने वाले किसान भाइयों का जीवन स्तर बेहतर हो और उनकी आय दोगुनी हो। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता निरंजन साह, राजकिशोर गुप्ता, उमाशंकर, जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी, विनोद यादव, संजय आर्य, सचिन कुमार, शिव शेखर ठाकुर, साजन, रोशन सिंह राजपूत, दिलखुश यादव, बब्लू यादव, सुशील यादव सहित कई किसानों ने मोटा अनाज सत्तू खाया।

## कुव्यवस्था के खिलाफ पॉलिटेक्निक खनवां के छात्र - छात्राओं ने किया हंगामा

**नवादा, (हि. स.)।** राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज खनवां के छात्र - छात्राओं ने कथित कुव्यवस्था के खिलाफ शुक्रवार को कॉलेज के मुख्य द्वार पर धरना -प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। छात्र इसलिए भड़के हुए थे कि एक गम्भीर रूप से बीमार छात्र का इलाज कराने में कॉलेज प्रशासन विफल रही। छात्रों ने आरोप लगाया कि बुधवार शाम को विकास कुमार नामक एक छात्र की तबीयत खराब हो गई थी। जिसकी जानकारी प्रिंसिपल कौशल किशोर को दी गई। जानकारी के बावजूद भी प्रिंसिपल द्वारा बीमार पड़े छात्र विकास कुमार के ईलाज का कोई प्रबंध नहीं कराया गया। छात्र की स्थिति गंभीर देखते हुए अन्य साथी छात्रों ने ही उसे इलाज के लिए नरहट स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से उसे सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया गया। नवादा से इलाज करवा कर लौटे छात्रों ने कॉलेज के मुख्य द्वार को बंद कर दिया एवं वहीं पर धरना -प्रदर्शन और नारेबाजी करने लगे। मीडियाकर्मियों से छात्रों ने बताया कि कॉलेज में काफी अव्यवस्था है यहां ना तो चिकित्सा की व्यवस्था है, ना ही शुद्ध पेयजल की व्यवस्था है। कॉलेज में शिक्षकों की भी काफी कमी है। लाइब्रेरी में बैठकर पढ़ाई करने की सुविधा नहीं है। वाईफाई अबतक नहीं लगाया गया है। जिसके कारण छात्रों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार अनुरोध करने के बावजूद कॉलेज प्रशासन हाथ पर हाथ धरकर चुप बैठा है। खुद प्रिंसिपल कई - कई दिनों तक कॉलेज से गायब रहते हैं।

## पत्रकार हत्याकांड के दोषियों पर होगी कार्रवाई: सीएम नीतीश



**पटना, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को पटना हवाई अड्डा के नवनिर्मित सिविल विमानन निदेशालय भवन का उद्घाटन किया। मौके पर अररिया में पत्रकार की हत्या से संबंधित प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दोषियों पर कार्रवाई होगी। सीएम ने कहा कि यह बहुत दुःख की बात है। मुझे इसकी जानकारी मिली तो मैंने तुरंत अधिकारियों को कहा कि घटना के संबंध में पता करें। यहां आने से पहले मैंने ये खबर देखी है। कैसे एक पत्रकार की इस तरह हत्या हो जाती है, अधिकारी इसको देख रहे हैं। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। वर्षा नहीं होने से सूखे की स्थिति बनने से संबंधित प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम इसे देख रहे हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। जहां धान की रोपनी कम हुई है उस पर भी हमलोगों की नजर है। उन्होंने कहा कि कल एरियल सर्वे करुंगा और वस्तु स्थिति की जानकारी लूंगा। अभी बारिश हो रही है। सूखे की समस्या वर्तमान में नहीं है। पटना हवाई अड्डा से निकलकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य सरकार का जो क्षेत्र है वहां पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। एक हिस्से का काम हो गया है और एक हिस्से का कार्य प्रगति पर है, उसका हम जायजा लेने आए हैं। बहुत पहले ही हमने इस सड़क का चौड़ीकरण करवाया ताकि पटना एयरपोर्ट तक लोगों का आवागमन आसान हो सके। यह क्षेत्र बहुत ही ऐतिहासिक है इसलिए यहां ज्यादा कुछ छेड़छाड़ कर निर्माण कार्य नहीं कर सकते हैं और वृक्षों को काटना भी ठीक नहीं है। बगल से भी हमलोग रास्ता बनवा रहे हैं ताकि पटना हवाई अड्डा तक पहुंचने में किसी को कोई दिक्कत नहीं हो। जब बिहटा एयरपोर्ट बन जाएगा तो फिर कोई दिक्कत नहीं होगी। दोनों एयरपोर्ट तक लोगों को आने-जाने में कोई दिक्कत नहीं होगी ।

## संपादकीय

# 'इंडिया' में अविश्वास!

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में दरारें और अविश्वास के भाव पनपने लगे हैं। देश की मौजूदा राजनीति के मद्देनजर यह गठबंधन बेहद जरूरी और प्रासंगिक है, लिहाजा किसी भी दरार के उभरने पर उसका विश्लेषण भी अनिवार्य है। भारत में राजनीतिक गठबंधनों की नियति यही रही है कि वे बनते हैं, क्योंकि उन्हें टूटना होता है। वे टूटते हैं, क्योंकि फिर बनना होता है। सियासी गठबंधन का कोई भी 'स्थायी भाव' नहीं होता। शरद पवार देश के रक्षा और कृषि मंत्री रह चुके हैं। वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भी रहे हैं। एक दौर था कि उनका नाम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री पद के लिए भी चर्चा में रहता था। यह दीगर है कि उनकी पार्टी इतनी छोटी है कि वह कभी इन पदों तक पहुंच ही नहीं सके और न ही संभव था। अलबत्ता वह भाजपा में आ जाएं, तो विचार किया जा सकता है, लेकिन वह देश के प्रधानमंत्री कभी भी नहीं बन सकते। ऐसे वयोवृद्ध और अनुभवी नेता पर शिवसेना (उद्धव) और कांग्रेस के वे नेता सवाल कर रहे हैं, जो नौसीखिया जमात के हैं और विपक्षी गठबंधन के धागे बुनने में जिनका रत्ती भर भी योगदान नहीं है। दिल्ली में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता अलका लांबा ने मीडिया को सार्वजनिक तौर पर ब्रीफ किया कि कांग्रेस नेतृत्व ने दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर चुनावी तैयारी के निर्देश दिए हैं, जाहिर है कि पार्टी सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। यह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और दिल्ली के प्रादेशिक नेताओं ने एक बैठक में तय किया। तल्ख प्रतिक्रिया स्वाभाविक थी, लिहाजा दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज और आम आदमी पार्टी (आप) की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने गठबंधन के औचित्य पर सवाल उठा दिए। यह भी कहा कि 'इंडिया' की मुंबई बैठक में शामिल होने का मतलब ही क्या है? अलबत्ता उन्होंने अंतिम फैसला मुख्यमंत्री केजरीवाल पर छोड़ दिया। दूसरी तरफ महाराष्ट्र के भीतरघात हैं। वहां उपमुख्यमंत्री अजित पवार और दिग्गज नेता शरद पवार की मुलाकात पुणे के एक उद्योगपति के आवास पर हुई। इससे पहले भी दो-तीन मुलाकातें हो चुकी थीं। शरद पवार उपमुख्यमंत्री के सगे चाचा हैं और पवार परिवार में पिता-तुल्य हैं, लिहाजा ऐसी मुलाकातें स्वाभाविक हैं। एनसीपी में बगावत और विभाजन के बाद ये मुलाकातें हुई हैं। उद्धव ठाकरे की पार्टी के मुखपत्र 'सामना' में इन मुलाकातों के मद्देनजर संपादकीय तक लिख दिया गया कि शरद पवार भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने संभावनाओं का पिटारा ही खोल दिया कि अजित के जरिए शरद पवार भाजपा-एनडीए में जा सकते हैं। उन्हें केंद्रीय कृषि मंत्री या नीति आयोग का उपाध्यक्ष बनाने की पेशकश दी गई है। शरद की सांसद-पुत्री सुप्रिया सुले को भी केंद्रीय मंत्री बनाया जा सकता है। हालांकि शरद और सुप्रिया ने पेशकश की अफवाहों का खंडन किया है और भाजपा को 'सांप्रदायिक और दरारें पैदा करने वाली' पार्टी करार देकर उसके खिलाफ 'राजनीतिक संघर्ष' का संकल्प भी दोहराया है, लेकिन शरद पवार फिर भी सवालिया हैं। दरअसल पार्टी में दोफाड़ होने के बाद शरद पवार की ताकत भी विभाजित हुई है। उनकी पार्टी का नाम और निशान का मामला चुनाव आयोग के विचाराधीन है, लेकिन जिन नेताओं के प्रयासों से 'इंडिया' गठबंधन अस्तित्व में आया है, उनमें शरद पवार भी शामिल हैं। उन्हें कमोबेश महाराष्ट्र की राजनीति का 'पुराना चाणक्य' माना जाता है। यदि भ्रम और पालाबदल के सवाल और संदेह पैदा होते रहेंगे, तो विपक्ष का कोई भी गठबंधन लामबंद कैसे रह सकता है? जहां तक 'आप' का सवाल है, तो उसका उदय ही कांग्रेस का जनाधार छीनने की राजनीति के साथ हुआ है। 'आप' और कांग्रेस का किसी भी स्तर पर गठजोड़ 'अप्राकृतिक' है। बंगाल और तमिलनाडु में भी 'इंडिया' के आपसी अविश्वास उभरने लगे हैं। बहरहाल मुंबई बैठक की प्रतीक्षा की जाए।

> शरद पवार देश के रक्षा और कृषि मंत्री रह चुके हैं। वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भी रहे हैं। एक दौर था कि जनका नाम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री पद के लिए भी चर्चा में रहता था। यह दीगर है कि उनकी पार्टी इतनी छोटी है कि वह कभी इन पदों तक पहुंच ही नहीं सके और न ही संभव था। अलबत्ता वह भाजपा में आ जाएं, तो विचार किया जा सकता है, लेकिन वह देश के प्रधानमंत्री कभी भी नहीं बन सकते। ऐसे वयोवृद्ध और अनुभवी नेता पर शिवसेना (उद्धव) और कांग्रेस के वे नेता सवाल कर रहे हैं, जो नौसीखिया जमात के हैं और विपक्षी गठबंधन के धागे बुनने में जिनका रत्ती भर भी योगदान नहीं है। दिल्ली में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता अलका लांबा ने मीडिया को सार्वजनिक तौर पर ब्रीफ किया कि कांग्रेस नेतृत्व ने दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर चुनावी तैयारी के निर्देश दिए हैं, जाहिर है कि पार्टी सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। यह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और दिल्ली के प्रादेशिक नेताओं ने एक बैठक में तय किया। तल्ख प्रतिक्रिया स्वाभाविक थी, लिहाजा दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज और आम आदमी पार्टी (आप) की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने गठबंधन के औचित्य पर सवाल उठा दिए। यह भी कहा कि 'इंडिया' की मुंबई बैठक में शामिल होने का मतलब ही क्या है? अलबत्ता उन्होंने अंतिम फैसला मुख्यमंत्री केजरीवाल पर छोड़ दिया। दूसरी तरफ महाराष्ट्र के भीतरघात हैं।

## कुछ अलग

# कांगड़ा को नेता की तलाश

सत्ता में अभिशप्त होता आ रहा प्रदेश का सबसे बड़ा जिला कांगड़ा और इसके अधिकांश नेताओं के लिए अब खुद को साबित करने की नौबत आ गई है। हम इसे केवल एक पार्टी तक नहीं देख सकते, बल्कि यह मर्ज इस घर की दीवारों पर पूरी सियासत के लिए चस्पां है। दोषारोपण कांगड़ा पर भी है और यहां की जनता पर भी कि उसे नेता और विधायक में फर्क नजर नहीं आता। भले ही हर सरकार में सबसे अधिक विधायक बनाने की निपुणता में कांगड़ा मेहनत कर लेता है, लेकिन सत्ता का नेता बनाने में यह जिला पूरी तरह पिछड़ा हुआ है। अन्य जिला विधायक से कहीं अधिक नेता बना रहे हैं। मंडी ने जयराम ठाकुर को नेता बनाया तो पिछले विधानसभा चुनाव में पूरा जिला भाजपा के पक्ष में खड़ा हो गया। हमीरपुर ने लगातार तीसरी बार और शिमला ने बार नेता बनाकर मुख्यमंत्री का पद सौंप दिया। कांगड़ा ने सबसे अधिक विधायक सौंपे न कि नेता बनाकर किसी को मुख्यमंत्री बनाने का श्रम किया। यह समझने की जरूरत है कि पिछली बार अगर प्रेम कुमार धूमल को सुजानपुर की जनता नेता के रूप में चुन लेती, तो राज्य की राजनीति का श्रृंगार क्या होता। प्रदेश की राजनीति अब इस कोशिश में है कि कांगड़ा में भले ही विधायक बढ़ जाएं, लेकिन किसी को नेता न बनने दिया जाए। इसके लिए अतीत से लेकर वर्तमान की साजिशें मशरूफ रही हैं। एक समय ऐसा भी आया जब कांगड़ा को तोडऩे के लिए विधायकों को मोहरा बना दिया, जबकि उन चेहरों को लगा कि वे इस बहाने नेता बन जाएंगे। आज देहरा को जिला बनाने वाले रमेश धवाला कहां हैं। नूरपुर का झंडा उठाने वाले राकेश पठानिया कहां हैं। पालमपुर का ताज पहनकर कांगड़ा के टुकड़ों में राज करने वाले रविंद्र सिंह रवि कहां हैं। क्या ये लोग सत्ता की भागीदारी में नेता बन पाए या खुद को सहेज पाए। हैरानी यह कि आज तक जो कांगड़ा का नेता साबित होकर, सियासत का वजनदार चेहरा माना गया, वह शांता कुमार भी पालमपुर की गलियों में नगर निगम या विधायक के चयन में ही हार गए। ऐसा नहीं है कि कांगड़ा में नेता नहीं हो सकते थे, लेकिन कई सत्ता के चमचे और कई व्यक्तिगत उत्कंठा के सदके खत्म हो गए। विडंबना ऐसी हो गई कि कांगड़ा की संपूर्णता में कोई विधायक या मंत्री बनकर भी साबित नहीं हुआ। यह ऐसा जिला है जहां केंद्रीय विश्वविद्यालय को बांट कर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में कोई 'नेता' बनता गया। अगर ऐसा न होता, तो सबसे पहले प्रदेश की फोरलेन इसे जोड़ती, बीबीएन की तरह औद्योगिक नगर यहां होता, अब तक गगल एयरपोर्ट का विस्तार हो गया होता या आजादी से पहले की रेल पटरी अब तक ब्रॉडगेज हो गई होती। विडंबना यह है कि अब फिर कांगड़ा के विधायक खुद में 'नेता' नहीं ढूंढ रहे, बल्कि विधायकों के रूप में एक-दूसरे को गिरा रहे हैं। सोशल मीडिया पर सुजानपुर के विधायक राजिंद्र राणा की अभिव्यक्ति पर धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा की दाद पर खुजली अगर कांगड़ा को ही होने लगेगी, तो यह समझ लेना होगा कि यहां 'नेता' होने के लिए अभी सदियां लगेंगी। जिस तरह लगभग फटकार देते हुए मंत्री चंद्र कुमार ने एक छोटा सा पटाखा फोड़ा, उसके मायनों में वह कम से कम कांगड़ा का नेता होने का भ्रम नहीं पाल सकते।

## अमेरिकी डॉलर की मांग अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाल ही के समय में बहुत बढ़ी है

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूपीआई की स्वीकार्यता भारतीय रुपए को मजबूती प्रदान करेगी

**प्रहलाद सबनानी**

> भारत के पड़ौसी देश श्रीलंका ने भी अभी हाल ही में यूपीआई को अपना लिया है। पूर्व में, भारत और श्रीलंका की सरकारों के बीच इस सम्बंध में सहमति बन गई थी। फ्रान्स, संयुक्त अरब अमीरात और सिंगापुर ने पहिले ही भारतीय यूपीआई को अपना लिया है। इससे भारत के नागरिकों एवं यूपीआई अपनाने वाले अन्य देशों के बीच रुपए का लेनदेन आसान हो जाएगा। आम नागरिकों को इससे बहुत फायदा होगा क्योंकि रुपए को पहिले अमेरिकी डॉलर में बदलकर फिर अन्य देशों की मुद्रा में परिवर्तन करने के अतिरिक्त खर्च से बचा जा सकेगा।

भारतीय यूनीफाईड पेमेंट इंटरफेस को कई देश अपनाने को तैयार हो गए हैं। भारत के पड़ौसी देश श्रीलंका ने भी अभी हाल ही में यूपीआई को अपना लिया है। पूर्व में, भारत और श्रीलंका की सरकारों के बीच इस सम्बंध में सहमति बन गई थी। फ्रान्स, संयुक्त अरब अमीरात और सिंगापुर ने पहिले ही भारतीय यूपीआई को अपना लिया है। इससे भारत के नागरिकों एवं यूपीआई अपनाने वाले अन्य देशों के बीच रुपए का लेनदेन आसान हो जाएगा। आम नागरिकों को इससे बहुत फायदा होगा क्योंकि रुपए को पहिले अमेरिकी डॉलर में बदलकर फिर अन्य देशों की मुद्रा में परिवर्तन करने के अतिरिक्त खर्च से बचा जा सकेगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत आने वाले सभी यात्रियों को यूपीआई के माध्यम से भुगतान करने की सलाह दी है ताकि रुपए के उपयोग को बढ़ावा मिल सके। विभिन्न देशों के बीच विदेशी व्यापार के व्यवहारों का निपटान करने हेतु उत्पादों का आयात एवं निर्यात करने वाले देशों को आपस में स्वीकार्य मुद्रा की आवश्यकता होती है। प्राचीन काल में विदेशी व्यापार के व्यवहारों का निपटान स्वर्ण मुद्राओं में किया जाता था। वर्ष 1945 में ब्रेटन वुड्स नामक स्थान पर विभिन्न देशों द्वारा विदेशी व्यापार के व्यवहारों के निपटान हेतु उस समय की मजबूत मुद्रा ब्रिटिश स्टर्लिंग पौंड को स्वीकार किया गया था। परंतु, कालांतर में अमेरिकी अर्थव्यवस्था के पूरे विश्व में सबसे तेज गति से आर्थिक विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बनने के चलते अमेरिकी डॉलर ने ब्रिटिश स्टर्लिंग पोंड का स्थान ले लिया है, जो आज भी जारी है। आज भी अमेरिकी डॉलर पूरे विश्व में एक मजबूत मुद्रा बना हुआ है और विशेष रूप से कोरोना महामारी एवं रूस यूक्रेन युद्ध के बाद से अमेरिकी डॉलर की कीमत अन्य देशों की मुद्रा की कीमत की तुलना में अंतरराष्ट्रीय बाजार में बहुत तेजी से बढ़ती जा रही है। एक अमेरिकी डॉलर आज 82 रुपए का हो गया है। दरअसल अमेरिकी डॉलर की मांग अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाल ही के समय में बहुत बढ़ी है। एक तो, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बहुत तेज गति से बढ़ी हैं, प्रायः समस्त देश अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की खरीद का भुगतान अमेरिकी डॉलर में ही करते हैं जिसके कारण अमेरिकी डॉलर की मांग भी बढ़ी है और जिसके चलते अमेरिकी डॉलर की कीमत में भी वृद्धि दर्ज हुई है। दूसरे, अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों में मुद्रा स्फीति की दर 10 प्रतिशत के आसपास (अमेरिका में 9.1 प्रतिशत) पहुंच गई थी, जो कि इन देशों में पिछले 40-50 वर्षों में सबसे अधिक महंगाई की दर है। महंगाई पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से इन देशों द्वारा ब्याज दरों में लगातार वृद्धि की जा रही है, जिसके कारण इन देशों द्वारा जारी किए जाने वाले बांडस पर प्रतिफल बहुत आकर्षित हो रहे है एवं विदेशी निवेशक विकासशील देशों से अपना निवेश निकालकर



अमेरिकी बांडस में अपना निवेश बढ़ाते जा रहे हैं। जिन विकासशील देशों से डॉलर का निवेश निकाला जा रहा है उन देशों के विदेशी मुद्रा के भंडार कम होते जा रहे हैं जिससे उनकी अपनी मुद्रा पर दबाव आ रहा है और डॉलर की स्थिति लगातार मजबूत होती जा रही है। जापान येन का अमेरिकी डॉलर की तुलना में 22 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, ब्रिटिश पाउंड का 20 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, यूरो का 15 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, दक्षिण कोरिया की मुद्रा का 15 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, आस्ट्रेलिया की मुद्रा का 12 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है वहीं चीनी यूआन एवं भारतीय रुपए का 10 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है। चूंकि अन्य देशों की मुद्राओं का भारतीय रुपए की तुलना में अधिक अवमूल्यन हुआ है अतः भारतीय रूपए की कीमत इन अन्य देशों की मुद्राओं की तुलना में बढ़ गई है। कई विकसित देशों एवं एशिया के कई देशों की मुद्राओं की तुलना में भारतीय रुपए का अमेरिकी डॉलर की तुलना में कम अवमूल्यन होने के कारणों में मुख्य रूप से शामिल हैं भारतीय अर्थव्यवस्था का लगातार मजबूत रहना और देश में आर्थिक विकास की गति का तेज होना। हाल ही के समय में भारत से निर्यात भी तेज गति से बढ़ रहे हैं जिसके चलते अमेरिकी डॉलर की भारत में आवक बढ़ी है। दूसरे, भारत में विदेशी निवेश भी लगातार बढ़ता जा रहा है जो कि सामान्यतः अमेरिकी डॉलर में ही होता है। इसके चलते भारत के पास पर्याप्त मात्रा में विदेशी मुद्रा का भंडार मौजूद है। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी डॉलर का लगातार इस प्रकार मजबूत होते जाना एवं अन्य देशों की मुद्रा की कीमत गिरते जाना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अन्य देशों के लिए ठीक नहीं है। क्योंकि, जैसे यदि भारत का ही उदाहरण लें, भारतीय रुपए की कीमत लगातार अमेरिकी डॉलर की तुलना में गिरते जाने के मायने यह है कि भारत द्वारा आयात की जाने वाली वस्तुओं का महंगा होते जाना एवं भारत द्वारा अधिक अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया जाना। इसके परिणाम स्वरूप भारत में भी मुद्रा स्फीति की दर में वृद्धि हो रही है एवं इसे आयातित महंगाई भी कहा जाता है। इस प्रकार भारत सहित विश्व के अन्य देशों की विदेशी व्यापार करने पर अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता बढ़ गई है। हालांकि विश्व के समस्त देश वैश्विक स्तर पर विदेशी व्यापार करने के लिए विदेशी मुद्रा, जैसे डॉलर, यूरो, येन, पाउंड आदि का उपयोग करते रहे हैं, और अब चीन की मुद्रा युआन का इस्तेमाल भी किया जाने लगा है। परंतु, अमेरिकी डॉलर अभी भी विदेशी व्यापार के लिए सबसे प्रभावी मुद्रा बना हुआ है और इसीलिए पूरी दुनिया में अमेरिका की बादशाहत भी बरकरार है। परंतु, अब विदेशी व्यापार में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में भारतीय रुपए को विदेशी व्यापार में भुगतान के माध्यम के रूप में स्वीकार्यता प्रदान की है। विशेष रूप से रूस एवं यूक्रेन के बीच छिड़े युद्ध के बाद रूस और इसके पूर्व ईरान पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों के चलते भारत को इन देशों से कच्चे तेल के आयात में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसलिए इन देशों द्वारा कच्चे तेल के भुगतान के रूप में भारतीय रुपए को स्वीकार करने पर अपनी सहमति दे दी गई थी। अतः अब न केवल रूस और ईरान बल्कि कई अन्य कई देशों यथा श्रीलंका, बंगलादेश एवं अरब राष्ट्र भी भारत से आयात और निर्यात करने पर भारतीय रुपए में भुगतान कर सकेंगे एवं भुगतान प्राप्त कर सकेंगे। इससे अमेरिकी डॉलर की मांग भारत के लिए कम होगी। इससे भारत की अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम हो जाएगी और रुपए की कीमत पर दबाव भी कम होगा। जो अंततः भारत में मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने में भी सहायक होगा। इससे भारत के साथ विदेशी व्यापार करने वाले देशों को भी लाभ होगा क्योंकि इन देशों द्वारा भारत से आयात की जाने वाली वस्तुओं का भुगतान भी भारतीय रुपए में ही किया जा सकेगा। अतः इन देशों की निर्भरता भी अमेरिकी डॉलर पर कम होगी और इन देशों को भारत से निर्यात और अधिक मात्रा में होने लगेंगे।

अभी तक भारत की 18 देशों के साथ वोस्ट्रो खाता के माध्यम से व्यापार करने पर सहमति बन गई है, इन 18 देशों के 60 स्पेशल रुपया वोस्ट्रो खाते भारत में खोले जा चुके हैं। ये 18 देश हैं, बोत्वसाना, फिजी, जर्मनी, गुयाना, इजराईल, केन्या, मलेशिया, मारीशस, म्यांमार, न्यूजीलैंड, ओमान, रूस, सेशेल्स, सिंगापुर, श्रीलंका, तंजानिया, युगांडा और संयुक्त राज्य अमेरिका। 15 जुलाई 2023 को भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच भी वदिेशी व्यापार का निपटान रुपए में करने हेतु समझौता सम्पन्न हुआ है। कुल मिलाकर, वश्वि के 34 देशों ने भारत के साथ अपना वदिेशी व्यापार भारतीय रुपए अवथा उन देशों की अपनी मुद्रा में करने की इच्छा व्यक्त की है। जबकि 64 अन्य देश, जिसमें इटली एवं जर्मनी जैसे वकिसित देश भी शामिल हैं, इस सम्बंध में अपनी सकारात्मक सोच को आगे बढ़ा रहे हैं एवं भारत से उनकी चर्चा भी चल रही है।

# अक्षुण्ण एकता का द्योतक है मेरी माटी मेरा देश

> देश स्वतंत्र होगा तभी हम स्वदेशी कहलाएंगे। स्वतन्त्रता को बनाए रखने के लिए स्वदेशी ,स्वावलम्बी, स्वाभिमानी और आत्मनिर्भर होना आवश्यक है। हिन्दू संस्कृति में राम द्वारा किया गया आदर्श शासन रामराज्य के नाम से प्रसिद्ध है। वर्तमान समय में रामराज्य का प्रयोग सर्वोत्कृष्ट शासन या आदर्श शासन के रूप (प्रतीक) के तौर पर किया जाता है। रामराज्य, लोकतन्त्र का परिमार्जित रूप माना जा सकता है। वैश्विक स्तर पर रामराज्य की स्थापना गांधीजी की चाह थी। गांधीजी ने भारत में अंग्रेजी शासन से मुक्ति के बाद ग्राम स्वराज के रूप में रामराज्य की कल्पना की थी। आत्मनिर्भरता, रामराज्य की परिकल्पना पर आधारित है। आत्मनिर्भर भारत की नींव गांधी के रामराज्य पर टिकी थी। गाँधी का स्वराज्य, रामराज्य की परिकल्पना का आधार था। स्वराज का अर्थ है जनप्रतिनिधियों द्वारा संचालित ऐसी व्यवस्था जो जन–आवश्यकताओं तथा जन–आकांक्षाओं के अनुरूप हो। यही स्वराज्य रामराज्य कहलाता है।

अपनी मिट्टी से लगाव रखने वाला व्यक्ति ही स्वदेशी होता है। स्वदेशी होने के लिए स्वतंत्र होना जरुरी है। अतएव किसी भी देश की मिट्टी का जुड़ाव उस देश की स्वतंत्रता से होता है। देश स्वतंत्र होगा तभी हम स्वदेशी कहलाएंगे। स्वतन्त्रता को बनाए रखने के लिए स्वदेशी ,स्वावलम्बी, स्वाभिमानी और आत्मनिर्भर होना आवश्यक है। हिन्दू संस्कृति में राम द्वारा किया गया आदर्श शासन रामराज्य के नाम से प्रसिद्ध है। वर्तमान समय में रामराज्य का प्रयोग सर्वोत्कृष्ट शासन या आदर्श शासन के रूप (प्रतीक) के तौर पर किया जाता है। रामराज्य, लोकतन्त्र का परिमार्जित रूप माना जा सकता है। वैश्विक स्तर पर रामराज्य की स्थापना गांधीजी की चाह थी। गांधीजी ने भारत में अंग्रेजी शासन से मुक्ति के बाद ग्राम स्वराज के रूप में रामराज्य की कल्पना की थी। आत्मनिर्भरता, रामराज्य की परिकल्पना पर आधारित है। आत्मनिर्भर भारत की नींव गांधी के रामराज्य पर टिकी थी। गाँधी का स्वराज्य, रामराज्य की परिकल्पना का आधार था। स्वराज का अर्थ है जनप्रतिनिधियों द्वारा संचालित ऐसी व्यवस्था जो जन-आवश्यकताओं तथा जन-आकांक्षाओं के अनुरूप हो। यही स्वराज्य रामराज्य कहलाता है। स्वराज का तात्पर्य स्वतंत्रता से है। आत्मनिर्भरता स्वतन्त्रता का मूल है। बिना आत्मनिर्भर हुए स्वतंत्र नहीं हुआ जा सकता है। कहने का तात्पर्य यह है कि रामराज्य वो शासन है जिसमे सभी स्वतंत्र होते हैं। ऐसी स्वतंत्रता जिसमे धर्म और रंग भेद के आधार पर विषमता न पैदा की जाए। यही स्वतन्त्रता गाँधी का रामराज्य कहलाया। गांधी का रामराज्य सत्य और अहिंसा पर आधारित था। गांधी के रामराज्य को व्यवहार में उतारना होगा। सत्य और अहिंसा को आचरण में उतारने की जरुरत है। गांधी की विशेषताओं को रामराज्य का आधार बनाना होगा। रामराज्य लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करता है। अभियान लोगों में जागरूकता पैदा करता है। मेरी माटी मेरा देश अभियान का लक्ष्य देश प्रेम के प्रति जागरूक होना है। पूरे देश में 9 अगस्त से लेकर 30 अगस्त तक चलाया जा रहा है। जिसमें पूरे भारत के अलग-अलग जगहों पर शहीदों को सम्मान दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पिछले साल 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान को जारी किया था और इस साल मेरी माटी मेरा देश अभियान शुरू किया है। मोदी जी द्वारा उठाए जा रहें इन कदम से आने वाली पीढ़ी के मन में भी अपने देश के प्रति कुछ करने की इच्छा उत्पन्न होगी। यह अभियान माननीय प्रधानमंत्री जी का राष्ट्र के प्रति प्रेम को दर्शाता है। मेरी माटी मेरा देश अभिया के तहत 7500 कलशों को माटी और पौधे के साथ-साथ देश की राजधानी दिल्ली तक पहुंचाया जाएगा। इन सभी कलश और मिट्टी के पौधों के साथ राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास रोपड़ (रोपा) किया जाएगा। जिससे आने वाले समय में "अमृत वाटिका" के नाम से जाना जाएगा। कहने का तात्पर्य मेरी माटी मेरा देश अभियान, भविष्य की अमृत वाटिका होगी। यह 'अमृत वाटिका' 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक होगी। इस अभियान के अंतर्गत पूरे भारत के लाखो ग्राम पंचायतों में एक विशेष प्रकार का शिलालेख (शिलाफलकम) भी स्थापित किया जाएगा। जिसमे स्वतंत्रता सेनानियों और वीरगति को प्राप्त सैनिकों के नाम होंगे। पंच प्रणों जो मेरी माटी मेरा देश के तहत लिए वो इस प्रकार हैं 1. देश की रक्षा करने वाले शहीदों को सम्मान देना है। 2. हमारे मन में बसी गुलामी की मानसिकता को जड़ से बाहर निकालना। 3. देश के प्रत्येक नागरिक को एकजुट एवं एकता के साथ कर्तव्यबद्ध रहना। 4. भारत देश को 2047 में विकसित देश बनाने का सपना साकार करना है। 5. हमारे देश के नागरिक होने के कर्तव्य को निभा कर देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करना है। मेरी माटी मेरा देश अभियान के नाम से 1967 में आई उपकार फिल्म का गाना याद आता है कि मेरे देश की मिट्टी सोना उगले उगले हीरे मोती मेरे देश की मिट्टी। वाकई में विश्व में भारत देश जैसा देश कोई और नहीं। जहां की मिट्टी और हवा जड़ी और बूटी का काम करते हैं। तभी तो भारत कोरोना जैसी स्थिति से भी निपटने में सक्षम रहा। अतएव हम कह सकते हैं कि मेरी माटी मेरा देश अभियान अक्षुण्ण एकता की मिसाल है। हिंदुस्तान संस्कृति और संस्कारों की धरती रही है। यहां 2500 ईसा पूर्व ऋग्वेद की रचना हुई। योग के जनक महर्षि पतंजलि थे। योग हजारों वर्षों पुरानी पद्धति है। आज कल के जनप्रतिनिधि धर्म की आड़ में इन पुरानी संस्कृतियों का दुरूपयोग कर भारतीय संस्कृति को राजनीति का हिस्सा बना दिए हैं। हिन्दुस्तान को गांधी का रामराज्य चाहिए। राजनैतिक पार्टिया वोट को साधने के लिए राम राज्य का सहारा लेती हैं। राम राज्य भगवान-राम के पुरुषार्थ और शासन का द्योतक है। भगवान-राम सहिष्णुता के प्रतीक थे। राम सत्य के प्रतीक थे। तभी तो भगवान-राम ने रामराज्य स्थापित किया था। आज राजनैतिक पार्टियों ने भगवान-राम, कृष्ण, हनुमान, मोहम्मद पैगम्बर, ईसा मसीह आदि को वोट बैंक का आधार बना लिया है। अतएव अब राम राज्य का पतन हो चुका है। आज आत्मनिर्भर भारत बनाने की बात हो रही है और वहीँ दूसरी ओर विदेशी कम्पनियाँ और विदेशी सामान की हिन्दुस्तान में बाढ़ आ गई है। प्रत्येक संस्था का निजीकरण होता जा रहा है।

## दृष्टिकोण

# जोशीमठ के बाद शिमला, तो फिर उसके बाद कौन?

कभी जम्मू-कश्मीर तो कभी हिमाचल प्रदेश और कभी उत्तराखण्ड में दैवी आपदाओं की होड़ लगी है। ये आपदाएं प्रकृति की नाराजगी के स्पष्ट संकेत हैं जिन्हें हम पढ़ नहीं पा रहे हैं। यहां तक कि अपने ही वैज्ञानिकों और पार्यवरणविदों की चेतावनियों की अनदेखी की जा रही है, जिसका दुष्परिणाम हम जोशीमठ और शिमला में देख रहे हैं। इससे पहले प्रकृति का रौद्र रूप हम 2013 में केदारनाथ में देख चुके हैं। अमरनाथ में भी 1996 और 2012 में देख चुके हैं। नैनीताल में सन् 1880 में आए भूस्खलन में 151 लोगों के कानग्रस्त होने का इतिहास हम नहीं भूले हैं। अब वहां बनियानाला लोगों को बेचैन कर रहा है। भूस्खलन की जो भयावह तस्वीर शिमला की नजर आई वैसी ही आशंका पहाड़ों की रानी मसूरी में भी नजर आ रही है। सन्-1864 में जब अंग्रेजों ने जाखू पर्वत पर अपनी ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाई थी तो उसकी आबादी मात्र कुछ सैकड़ों में थी। आजादी के बाद हुई जनगणना में वहां की आबादी 46,150 दर्ज हुई जो कि हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राज्य घोषित होने पर 1971 में 56,032 हो गई। अब तक की नवीनतम 2011 की जनगणना में वहां की जनसंख्या 1,69,578 हो गई। सन् 2011 में मात्र 36 वर्ग किमी में फैले शिमला शहर का जनसंख्या घनत्व 4,800 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी हो चुका था। शिमला नगर निगम के रिकार्ड के अनुसार इस छोटे से क्षेत्रफल में 32 वार्ड और 46,306 घर हैं। फिलहाल देश में नई जनगणना तो नहीं हुई मगर शिमला की वर्तमान जनसंख्या 2.32 लाख तक पहुंचने का अनुमान है। अब आप अनुमान लगा सकते हैं कि एक छोटा सा शिमला इतने अधिक लोगों और उनकी असीमित जरूरतों के बोझ को कब तक ढो सकेगा? आबादी बढ़ने के साथ ही नगर का विस्तार हो रहा है, जिसके लिए हरियाली और खास कर वृक्षों का पातन और उनकी जगह इमारतों के जंगल उग रहे हैं। नतीजतन अत्यधिक बोझ के बारण जमीन मकानों समेत खिसक रही है। संकट केवल शिमला का नहीं है। हिमालय के लगभग सभी शहरों की स्थिति शिमला जैसी ही है। जोशीमठ हमारे सामने शिमला से भी ज्वलंत उदाहरण बन कर सामने आ गया था। इसरो और रिमोट सेंसिंग ऐजेंसी द्वारा इसी साल फरवरी में भूस्खलन की दृष्टि से भारत के जिन 147 जिलों का एटलस जारी किया है उनमें 108 जिले केवल हिमालयी राज्यों के हैं जिनमें सभी 13 जिले उत्तराखण्ड के तथा हिमाचल प्रदेश के 12 में से 10 जिले हैं। इसी तरह जम्मू-कश्मीर के भी 8 जिले संवेदनशील जिलों की सूची में इसरो ने शामिल किए हैं। संवेदनशीलता की दृष्टि से शिमला जिला 61 वें नम्बर पर है। जबकि उससे कहीं अधिक संवेदनशील मंडी, हमीरपुर, बिलासपुर, चम्बा और किन्नोर जिले हैं। जब ये स्थिति हम शिमला की देक्ष रहे हैं तो उसी हिमाचल के बाकी संवेदनशील जिलों पर मंडराते खतरे की कल्पना की जा सकती है। इसरो और रिमोट सेंसिंग के नवीनतम भूस्खलन संवेदनशीलता एटलस पर गौर करें तो उत्तराखण्ड की स्थिति बेहद चिन्ताजनक नजर आती है। भूस्खलन की दृष्टि से देश के सर्वाधिक संवेदनशील जिलों में उत्तराखण्ड के रुद्रप्रयाग और टिहरी जिले हैं, जिन्हें नम्बर एक और दो पर रखा गया है। सन् 1998 में केदारघाटी के मनसूना और गौंडार क्षेत्र में कई गांव खिसक गए थे। उसी साल 18 अगस्त को पिथौरागढ़ के मालपा में हुए भूस्खलन में प्रोतिमा बेदी समेत लगभग 200 मानसरोवर यात्री और अन्य लोग मारे गए थे। शिमला और जोशीमठ भविष्य के लिए प्रकृति की गंभीर चेतावनी है। इन दो नगरों की ही जैसी बाकी पहाड़ी नगरों की कहानी है। आर्थिक गतिविधियों के कारण पर्यटन, तीर्थाटन के महत्व के छोट से कस्बों में आस पास के गावों की जनसंख्या आकर्षित होने लगी और ये कस्बे धीरे-धीरे नगरों में बदलने लगे। प्रशासनिक दृष्टि से ब्लॉक, तहसील और जिला मुख्यालयों में जन सुविधाओं और आर्थिक कारणों से जनसंख्या बढ़ने लगी तो ये छोट कस्बे भी नगर और महानगर बनने लगे। लेकिन इस तेजी से हो रहे नगरीकरण पर शासन-प्रशासन आंखें मूंदता गया और नगरों के सुनियोजित विकास के लिए मास्टर प्लान या नगर नियोजन की जरूरत नहीं समझी गई।

## देश दुनीया से

# अंग्रेजों की धरती पर राम कथा के मायने

ब्रिटेन के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में आजकल रामकथा हो रही है। इसमें ब्रिटेन, कनाडा और अमेरिका के अतिरिक्त अन्य अनेक देशों से श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में राम कथा शायद पहली बार हो रही है। इसे संयोग ही कहा जाएगा कि जिस संस्थान में कथा हो रही है उसका नाम यीशु कालेज है। 12 अगस्त से शुरू हुई यह रामकथा 19 अगस्त तक चलेगी। कथा मोरारी बापू कर रहे हैं। मोरारी बापू अपनी राम कथा के लिए भारत भर में जाना पहचाना नाम है। पन्द्रह अगस्त को उनके श्रोताओं में एक ऐसा श्रोता भी आया जिसकी किसी ने आशा नहीं की थी। मोरारी बापू की राम कथा सुनने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बैठे थे। सुनक का मोरारी बापू ने स्वागत किया और उन्हें प्रसाद दिया। उन्हें सोमनाथ का शिवलिंग दिया, जिसे सुनक ने श्रद्धापूर्वक स्वीकार कर माथे पर लगाया। सुनक ने स्वयं तो प्रसाद लिया ही, वहां बैठे लोगों को प्रसाद बांटा भी। सुनक ने उपस्थित श्रोताओं को जय सिया राम सम्बोधन से सम्बोधित भी किया। उन्होंने कहा कि हिन्दू आस्था मेरा व्यक्तिगत मामला है। यही आस्था मुझे मेरे जीवन के विभिन्न पड़ावों पर दिशा देती है। ब्रिटेन का प्रधानमंत्री होना मेरे लिए गौरव की बात है। लेकिन यह पद अनेक चुनौतियों से भी भरा हुआ है। कई बार कठिन निर्णय लेने होते हैं। लेकिन ऐसे समय में मेरी आस्था ही मुझे सम्बल देती है। उन्होंने कहा कि 2020 का वह दिन मेरे लिए आज भी अविस्मरणीय है जब मैंने दिवाली के दिन प्रधानमंत्री के सरकारी आवास 10 डाऊनिंग स्ट्रीट के बाहर दीये जलाए।

> ऋषि सुनक को उनकी पार्टी के किसी नेता ने नहीं कहा कि आप मुरारी बापू की कथा में क्यों गए थे? विपक्षी दलों की ओर से नरेन्द्र मोदी पर सबसे बड़ा आरोप यही है कि वे मंदिरों में जाते हैं। सबसे बढ़ कर अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए किए गए शिलान्यास में भाग लेने के लिए जाने पर उन्हें घेरा गया। नेहरु सरदार पटेल से खफा थे कि वे महमूद गजनवी द्वारा ध्वस्त किए गए सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण क्यों करवा रहे हैं। इतने साल बीत जाने के बाद भी कांग्रेस उसी स्थान पर खड़ी है।

यह संयोग था कि सुनक जिस दिन रामकथा सुनने पहुंचे वह दिन भारत का अंग्रेजों की दासता से मुक्ति का दिन था। अनेक श्रोता तिरंगा झंडा फहरा रहे थे। मोरारी बापू अपनी कथा में व्यास आसन के पीछे हनुमान जी की सुनहरी मूर्ति रखते हैं। सुनक ने बताया कि मैं भी अपने कार्यालय में अपने मेज पर सदा गणेश जी की मूर्ति रखता हूं। इससे मुझे प्रेरणा मिलती है। सुनक ने कहा कि मैं यहां प्रधानमंत्री के तौर पर नहीं बल्कि एक सनातनी हिन्दू के तौर पर आया हूं। उन्होंने कहा मैं सदा राम कथा स्मरण रखूंगा। मैं सदा भगवद्गीता और हनुमान चालीसा भी स्मरण रखता हूं। संकट का साहसपूर्वक सामना करने, नम्रता से सरकार चलाने और निस्वार्थ भाव से कार्य करने की प्रेरणा मुझे राम से ही मिलती है। कार्यक्रम के अन्त में सुनक ने आरती में भाग लिया। ऋषि सुनक हवन करते हैं, मंदिरों में जाते हैं और अपने प्रैकटाजिंग हिन्दू होने को कभी छिपाते नहीं हैं। सामान्य तौर पर कहा जा सकता है किसी व्यक्ति के हिन्दू होने और मंदिर वगैरह में जाने में ऐसी क्या बात है जिस पर इतना आश्चर्य चकित हुआ जाए। दरअसल ऋषि सुनक जिस देश के प्रधानमंत्री हैं वह ईसाई देश है। उस देश में हिन्दुओं की संख्या आटे में नमक के बराबर है। वहां के लोग केवल ईसाई ही नहीं हैं बल्कि जिसको आज की भाषा में पोंगापन्थी ईसाई कहा जाता है, उसी किस्म के ईसाई हैं। वहां का राजा ईसाई ही हो सकता है। यदि राजा के आसन का उत्तराधिकारी अपना मजहब बदल लेता है तो वह राजा नहीं बन सकता। जिस लोकसभा सीट से सुनक जीत कर आते हैं, वह तो है ही ईसाई बहुल सीट। लेकिन इस सबके बावजूद इंग्लैंड में ऋषि सुनक के राम कथा में जाने पर कोई हो-हल्ला नहीं मचा। किसी ने ऋषि सुनक के पूजा पाठ करने पर एतराज नहीं किया। लेकिन भारत में स्थिति इसके विपरीत है। यदि यहां के प्रधानमंत्री किसी मंदिर में जाते हैं तो अन्य दल हो-हल्ला मचाना शुरू कर देते हैं। उनके मुताबिक इससे सेक्लुरिजम खतरे में पड़ जाता है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु इस प्रकार की आस्थाओं और सार्वजनिक रूप से उनका निर्वाह करने की सार्वजनिक रूप से निन्दा किया करते थे। इस प्रकार की दो घटनाएं तो इतिहास का हिस्सा बन गई हैं। भारत के राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद कुम्भ के मेले में भाग लेने के लिए गए थे। नेहरु ने इसके लिए उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन राजेन्द्र प्रसाद नहीं रुके। तब नेहरु ने उनकी सार्वजनिक रूप से भत्सना की। दूसरी घटना भी नेहरु और डा. राजेन्द्र प्रसाद से ही ताल्लुक रखती है।



# अमेरिका, इजराइल और डेनमार्क में नया कोरोना वैरिएंट मिला : डब्लूएचओ बोला– ये तेजी से म्यूटेट हो सकता है; इसकी मॉनिटरिंग की जा रही

**वॉशिंगटन।**

अमेरिका की टॉप डिजीज कंट्रोल एजेंसी कोरोना के तेजी से म्यूटेट करने वाले एक वैरिएंट को ट्रैक कर रही है। इस वैरिएंट का नाम बीए.2.86 बताया जा रहा है। इसे अब तक अमेरिका इजराइल और डेनमार्क में डिटेक्ट किया गया है। अमेरिका ने बताया है कि सीडीसी इसके बारे में ज्यादा जानकारी इकट्ठा कर रही है।

वहीं, विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्लूएचओ ने भी इसके बारे में जानकारी दी है। डब्लूएचओ ने बताया है कि नए वैरिएंट में तेजी से म्यूटेट करने की क्षमता है, इसके चलते इसे मॉनिटर किया जा रहा है। फिलहाल डब्लूएचओ 3 वैरिएंट्स को ट्रैक कर रहा है। वहीं, 7 वैरिएंट्स को मॉनिटरिंग पर रखा गया है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नए वैरिएंट के बारे में जानकारी दी है। इसमें बताया गया है कि वो इस समझने के लिए ज्यादा जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं। डब्लूएचओ ने कहा है कि कोरोना वायरस का सर्कुलेट और इवॉल्व होना जारी है। ऐसे में इस पर नजर बनाए रखना और इसकी रिपोर्टिंग जरूरी है। डॉक्टर एस वैसली लोंग ने बताया कि ये कोरोना से इन्फेक्शन के बाद मिली इम्यूनिटी को चकमा दे सकता है।

दुनियाभर में कोरोना के नए मामलों में 80 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। शुक्रवार को वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने यह जानकारी दी। वीकली अपडेट के दौरान डब्लूएचओ ने बताया कि 10 जुलाई से 6 अगस्त के बीच कोरोना के 15 लाख नए मामले सामने आए। ये पिछले 28 दिनों की तुलना में 80प्रतिशत ज्यादा हैं। हालांकि, इस दौरान कोरोना से जान गंवाने वालों का आंकड़ा 57प्रतिशत कम हुआ।

12 जून से 9 जुलाई के बीच दुनियाभर में 7 लाख 94 हजार कोविड केस आए थे, जबकि 10 जुलाई से 6 अगस्त के बीच नए कोविड केस का आंकड़ा बढ़कर 15 लाख हो गया। डब्लूएचओ ने चेतावनी देते हुए कहा कि सही आंकड़ा इससे भी ज्यादा हो सकता है, क्योंकि कोरोना के समय सभी देशों में टेस्टिंग और मॉनिटरिंग ज्यादा हो रही थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है। कम टेस्टिंग की वजह से भी कोरोना के दर्ज मामले कम हो सकते हैं। पिछले हफ्ते डब्लूएचओ ने ओमिक्रॉन के सब–वैरिएंट ईजी.5 या एरीस के बढ़ते मामलों को देखते हुए इसे 'वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' घोषित किया था। जुलाई के मध्य में मिले कोरोना के मामलों में से 17प्रतिशत केस इसी वैरिएंट के थे। ये जून की तुलना में 7.6प्रतिशत ज्यादा थे। एरीस वैरिएंट का केस 31 जुलाई को ब्रिटेन में सामने आया था। इस वैरिएंट के सबसे ज्यादा मामले अमेरिका, चीन और ब्रिटेन में ही मिल रहे हैं। डब्लूएचओ ने इस साल मई में कोरोना को ग्लोबल इमरजेंसी से हटा दिया गया था। हालांकि, डब्लूएचओ के गवर्नर जनरल टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने कहा था कि कोरोना भले ही अब ग्लोबल इमरजेंसी नहीं है, लेकिन इसका ये मतलब नहीं कि इससे अब कोई खतरा नहीं है। दुनिया में अगली महामारी जरूर आएगी और ये कोविड–19 से भी ज्यादा खतरनाक हो सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### मलेशिया में जेट क्रैश, 10 लोगों की मौत एयरपोर्ट के बजाय हाईवे पर करने लगा लैंड; कार और बाइक से टकराया



**कुआलालम्पुर।** मलेशिया में एक प्राइवेट प्लेन क्रैश होने से 10 लोगों की मौत हो गई। हादसा लैंडिंग के दौरान एलमिना टाउनशिप के नजदीक हुआ। प्लेन में 2 क्रू मेंबर और 6 पैसेंजर सवार थे। हादसे में सड़क से गुजर रहे दो लोगों की भी मौत हो गई। ये दो लोग एक कार और बाइक सवार थे। दरअसल, हादसे से कुछ देर पहले प्लेन का एयर ट्रैफिक कंट्रोलर से संपर्क टूट गया। यह हाईवे पर लैंड करने लगा, उसी दौरान एक कार और एक बाइक से टकरा गया। सिविल एविएशन अथॉरिटी के मुताबिक प्राइवेट जेट ने हॉलिडे आईलैंड से कुआलालम्पुर के नजदीक अब्दुल अजीज शाह एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरी थी। सेलांगोर के पुलिस चीफ हुसैन ओमार खान ने बताया कि प्लेन को लैंड करने के लिए क्लियरेंस दे दिया गया था। पायलट की तरफ से कोई इमरजेंसी सिग्नल नहीं दिया गया था। वहीं, एविएशन अथॉरिटी के चीफ एग्जीक्यूटिव नोराजमान ने बताया कि पायलट ने 2 बजकर 47 मिनट पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावर से संपर्क किया था, उसे 2 बजकर 48 मिनट पर लैंड करने की इजाजत दी गई थी। इसके बाद उनका प्लेन से कोई संपर्क नहीं हुआ और 2 बजकर 51 मिनट पर उन्हें क्रैश साइट से धुआं उठता दिखा। इस प्लेन को जेट वैलेट कंपनी ऑपरेट कर रही थी। उसने इस घटना पर कोई भी जवाब देने से इनकार कर दिया है।

### कोलंबिया में आधे घंटे में भूकंप के 3 झटके: सबसे तेज 6.3 रही तीव्रता, 1 की मौत; संसद की छत का एक हिस्सा टूटा



**बोगोटा।** कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.3 रही। इसकी 15 मिनट के अंदर ही 5.7 तीव्रता का आफ्टरशॉक भी आया। इसके थोड़ी देर बाद 4.8 तीव्रता का तीसरा झटका भी महसूस किया गया। भूकंप की वजह से एक महिला हड़बड़ाकर गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके अलावा भूकंप की वजह से कोलंबिया की संसद की छत का स्टोनवर्क वाला हिस्सा टूटकर गिर गया। हालांकि, राहत की बात रही कि उस वक्त संसद में कोई भी मौजूद नहीं था। भूकंप के झटके कोलंबिया के काली और मेडलिन शहर में भी महसूस किए गए। इसके अलावा सोशल मीडिया पर लोगों ने कई जगहों पर दीवारों में दरार पड़ने की भी बात कही है। रॉयटर्स के मुताबिक, झटकों की वजहों से कई खिड़कियों के शीशे टूट गए। हालांकि, फिलहाल भूकंप की वजह से कोई बड़े नुकसान की आशंका नहीं है। भूकंप का केंद्र बोगोटा से करीब 160 किमी की दूरी पर था। जैसे ही शहर में झटके महसूस किए गए, तुरंत अलार्म बजने लगा और सभी बिल्डिंग–ऑफिस से लोगों को बाहर निकाला गया। बोगोटा के रहने वाले गोन्जालो मार्टिन ने बताया कि भूकंप के वक्त सब कुछ हिल रहा था और लोग अपने घरों से चिल्लाते हुए बाहर निकल रहे थे। बोगोटा के निवासी एड्रियन अलार्कन ने कहा– झटके काफी तेज थे और देर तक महसूस हुए। आसपास के ज्यादातर लोग घरों से बाहर निकलकर अपने परिजनों का हालचाल लेते नजर आ रहे थे।

### भारतीय मूल के थरमन सहित तीन लोग राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने के लिए योग्य, एक सिंतबर होगा चुनाव

**सिंगापुर।** सिंगापुर में जन्मे भारतीय मूल के थर्मन शनमुगरत्नम और सरकार से जुड़ी कंपनियों के दो चीनी मूल के पूर्व अधिकारियों ने एक सितंबर को राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने के लिए अर्हता प्राप्त कर ली है। इसकी घोषणा की गई। चुनाव विभाग (ईएलडी) ने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव समिति (पीईसी) को समय सीमा तक पात्रता प्रमाणपत्र के लिए कुल छह आवेदन प्राप्त हुए। सिंगापुर ने पहले कहा था कि अगर एक से अधिक व्यक्ति राष्ट्रपति पद के लिए अर्हता प्राप्त करते हैं तो वह एक सितंबर को राष्ट्रपति चुनाव कराएगा। निवर्तमान राष्ट्रपति हलीमा याकूब का छह साल का कार्यकाल 13 सितंबर को समाप्त होगा। राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवार के रूप में अर्हता प्राप्त करने वाले दो चीनी मूल के मुख्य निवेश अधिकारी एनजी कोक सोंग और पूर्व एनटीयूसी आय मुख्य कार्यकारी टैन किन लियान हैं। चुनाव विभाग ने कहा कि थर्मन ने सार्वजनिक क्षेत्र के सेवा ट्रैक के तहत अपनी उम्मीदवारी पेश की, जबकि एनजी कोक ने सार्वजनिक क्षेत्र के विचार–विमर्श ट्रैक के तहत आवेदन किया और टैन किन ने निजी क्षेत्र के विचार–विमर्श ट्रैक के तहत आवेदन किया है।

हमला होने पर परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करेगा बेलारूस

# जरूरत पड़ी तो यूक्रेन–नाटो को पूरी ताकत से जवाब देंगे : अलेक्जेंडर

**मिंस्क।**

बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने कहा है कि अगर दूसरे देशों ने हमला करने की कोशिश की तो वो परमाणु हथियार के इस्तेमाल के लिए तैयार रहेगा। लुकाशेंको ने कहा– जब तक यूक्रेन हमारा बॉर्डर क्रॉस नहीं करता तब तक हम जंग में शामिल नहीं होंगे।

बेलारूस के राष्ट्रपति ने आगे कहा– अगर नाटो देशों खासकर पोलैंड, लिथुआनिया और लात्विया में से किसी ने हमें उकसाने की कोशिश की तो हम पूरी ताकत के साथ इसका जवाब देंगे। जरूरत पड़ने पर न्यूक्लियर वेपेन का भी इस्तेमाल किया जाएगा। हम इसके लिए इंतजार नहीं करेंगे और न ही टालेंगे। हमला होते ही हम सभी हथियारों का इस्तेमाल कर पूरी क्षमता के साथ वार करेंगे।



### टैक्टिकल परमाणु हथियार के इस्तेमाल में कोई दिक्कत नहीं

लुकाशेंको ने कहा कि वो जंग में रूस की मदद करना जारी रखेंगे क्योंकि वो हमारा दोस्त और पार्टनर है। हम लोगों को डराने के लिए परमाणु हथियार लेकर नहीं आए हैं। रूस ने जो हथियार बेलारूस में तैनात किए हैं, वो टैक्टिकल न्यूक्लियर वेपेन हैं, स्ट्रैटेजिक नहीं। इसलिए अगर जंग हुई तो बेलारूस इनका इस्तेमाल जरूर करेगा।

### पुतिन बोले- पोलैंड पर एक्शन को रूस पर हमला मानेंगे

पुतिन ने कहा था कि अगर पोलैंड ने बेलारूस के खिलाफ कोई भी एक्शन लिया तो वो रूस पर हमला माना जाएगा। उन्होंने कहा कि रूस सभी तरीकों से बेलारूस की मदद करेगा। दरअसल, यूक्रेन जंग के बाद से बेलारूस रूस के लिए अहम पार्टनर साबित हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक रूस के सैनिकों को बेलारूस में भी ट्रेनिंग दी जा रही है। वहीं, रूस ने अपने परमाणु हथियार भी बेलारूस भेजे हैं। हालांकि, बेलारूस के सैनिक जंग में रूस की तरफ से नहीं लड़े हैं।

इससे पहले जुलाई में एक डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी के अधिकारियों ने कहा था इस बात की बहुत हद तक संभावना है कि बेलारूस में तैनात न्यूक्लियर हथियारों पर देश का कोई कंट्रोल नहीं होगा। इससे जुड़े सभी फैसले रूस ही लेगा।

### पोलैंड का आरोप- बेलारूस ने एयरस्पेस का उल्लंघन किया

बता दें कि पिछले कुछ महीनों में बेलारूस और पोलैंड के बीच तनाव बढ़ गया है। पोलैंड ने अपनी सीमा पर सैनिकों की तैनाती बढ़ा दी थी। पोलैंड ने आरोप लगाया था कि बेलारूस ने उसके एयरस्पेस का उल्लंघन किया था। पोलैंड के प्रधानमंत्री माटुस्ज मोराविकी ने कहा था कि वैगनर आर्मी के 100 लड़ाके भी पोलैंड के बॉर्डर की तरफ बढ़ रहे हैं। अब स्थित खतरनाक होती जा रही है।

### रूस ने बेलारूस में क्यों तैनात किए न्यूक्लियर वेपेन

25 मार्च को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने बेलारूस में रूस के परमाणु हथियार तैनात करने की घोषणा की थी। पुतिन ने कहा था कि बेलारूस के राष्ट्रपति लुकाशेंको काफी समय से परमाणु हथियारों को उनके देश में तैनात करने की मांग कर रहे हैं। बेलारूस के साथ रूस के करीबी सैन्य संबंध हैं।

पुतिन ने कहा था कि रूसी परमाणु हथियारों की बेलारूस में तैनाती का कारण ब्रिटेन का यूक्रेन को आर्मर पियर्सिंग शेल मुहैया कराना बताया था, जिसमें यूरेनियम होता है। पुतिन का कहना था कि परमाणु हथियारों को बेलारूस में रख कर रूस वही कर रहा है जो अमेरिका ने कई दशकों से बेल्जियम, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड्स और तुर्की में परमाणु हथियारों को रख कर किया।

पुतिन ने यह भी कहा था कि रूस का कदम परमाणु हथियारों से जुड़ी किसी अंतरराष्ट्रीय संधि की अवहेलना नहीं करता है। अमेरिका ने नाटो सहयोगियों के इलाके में हथियार तैनात कर संधि का उल्लंघन किया है। पुतिन ने यह साफ किया था कि बेलारूस में परमाणु हथियारों की देखरेख रूसी सैनिकों के हाथ में होगी।

इससे परमाणु अप्रसार समझौते का कोई उल्लंघन नहीं होता है। इसके बाद 15 जून को रूस ने ये हथियार बेलारूस पहुंचा दिए थे। राष्ट्रपति पुतिन ने खुद इसकी पुष्टि की थी।

यूक्रेन को एफ–16 लड़ाकू विमान देने को तैयार अमेरिका, बोला–

# रक्षा के लिए ये जरूरी; पायलट्स की ट्रेनिंग के बाद नीदरलैंड-डेनमार्क करेंगे डिलीवर



**कीव।**

अमेरिका यूक्रेन को एफ–16 फाइटर जेट्स देने के लिए तैयार हो गया है। वॉशिंगटन ने कहा है कि पायलट्स की ट्रेनिंग पूरी होने के बाद नीदरलैंड और डेनमार्क यूक्रेन को ये फाइटर जेट्स डिलीवर करेंगे। दरअसल, यूक्रेन काफी समय से रूस के खिलाफ जंग के लिए फाइटर जेट्स की मांग कर रहा है।

इसके लिए 11 देशों के गठबंधन ने फाइटर जेट्स उड़ाने के लिए यूक्रेनी पायलट्स को ट्रेनिंग देने का फैसला किय था। ये ट्रेनिंग इसी महीने से शुरू होगी। इसके बाद डेनमार्क और नीदरलैंड्स ने अमेरिका से लड़ाकू विमान की डिलीवरी के लिए आश्वासन मांगा था। डेनमार्क के रक्षा मंत्री ट्रोएल्स पॉलसेन ने कहा– ट्रेनिंग के बाद उम्मीद है कि अगले साल की शुरुआत में इसके सकारात्मक नतीजे भी दिखने लगेंगे। विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने लेटर लिखकर नीदरलैंड और डेनमार्क को कन्फर्मेशन दिया है। उन्होंने लिखा– यूक्रेन को एफ–16 फाइटर जेट सप्लाई करने और पायलट्स को ट्रेनिंग देने के लिए अमेरिका का पूरा समर्थन है। ब्लिंकन ने कहा– फिलहाल ये सबसे ज्यादा जरूरी है कि यूक्रेन हर हाल में अपनी रक्षा कर सके। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मई में एफ–16 पर यूक्रेनी पायलट्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का समर्थन किया था। इसके लिए डेनमार्क के अलावा रोमानिया में भी ट्रेनिंग सेंटर बनाया जाएगा। यूक्रेन एयरफोर्स के प्रवक्ता यूरीय इहनत ने बुधवार को कहा था कि उन्हें आशंका है कि यूक्रेन इस साल इन फाइटर जेट्स का इस्तेमाल नहीं कर सकेगा। इससे पहले जनवरी में जर्मनी से लेपर्ड और अमेरिका से अब्राम टैंक्स मिलने के बाद एफ–16 फाइटर जेट्स की मांग की थी। यूक्रेन के रक्षा मंत्री के सलाहकार यूरी साक ने कहा था– यूक्रेन की अगली चुनौती फाइटर जेट्स हासिल करना है। अगर हमें वो मिल जाते हैं तो यकीनन जंग के मैदान में हमें बड़ा फायदा होगा। हालांकि, जर्मनी ने यूक्रेन को फाइटर जेट्स देने से इनकार कर दिया था।

इसमें उन्होंने कहा था कि टैंक्स की मांग स्वीकार होने के तुरंत बाद यूक्रेन का फाइटर जेट्स मांगना गलत है। उन्होंने कहा था– रूस से जंग सिर्फ यूक्रेन लड़ रहा है नाटो नहीं, हम हथियार भेजकर युद्ध के दायरे को और नहीं बढ़ा सकते हैं।

यासीन मलिक की पत्नी मुशाल पाकिस्तान पीएम की एडवाइजर बनी

# केयरटेकर सरकार के 16 मंत्रियों ने शपथ ली, जर्नलिस्ट भी हैं शामिल

**इस्लामाबाद।**

पाकिस्तान के केयरटेकर प्राइम मिनिस्टर अनवार–उल–हक काकड़ ने कैबिनेट का ऐलान किया। इसके बाद 16 मंत्रियों और 3 सलाहकारों को शपथ दिलाई गई। इनमें सीनियर जर्नलिस्ट मुर्तजा सोलंगी भी शामिल हैं।

कश्मीर के आतंकी यासीन मलिक की पाकिस्तानी मूल की पत्नी मुशाल हुसैन मलिक को स्पेशल एडवाइजर टु प्राइम मिनिस्टर बनाया गया है। उनके अलावा चार और लोग भी स्पेशल एडवाइजर बनाए गए हैं। पाकिस्तान के संविधान के मुताबिक दोहरी नागरिकता वाले शख्स को एडवाइजर तो बनाया जा सकता है, लेकिन वो फुल टाइम मिनिस्टर नहीं हो सकता। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुशाल के पास पाकिस्तान के अलावा ब्रिटेन की भी नागरिकता है। मुशाल पाकिस्तान में बैठ कर अक्सर भारत विरोधी बयान देती रहती है। पिछले दिनों आई फिल्म कश्मीर फाइल्स पर उसने कहा था– कश्मीर पूरी तरह से पाकिस्तान का है और हम इसे लेकर रहेंगे। पाकिस्तान से वो अपने आतंकी पति की रिहाई की भी मुहिम चलाती रही है। उसकी बेटी भी इसमें शामिल है, जो इस वक्त ब्रिटेन में रहती है।



यासीन मलिक एक कश्मीरी आतंकी और अलगाववादी नेता है। वह जम्मू–कश्मीर लिबरेशन फ्रंट से जुड़ा है। उस पर युवाओं को आतंकवाद के लिए उकसाने का भी आरोप है। यासीन मलिक को 2022 में एनआईए कोर्ट ने टेरर फंडिंग केस, देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के आरोप में उम्र कैद सुनाई थी। दो मामलों में उम्रकैद और अन्य मामलों में 10 साल सजा सुनाई गई थी। सभी सजाएं साथ–साथ चलेंगी। यासीन पर पाकिस्तान के समर्थन से कश्मीर में आतंकी हमलों के लिए फंडिंग और आतंकियों को हथियार मुहैया कराने से जुड़े कई केस दर्ज थे।

# जर्मनी को एडवांस्ड मिसाइल डिफेंस सिस्टम देगा इजराइल ऐरो–3 स्पेस में भी टारगेट को मार गिराएगी डिफेंस सेल

**तेल अवीव।**

इजराइल जर्मनी को ऐरो–3 मिसाइल डिफेंस सिस्टम देने वाला है। ये डील 29 हजार करोड़ रुपए में फाइनल हुई है। साथ ही ये इजराइल की अब तक की सबसे बड़ी डिफेंस सेल होगी। ऐरो–3 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की डिलिवरी 2025 से शुरू होगी जो 2030 तक पूरी होने की संभावना है।

ऐरो–3 मिसाइल सिस्टम को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि एक अलग होने वाले वॉरहेड की मदद से ये पृथ्वी के अटमॉस्फेयर के बाहर यानी स्पेस से भी बैलिस्टिक मिसाइल को रोक सकेगी। अमेरिका ने भी इस डील को मंजूरी दे दी है। दरअसल इस ऐरो–3 प्रोजेक्ट में अमेरिका इजराइल का पार्टनर है और इस डिफेंस सिस्टम को अमेरिका–इजराइल की मिसाइल डिफेंस एजेंसी ने मिलकर बनाया है।

5 हजार करोड़ का एडवांस पेमेंट करेगा जर्मनी

2023 के अंत तक जर्मनी और इजराइल इस डील के लिए कॉन्टैक्ट साइन करेंगे। इसके लिए जर्मनी 5 हजार करोड़ का एडवांस पेमेंट करेगा। इजराइल मिसाइल डिफेंस ऑर्गेनाइजेशन के हेड मोशे पटेल ने बताया कि अमेरिका का अप्रूवल इस डील का पहला मील का पत्थर है। अब कंपनी का टारगेट जल्द से जल्द मिसाइल सिस्टम की सप्लाई करना है।



जर्मनी ने ऐरो–3 सिस्टम को खरीदने का फैसला यूक्रेन में रूस के आक्रमण को देखते हुए किया है। जर्मनी चाहता है कि वह अपनी हवाई सुरक्षा को ज्यादा मजबूत करे, जिससे जरूरत पड़ने पर दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइल, ड्रोन और लड़ाकू विमानों को इंटरसेप्ट कर मार गिराया जा सके। पश्चिमी देशों में अमेरिका को छोड़कर किसी भी देश के पास मजबूत और भरोसेमंद एयर डिफेंस सिस्टम नहीं है।

इजराइल ने जनवरी 2022 में ऐरो–3 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की सफल टेस्टिंग की थी। ये न्यूक्लियर, केमिकल, बायो या किसी भी दूसरे हथियार को ले जाने वाली इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल को नष्ट करने में सक्षम है। इसके अलावा ये दूसरी बैलिस्टिक मिसाइलों को वायुमंडल के बाहर भी मार गिरा सकता है। डायवर्ट मोटर होने के साथ ये मिसाइल कभी भी अपनी दिशा बदल सकती है। इसकी रेंज 2,400 किमी है।

इजराइल अंतरिक्ष एजेंसी के मुताबिक, ऐरो–3 मिसाइल सिस्टम को एंटी–सैटेलाइट वेपेन के तौर पर भी इस्तेमाल किया जा सकता है। ये तकनीक दुनिया के कुछ देशों के पास ही मौजूद है।

**क्या है ऐरो**–मॉडर्न मिसाइलों और रॉकेट से लैस ऐरो इजराइल का एक शील्ड सिस्टम है। इसकी कई कैटेगरी (टियर) हैं। इसके शॉर्ट रेंज आयरन डोम इंटरसेप्टर को डिप्लॉय किया जा चुका है। 2014 में गाजा में जंग के दौरान हमास आतंकियों के लिए इसका इस्तेमाल किया गया था। इसके अलावा, इजराइल के पास मीडियम रेंज का डिफेंस सिस्टम डेविड्स स्लिंग भी है। इससे कम दूरी की मिसाइलों को खत्म किया जा सकता है। 2006 में इजराइल इस डिफेंस सिस्टम को हिजबुल्ला (ईरान के सपोर्ट वाला लेबनान का गुट) के साथ जंग में इस्तेमाल कर चुका है। बता दें कि, अमेरिका के पास भी स्पेस से ही हमलावर मिसाइलों को खत्म करने के लिए एजिस सिस्टम मौजूद है।

सीक्रेट लेटर चोरी केस में फंसे पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान

# 12 दिन से कैद में खान से पूछताछ जारी; दोषी हुए तो 10 साल सजा मिलेगी

**इस्लामाबाद।**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर नेशनल सीक्रेट (साइफर या डिप्लोमैटिक नोट) चोरी करने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच स्पेशल जॉइंट इन्वेस्टिगेशन टीम कर रही है। इसने अटक जेल में 12 दिन से कैद खान से पांच घंटे पूछताछ की।

यह साइफर पिछले साल मार्च में अमेरिका में तैनात पाकिस्तानी एम्बेसेडर असद मजीद खान ने विदेश मंत्रालय को भेजा था। खान ने इसे पढ़ने के बहाने अपने पास रख लिया और बाद में कहा कि यह लेटर खो गया है। यह नेशनल सीक्रेसी एक्ट के खिलाफ है। अगर खान दोषी पाए गए तो उन्हें 10 साल तक की सजा हो सकती है।

'साइफर गेट या केबल गेट या नेशनल सीक्रेट गेट' केस में इमरान का फंसना तय माना जा रहा है। इसकी वजह यह है कि जब वो प्रधानमंत्री थे, तब आजम खान उनके चीफ सेक्रेटरी थे। आजम से जॉइंट इन्वेस्टिगेशन टीम दो बार पूछताछ कर चुकी है। आजम ने बिल्कुल साफ कहा है कि उन्होंने यह साइफर इमरान को दिया था। बाद में आजम ने जब इसे खान से वापस मांगा तो उन्होंने कहा कि यह तो कहीं गुम हो गया है।

हैरानी की बात है कि खान ने बाद में यही साइफर कई रैलियों में खुलेआम लहराया। खान ने कहा- ये वो सबूत है जो यह साबित करता है कि मेरी सरकार अमेरिका के इशारे पर फौज ने गिराई। आजम के इकबालिया बयान ने यह तय कर दिया है कि इमरान चाहकर भी इसे झुठला नहीं सकेंगे। खास बात यह भी है कि आजम ने अपना बयान जांच एजेंसी और मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज कराया है। इसकी कॉपी पर सिग्नेचर भी किए हैं।

इसके अलावा खान का एक ऑडियो टेप भी वायरल हुआ था। इसमें इमरान, उस वक्त के विदेश



मंत्री शाह महमूद कुरैशी और आजम खान की आवाजें थीं। फोरेंसिक जांच में यह साबित हो चुका है कि यह ऑडियो सही है, इससे कोई छेड़छाड़ नहीं की गई थी। टेप में खान कुरैशी और आजम से कहते हैं- अब हम इस साइफर को रैलियों में दिखाकर इससे खेलेंगे।

पिछले साल अप्रैल में सरकार गिरने के बाद इमरान की तरफ से लगातार दावा किया गया कि यह लेटर (डिप्लोमैटिक टर्म में सायफर) अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट यानी फॉरेन मिनिस्ट्री की तरफ से पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय को भेजा गया। इमरान का दावा रहा कि बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन उनको प्रधानमंत्री की कुर्सी पर नहीं देखना चाहती थी और अमेरिका के इशारे पर ही उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था।

सबसे जरूरी यह जानना है कि इमरान जो कागज दिखा रहे था, वो वास्तव में है क्या। पाकिस्तान के सीनियर जर्नलिस्ट रिजवान रजी के मुताबिक- यह कागज झूठ के सिवाए कुछ नहीं था। कुछ महीनों पहले तक अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत थे असद मजीद। उनके बारे में ये जानना बेहद जरूरी है कि वो इमरान खान की पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ के सदस्य और इमरान के खास दोस्त थे।

रजी आगे कहते हैं- इमरान ने मजीद को एक मिशन सौंपा कि किसी तरह जो बाइडेन एक फोन इमरान को कर लें। यह हो न सका। फिर खान ने मजीद से कहा कि वो ये बताएं कि बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन इमरान सरकार और पाकिस्तान को लेकर क्या सोच रखती है। जवाब में मजीद ने एक बढ़ाचढ़ाकर इंटरनल मेमो लिखा। इसमें बताया कि व्हाइट हाउस को लगता है कि इमरान सरकार के रहते पाकिस्तान से रिश्ते बेहतर नहीं हो सकते।

पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी वकील और पॉलिटिकल एनालिस्ट साजिद तराड़ के मुताबिक- पहली बात तो यह कि यह ऑफिशियल कम्युनिकेशन नहीं था। यह एक एम्बेसेडर का अपने विदेश मंत्रालय को लिखा इंटरनल मेमो है, जिसकी कोई कानूनी या डिप्लोमैटिक हैसियत नहीं। हां, इसमें कोई दो राय नहीं है कि यह नेशनल सीक्रेट होता है और इसका पब्लिक प्लेस पर न तो जिक्र किया जा सकता है और न दिखाया जा सकता।

# गृह कलह को शांत करेंगे ये उपाय



गृह कलह के यूं तो बहुत सारे कारण होते हैं, लेकिन ज्योतिष एवं वास्तु की दृष्टि से गृह कलह ग्रहों के दोषपूर्ण या अशुभ दशा होने अथवा भवन में एक या अनेक वास्तु दोष होने से भी गृह कलह उत्पन्न होने की संभावना बनी रहती है। ज्योतिष में गृह कलह का निवारण संभावित गृह कलह के निवारण के लिए वर-कन्या के विवाह से पहले अगर सही तरीके से कुंडली में गुणों का मिलान करवा लिया जाये तो अच्छा रहता है। फलित ज्योतिष के अनुसार मंगल, शनि और राहु ग्रहों के विभिन्न भावों में बैठे होने से उन भावों से सम्बंधित रिश्तों में मतभेद और कलह देखा जा सकता है। इसके निवारण के लिए उस दोषपूर्ण ग्रह से सम्बंधित वस्तुओं का दान करने, मंत्र जप, पूजा-पाठ, रत्न या रुद्राक्ष धारण करने से लाभ मिलता है।

» घर-परिवार में सुख-शांति और प्रेम भाव बनाए रखने के लिए भोजन बनाते समय सबसे पहली रोटी के बराबर चार टुकड़े करके एक गाय को, दूसरा काले कुत्ते को, तीसरा कौए को खिलाना चाहिए तथा चौथा टुका किसी चौराहे पर रख देना चाहिए। घर के पूजा घर में अशोक के सात पत्ते रखें। उनके मुरझाने पर तत्काल नए पत्ते रखकर पुराने पत्ते पीपल के वृक्ष नीचे रखने से गृह कलह दूर होने लगता है।

» अगर परिवार में कलह के कारण मानसिक तनाव और परेशानी हो रही हो तो एक पतंग पर अपनी परेशानी लिखकर सात दिनों तक उसे उड़ाकर छोड़ देने से समस्या का समाधान होता है। पति और पत्नी के बीच झगड़ा होता हो तो घर में विधि-विधान से स्फटिक के शिवलिंग स्थापित करके इकतालीस दिनों तक उस पर गंगा जल और बेल पत्र चढ़ाएं तथा '? नम: शिवशक्तिस्वरूपाय मम गृहे शांति कुरु कुरु स्वाहा' मंत्र का ग्यारह माला जप करने से झगड़ा शांत होने लगता है।

» छोटी-छोटी बातों पर होने वाले विवादों को रोकने के लिए



केवल सोमवार अथवा शनिवार के दिन गेहूं पिसवाते समय एक सौ ग्राम काले चने भी मिलवाएं। इस आटे की रोटी खाने से भी गृह कलह दूर होता है।

» यदि चंद्र ग्रह के अशुभ या दूषित होने से परिवार में अक्सर कलह रहती है तो इसके लिए रविवार रात में अपने सिरहाने स्टील या चांदी के एक गिलास में गाय का थोड़ा सा कच्चा दूध रखें और प्रात:काल उसे बबूल के पेड़ पर चढ़ा दें।

» इन उपायों के साथ-साथ घर में बबूल की धूनी देने, गणेश एवं पार्वती की आराधना करने, चींटियों को शक्कर डालने, पूर्व दिशा की ओर सिरहाना करके सोने, हनुमान जी की उपासना करने, सेंधा नमक मिश्रित पानी से घर में पोछा लगाने आदि से भी गृह कलह दूर होकर शांति बनी रहती है।

» वास्तु शास्त्र के अनुसार भी अगर भवन में कोई वास्तु दोष है तो गृह कलह संभव है। इसके लिए घर के प्रवेश द्वार के सामने यदि कोई पेड़ नुकीला कोना, मंदिर की छाया, हेंड पंप आदि हैं तो उन्हें या तो हटवा दें अथवा अपने द्वार को सरकवा दें।

» घर के अंदर युद्ध, डूबती नाव, जंगली जानवर, त्रिशूल, भाले आदि के चित्र अथवा प्रतिमा रखने से बचें। बेडरूम में दर्पण ऐसी जगह लगाएं जहां से सोते समय अपना प्रतिबिंब न दिखाई दे।

» अगर घर की दीवारों का प्लास्टर उखड़ा हुआ है तो उसे तत्काल ठीक कराएं। भवन में किचन उत्तर-पश्चिम दिशा में न रखें अन्यथा गृह कलह होने की संभावना बनी रहेगी।

## मोटापे से बढ़ जाता है लिवर का खतरा

मोटापे से किशोरों में लिवर संबंधी गंभीर बीमारी या उम्र बढ़ने के साथ यकृत कैंसर के होने का खतरा ज्यादा रहता है। शोधकर्ता ने अपने निष्कर्ष में बताया कि सामान्य वजन वाले पुरुषों की तुलना में मोटापाग्रस्त पुरुषों में उम्र बढ़ने के साथ लिवर की बीमारी होने की संभावना दोगुने से ज्यादा होती है। मोटापा और टाइप 2 मधुमेह वाले पुरुषों में समान्य लोगों की तुलना में लिवर की समस्या होने की संभावना तीन गुनी ज्यादा होती है।





# बीयर बुरी नहीं आपकी सोच है बुरी

बीयर पीना या न पीना आपकी इच्छा पर निर्भर करता है। लेकिन, हम यहां आपको बता रहे हैं कि ऐसे कारण जिन्हें पढ़कर आपको ज्ञात होगा कि अगर इसका सेवन संतुलित मात्रा में किया जाए तो बीयर आपके लिए क्यों नुकसानदेह नहीं है। याद रखें, हम आपको बीयर पीने के लिए प्रेरित नहीं कर रहे। अगर आप शराब नहीं पीते या आपको कोई स्वास्थ्य समस्या है, तो आपको इसका सेवन नहीं करना चाहिये।

### बीयर पीने वाले लंबा जीते हैं

संतुलित मात्रा में बीयर पीना आपकी सेहत के लिए अच्छा होता है। हां, ज्यादा मात्रा जरूर आपकी सेहत बिगाड़ सकती है। अगर आप ज्यादा पीते हैं, तो आपको कैंसर जैसी कई खतरनाक बीमारियां हो सकती हैं, लेकिन अगर आप बिलकुल ही नहीं पीते, तो यह भी आपकी सेहत के लिए अच्छा नहीं। कई शोध यह बता चुके हैं कि संतुलित मात्रा में पीने वाले, ज्यादा पीने वालों या बिलकुल ही न पीने वालों की अपेक्षा अधिक लंबा जीवन जीते हैं। बीयर संतुलित मात्रा में पीने के लिए उपयुक्त है। इसमें एल्कोहल की मात्रा वाइन और व्हिस्की आदि की अपेक्षा कम होती है।

### कुदरती होती है बीयर

कुछ लोग मानते हैं कि बीयर में कई प्रिजरवेटिव मिलाये जाते हैं। लेकिन, सच्चाई यह है कि बीयर ओरेंज जूस जितनी ही कुदरती होती है। और कई मामलों में उनसे भी ज्यादा। क्योंकि पैक्ड ओरेंज जूस और मिलावटी दूध के नुकसानों के बारे में हम जानते ही हैं। बीयर को प्रिजरवेटिव की जरूरत नहीं होती। इसमें एल्कोहल और होप्स होता है। ये दोनों ही कुदरती प्रिजरवेटिव हैं। बीयर को बनाने की प्रक्रिया ब्रेड जैसी ही है। इसे भी पकाया और किण्वित किया जाता है।



### कोलेस्ट्रॉल स्तर में सुधार

बीयर में कोलेस्ट्रॉल नहीं होता, लेकिन यह आपके शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर सुधारती है। संतुलित मात्रा में बीयर का सेवन करना शरीर में गुड और बेड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को संतुलित करती है। बीयर शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाती है।

### विटामिन बी होता है भरपूर

बीयर और खासकर अनफिल्टर या लाइट बीयर, बहुत ज्यादा पौष्टिक होती है। बीयर में विटामिन बी के सभी रूप उच्च स्तर में होते हैं। इसमें फॉलिक एसिड होता है जो हार्ट अटैक से बचाने में मददगार होता है। बीयर में घुलनशील फाइबर होता है, जो आपको रोजमर्रा के काम करने के लिए पर्याप्त ऊर्जा देता है। इसके साथ ही यह फाइबर हमारे शरीर में जमा अतिरिक्त वसा और गंदगी को निकालने में मदद करता है।

### पानी से अधिक सुरक्षित है बीयर

अगर आप किसी ऐसे स्थान पर हैं, जहां आपको पानी न पीने की सलाह दी जाती है, तो आप बीयर पी सकते हैं। यह ज्यादा सुरक्षित विकल्प है। बीयर को उबालकर बनाया जाता है। इसके बाद सीलबंद होने तक इसमें स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा जाता है। यदि यह स्वच्छ न होती, तो शायद इसे बेच पाना भी असंभव होता। अगर बीयर बुरी भी हो, तो उसमें कोई जानलेवा बैक्टीरिया नहीं होता। तो, आप बेफिक्र होकर बीयर पी सकते हैं। यह पानी से सुरक्षित होती है।

### अटैक से बचाये

रेड वाइन के अलावा डार्क बीयर में काफी अधिक मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं। वाइन अन्य एल्कोहोलिक पेय पदार्थों के मुकाबले अधिक फायदेमंद है। एक रिपोर्ट के मुताबिक रोजाना तीन ड्रिंक पीना दिल की बीमारियों के खतरे को 24.7 फीसदी तक कम कर सकती है।

### कैंसर से लड़े

बीयर का सबसे कमाल का फायदा यह है कि यह कैंसर से लड़ने में मददगार होती है। बीयर बनाने में इस्तेमाल होने वाले पौधे होप्स में एक्सनथोहूमोल पाया जाता है, जो कैंसर से लड़ने में मदद करता है। यह एंटी-ऑक्सीडेंट केवल और केवल बीयर में ही मिलता है।

### बीयर से पेट नहीं निकलता

पेट निकलने और बीयर के सेवन के बीच कोई समानता नहीं है। आमतौर पर माना जाता है कि बीयर पीने वाले, बीयर न पीने वालों की अपेक्षा अधिक मोटे होते हैं। कई शोध तो यह दावा करते हैं कि संतुलित मात्रा में बीयर पीने वाले लोगों का पेट और वजन बीयर न पीने वालों की अपेक्षा कम होता है।

### कैलोरी की मात्रा है कम

बीयर में कैलोरी बहुत कम होती है। इसमें कार्बोहाइड्रेट बहुत कम होता है। वसा या कोलेस्ट्रॉल बिलकुल नहीं होती। लगभग 12 औंस बीयर में 156 कैलोरी के साथ 14 एमजी सोड़ियम, 0 वसा, 12.6 ग्राम कार्बोहाइड्रेट और 1 प्रतिशत कैल्शिम पाया जाता है।

### किडनी में स्टोन नहीं होता

शोध के अनुसार बीयर पीने से पथरी होने का खतरा कम हो जाता है। 40 % बीयर पीने वाले लोगों में किडनी स्टोन होने का खतरा उन लोगों के मुकाबले काफी घट गया था। जो बीयर नहीं पीते थे। हालांकि शोधकर्ता यह निर्धारित नहीं कर सके। कि बीयर में ऐसी कौन सी चीज शामिल थी। जिसकी वजह से यह हो सका।किड़नी स्टोन में असहनीय दर्द होता है।

# जींस खरीदते वक्त बिना दुकानदार की बातों में आएं इन बातों का रखे विशेष ख्याल



हममें से ज्यादातर लोग ऐसे होंगे जो अपना अधिकांश समय जींस पहने-पहने ही बिताते हैं. जींस की लोकप्रियता का अंदाजा आप इस बात से भी लगा सकते हैं कि आज के समय में ये हर किसी की आलमारी का हिस्सा बन चुकी है. इसे पहनना काफी आरामदेह है।अगर आप जींस का इस्तेमाल रोजाना करते हैं तो आपको एक ऐसी जींस चाहिए, जो कंफर्टेबल भी हो साथ ही टिकाऊ भी। इन सब के साथ अगर जींस का लुक अच्छा हो तो यह आपके आउटफिट में चार-चांद लगा सकता है। परफेक्ट जींस खरीदना एक चैलेंज जैसा ही है। ये टिप्स आपको एक परफेक्ट जींस खरीदने में मदद करेंगे।

### फैब्रिक पर ध्यान दें

जींस खरीदने से पहले फैब्रिक को अच्छी तरह से छूकर देख लें। इससे आपको फैब्रिक की क्वालिटी का पता चल जाएगा। फैब्रिक की क्वालिटी पता करने में जल्दबाजी ना करें। जींस खरीदने से पहले उसके देश और ब्रांड के बारे में जान लें। वैसे जर्मनी के जींस की क्वालिटी काफी अच्छी मानी जाती है।

### कॉटन मिक्स हो

जीन्स खरीदते समय इस बात का ध्यान रखें कि उसमें 80 से 100 प्रतिशत तक कॉटन मिक्स हो। ऐसी जीन्स की फिटिंग काफी अच्छी होती है। कई छोटे-मोटे ब्रांड कुछ और फैब्रिक को भी जीन्स के साथ मिक्स कर देते हैं, जैसे स्पैंडेक्स, जो देखने में तो अच्छी लगती है लेकिन फिटिंग में बेकार होती है। अगर जींस लिनेन मिक्स भी हो तो भी एक परफेक्ट फिट देती है।

### कम्फर्ट जोन से बाहर निकलें

हमेशा एक जैसी जींस मत खरीदिये। कम्फर्ट जोन से बाहर निकलें और कुछ नया ट्राय करें। ज्यादातर लोग एक ही तरह की जींस पहनते हैं। जबकि ये गलत है। इससे साइज का पता नहीं चलता। जबकि हर उम्र में शरीर का साइज बदलता है तो ऐसे में जरूरी है कि जींस का साइज हमेशा बदलते रहें।

### स्टाइल और डिजाइन

समय के साथ कई स्टाइल्स ट्रेंड बन जाते हैं। हम आपको बताना चाहते हैं कुछ ऐसे स्टाइल्स जो आपको हमेशा इग्नोर ही करने चाहिए। जैसे आपकी बैक पॉकेट डिजाइन वाली न हो, ड्रमाटिक वॉश पैटर्न न हो। साथ ही ऑवर डिजाइन न हो। डिजाइन सिंपल हो और उसका लुक क्लासिक हो।

### ऑकेजन का रखें ध्यान

जींस चुनने से पहले आपको इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि आप किस उद्देश्य के लिए खरीदारी कर रहे हैं। ऑफिस में कैजुअल थीम के लिए या फिर दोस्तों के साथ डे-आउट के लिए। अगर आप ऑफिस के लिए चुन रहे हैं तो आपकी जींस सिंपल और क्लासी होनी चाहिए। अगर दोस्तों के साथ डे-आउट पर जा रहे हों तो आप नैरो फिट जींस भी ट्राई कर सकते हैं।

# मस्तिष्क के दोनों भागों को सक्रिय करने के तरीके

एक अवधारणा रही है कि मनुष्य अपने दिमाग का प्रयोग शत-प्रतिशत नहीं कर पाता है। लेकिन एक सिद्धांत की मानें तो मस्तिष्क के दो भाग होते हैं, दोनों भाग स्वतंत्र रूप से कार्य करते हैं तथा आपस में लगभग 200 मिलियन नर्व फाइबर्स से जुड़ होते हैं, इसे कारपस केलोसम' नाम से जाना जाता है। इसका मुख्य कार्य है मस्तिष्क के एक भाग से दूसरे भाग को यह कहना है कि वह क्या कर रहा है। मस्तिष्क के ये दोनों भाग देखने में एक-दूसरे के प्रतिबिम्ब लगते हैं, परन्तु उनके कार्यों में काफी अंतर होता है। सामान्यतया मस्तिष्क के दोनों अंग सक्रिय नहीं होते हैं, इसे सक्रिय करने के लिए ये तरीके आजमायें।

### शांत और स्थिर मन

मस्तिष्क के दांयें और बांयें हिस्सों के बीच सामंजस्य बढाने का एक सबसे अच्छा तरीका यह है कि अगर कोई इंसान अपने स्थूल शरीर को शांत और स्थिर रख सकता है, तो शरीर की निश्चलता की इस स्थिति में मस्तिष्क एक बड़े पैमाने पर जुड़ जाता है। इससे किसी भी चीज को जल्दी और आसानी से सीखा जा सकता है।



### सिल्वा ध्यान

उन्होंने सिल्वा ध्यान विधि का प्रचार किया था। उन्होंने बाएँ हाथ से काम करने वालों को मस्तिष्क के बाएँ हिस्से पर चेतन मन को आँखें बंद करके पहुँचाने और एकाग्रता करने के लिए सचेत किया था। उसी प्रकार जो व्यक्ति दाहिने हाथ से कार्य करते हैं, उन्हें दाहिने मस्तिष्क के भाग पर चेतन मन को केंद्रित करके ध्यान करने की विधि बताई थी।

### प्राणायाम

प्राणायाम करते समय दोनों स्वर (नाक के भाग) चलने स मस्तिष्क के दोनों भागों को प्राणवायु का संचार होने लगता है और मस्तिष्क के दोनों भाग समान रूप से उन्नत होते हैं। प्राणायाम में अनुलोम-विरोम, सूर्यभेदि प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम एवं उज्जयी प्राणायाम मस्तिष्क के विकास में अत्यधिक मदद करते हैं।



### ध्यान के फायदे

ध्यान से मस्तिष्क दोनों के भाग का संपूर्ण विकास होकर तनाव निर्माण करने वाले हार्मोस कम बनते हैं और उपयुक्त हार्मोन्स जैसे मेलाटोनीन, सायटोसीन, डोपामीन और ऑक्सीटोसिन का अधिक निर्माण होने से क्रियाशीलता, नूतन विचार, समस्याओं का हल, प्रेमभाव, समझने की शक्ति, कार्य करने की इच्छा आदि बढ़ने लगती है।

# ये हैं ग्रीन-टी पीने का सही समय



फिट रहने के लिए कई लोग ग्रीन-टी का सेवन करते हैं। यह शरीर की फिटनेस ही नहीं सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद है। इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट शरीर का मोटापा कम करने में मदद करते हैं लेकिन कुछ लोग जल्दी पतले होने की चाह में दिन में कई बार इसका सेवन कर लेते हैं जिससे शरीर को नुकसान भी हो सकता है। इससे शरीर में आयरन की कमी हो जाती है और पेट की भी कई समस्याएं हो सकती हैं। इसके लिए ग्रीन-टी सही समय और उचित मात्र में पीएं जिससे सेहत को फायदा मिले।

सही समय ग्रीन-टी पीने का सही समयग्रीन-टी से शरीर को फायदा पहुंचाने के लिए इसको सही समय पर पीना बहुत जरूरी है। भोजन करने से 1 या 2 घंटे पहले ग्रीन-टी का सेवन करें।

खाली पेटसुबह खाली पेट न पियें ग्रीन-टी पीने से मोटापा कम होता है इसलिए कई लोग इसे खाली पेट पीना पसंद करते हैं जिससे चर्बी जल्दी कम हो लेकिन खाली पेट पीने से काफी नुकसान होता है। इसमें कैफिन होता है जिसे खाली पेट पीने से आंतों की कई समस्याएं हो जाती हैं।

### गर्म पानी गर्म पानी

कुछ लोग ग्रीन-टी को आम चाय की तरह बना कर पीते हैं। इसमें दूध और शक्कर डालकर पीने से शरीर को कोई फायदा नहीं होता और न ही मोटापा कम होता है। इसके लिए हमेशा गर्म पानी का ही इस्तेमाल करें।

शहद जिस तरह गर्म पानी में शहद मिलाकर पीने से वजन कम होता है उसी तरह ग्रीन-टी में भी शहद मिलाकर पीएं। ग्रीन-टी से पेट की पाचन शक्ति ठीक रहती है और शहद से पेट की चर्बी जल्दी कम होती है। ऐसे में इन दोनों का साथ में सेवन करने से काफी फायदा होता है।

एक दिन में केवल 2-3 कप-एक दिन में केवल 2-3 कपखाने के तुरंत बाद कभी भी ग्रीन-टी का सेवन न करें। इसके अलावा दिन में कम से कम 2-3 कप ग्रीन-टी ही पीएं। इसके अधिक सेवन से लीवर को नुकसान होता है।

## रेसिपी



### मखाना चिक्की

#### सामग्री

मखाने - 100 ग्राम
घी - 200 ग्राम
चीनी - 500 ग्राम
दूध - 1 बड़ा चम्मच

#### विधि

सबसे पहले सारे मखानों को चार टुकड़ों में काट लीजिए। कड़ाही में घी डाल कर गर्म कीजिए। इसमें थोड़े-थोड़े मखाने डालकर हल्के गुलाबी होने तक तल कर निकाल लीजिए। सारे मखाने को ऐसे ही तल कर रख लीजिए। चाशनी बनाने के लिए कड़ाही में शक्कर और इसका एक तिहाइ पानी डालकर गर्म कर लें। शक्कर घुल जाने के बाद इसमें दूध डाल दीजिए। जब भूरे रंग के झाग ऊपर उठने लगे तो चम्मच की मदद से झाग को बाहर निकाल दीजिए। इस प्रकार गाढ़ी चाशनी तैयार कर लीजिए। अब इस चाशनी में तले हुए मखाने डालकर कलछी से चलाते हुए मिलाइये। इस मिश्रण को घी लगे हुए थाली में निकालकर फैला दीजिए। थोड़ी ही देर में ये जम जाता है। इसे टुकड़ों में काट तक एयर टाइट कंटेनर में रख लीजिए। इसे आप काफी दिनों तक रख सकते हैं।



### दही अरबी

#### सामग्री

अरबी - 250 ग्राम, दही - 150 ग्राम (3/4 कप), तेल - 1-2 चम्मच, अजवायन - आधी छोटी चम्मच, हींग - 1-2 पिंच, हरी मिर्च - 2-3 (बारीक कतरी हुई), हल्दी पाउडर-एक चौथाई छोटी चम्मच, धनियां पाउडर - आधी छोटी चम्मच, लाल मिर्च पाउडर - एक चौथाई छोटी चम्मच, नमक - स्वादानुसार, गरम मसाला - 1/4 छोटी चम्मच से कम, हरा धनियां - 1 एक बड़ा चम्मच

#### विधि

सबसे पहले अरबी को धो कर उबाल लीजिये। ठंडा करने के बाद इसे छील कर आधा इंच मोटे और गोल टुकड़ों में काट लीजिए। अब दही को अलग से फेंट लीजिए। इस एक बर्तन में रखकर इसमें अरबी डालें और एक से दो कप पानी मिला दें। इस मिश्रण को गैस पर रखकर तब तक उबालें जब तक सब्जी में उबाल ना आ जाए। उबल जाने पर सब्जी को चलाना बंद कर दें और इसमें नमक, धनिया पाउडर और गरम मसाला डाल दीजिए। तीन से चार मिनट तक पकने देने के बाद गैस बंद कर दें। अब एक छोटी कड़ाही में तेल गर्म करें और इसमें हींग और अजवायन डालें। इसके बाद इसमें हरी मिर्च, हल्दी पाउडर और लाल मिर्च पाउडर डाल कर हल्का सा भूनें। इन सभी को अच्छे से मिला कर सब्जी में डाल कर अच्छे से मिक्स कर दें। दही अरबी तैयार है। धनिया की पत्ती से सजायें, इसे आप पूरी, पराठे के साथ सर्व करें।




# बेंगलुरु में बना देश का पहला 3डी-प्रिंटेड पोस्ट ऑफिस: 45 दिन में 1000 स्क्वायर फीट में बनाया गया, मोदी बोले- इसे देखकर हर भारतीय को गर्व होगा

**बेंगलुरु।**
यूनियन मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु में देश की पहली 3डी-प्रिंटेड पोस्ट ऑफिस बिल्डिंग का इनोग्रेशन किया। यह नई पोस्ट ऑफिस बिल्डिंग लार्सन एंड टुब्रो कंस्ट्रक्शन कंपनी ने 3डी कंक्रीट प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी का यूज कर लगभग 1000 स्क्वायर फीट में बनाई है।

**45 दिन में बनी 3डी-प्रिंटेड पोस्ट ऑफिस बिल्डिंग** – इस पोस्ट ऑफिस के स्ट्रक्चरल डिजाइन को आईआईटी मद्रास ने अप्रूव किया है। वहीं इस कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट को पूरा होने में सिर्फ 45 दिन का समय लगा है। अगर इसे कन्वेंशनल मेथड से बनाया जाता, तो इसमें 6 से 8 महीने का समय लग जाता।

**बिल्डिंग 3 मई को पूरी हो गई थी, इस वजह से हुई इनोग्रेशन में देरी** – रिपोर्ट के अनुसार, यह 3डी-प्रिंटेड पोस्ट ऑफिस बिल्डिंग 3 मई को पूरी हो गई थी, लेकिन इसके ड्रेनेज और वाटर नेटवर्क को बनाने में लगभग दो महीने लग गए। फिर इसके इनोग्रेशन के लिए एक और महीना मंत्री अश्विनी वैष्णव की उपलब्धता के इंतजार में लग गया।

**हलासुरू बाजार में मौजूदा पोस्ट ऑफिस नई बिल्डिंग में शिफ्ट होगा** – रिपोर्ट के मुताबिक, नई 3डी-प्रिंटेड पोस्ट ऑफिस बिल्डिंग के लॉन्च के साथ हलासुरू बाजार में मौजूदा पोस्ट ऑफिस को बंद किया जाएगा। फिर स्टाफ और सामान को नई बिल्डिंग में जल्द ही शिफ्ट किया जाएगा।

**अश्विनी वैष्णव ने शेयर किया 3डी-प्रिंटेड पोस्ट ऑफिस का वीडियो** – अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर 3डी-प्रिंटेड पोस्ट ऑफिस बिल्डिंग का एक वीडियो भी शेयर किया है। जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, आत्मनिर्भर भारत की भावना। भारत का पहला 3डी-प्रिंटेड पोस्ट ऑफिस। कैम्ब्रिज लेआउट, बेंगलुरु।

**3डी-प्रिंटेड पोस्ट ऑफिस देखकर हर भारतीय को गर्व होगा: प्रधानमंत्री** – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस 3डी-प्रिंटेड पोस्ट ऑफिस की कुछ फोटोज पर शेयर कर लिखा, कैंब्रिज लेआउट, बेंगलुरु में भारत का पहला 3डी-प्रिंटेड पोस्ट ऑफिस देखकर हर भारतीय को गर्व होगा। यह हमारे देश के इनोवेशन और प्रोग्रेस का एक प्रमाण है। यह आत्मनिर्भर भारत की भावना का भी प्रतीक है। उन लोगों को बधाई, जिन्होंने इस पोस्ट ऑफिस को बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है।

## न्यूज ब्रीफ

### हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन मार्केट में रही गिरावट: सेंसेक्स 202 गिरकर 64,948 पर बंद हुआ, कॉनकॉर्ड बायोटेक के शेयर्स 21प्रतिशत ऊपर लिस्ट हुए




**मुंबई।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 202 अंक की गिरावट के साथ 64,948 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 55 अंको की गिरावट देखने को मिली, यह 19,310 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में गिरावट और 8 में तेजी देखने को मिली। इससे पहले बीते दिन भी मार्केट में गिरावट देखने को मिली थी। कॉनकॉर्ड बायोटेक ने स्टॉक एक्सचेंजों पर शानदार शुरुआत की। कंपनी के शेयर्स बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर 21.46प्रतिशत प्रीमियम के साथ प्रति शेयर 900.05 रुपए पर लिस्ट हुआ। इसके साथ ही, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में कॉनकॉर्ड बायोटेक की लिस्टिंग 900.05 प्रति शेयर पर हुई, जो इश्यू प्राइस से 21.46प्रतिशत का प्रीमियम है। कंपनी ने आईपीओ का प्राइज बैंड 705-741 रुपए प्रति शेयर रखा था। ये पहले दिन तक 58प्रतिशत, दूसरे दिन तक 2.72 गुना और आखिरी दिन तक 24.87 गुना सब्सक्राइब हुआ था। प्लास्टिक ड्रम बनाने वाली कंपनी पिरामिड टेक्नोप्लास्ट लिमिटेड का आईपीओ पब्लिक सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन हो गया है। इस इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी आईपीओ के जरिए कंपनी 153.05 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 22 अगस्त तक बोली लगा सकेंगे। 30 अगस्त को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर लिस्ट होंगे। इससे पहले गुरुवार (17 अगस्त) को भी शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 338 अंक गिरकर 65,151 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी में भी 99 अंकों की गिरावट थी, ये 19,365 के स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में गिरावट और 8 में तेजी देखने को मिली थी।

### ईवी -कंपनियों ने कस्टमर्स को नहीं लौटाए 306 करोड़: सब्सिडी पाने के लिए ई-स्कूटर के साथ अलग से बेचे थे चार्जर



**नई दिल्ली।** देश की टॉप-4 इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर कंपनियों ने कस्टमर्स को अब तक 306 करोड़ रुपए रिफंड नहीं किए हैं। इन कंपनियों में ओला इलेक्ट्रिक, एथर एनर्जी, टीवीएस मोटर्स और हीरो मोटोकॉर्प इनमें शामिल हैं। कंपनियों पर आरोप है कि सब्सिडी क्लेम करने के लिए कंपनियों ने अपने स्कूटर्स की कीमतों को कम रखा, लेकिन चार्जर और सॉफ्टवेयर के नाम पर ग्राहकों से अलग से पैसे लिए। यही नहीं कंपनियां बाद में सॉफ्टवेयर अपडेट के नाम पर भी ग्राहकों से पैसे वसूल रही थीं। सब्सिडी नियम के तहत ये कंपनियां चार्जर का अलग से पेमेंट नहीं ले सकतीं। सरकार के नोटिस के बाद चारों कंपनियों ने चार्जर की 100प्रतिशत कीमत वापस करने के लिए ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया इन्फॉर्म किया था, लेकिन अब तक ग्राहकों को 10 करोड़ ही रिफंड किए गए हैं। अब कंपनियों का कहना है कि ग्राहकों की बैंक डिटेल उपलब्ध नहीं होने के चलते रिफंड करने में देर हो रही है। फाइनेंशियल ईयर 2019-20 से 30 मार्च, 2023 तक ओला एस1 प्रो मॉडल खरीदने वाले कस्टमर को कंपनी रिफंड देगी। मई 2022 से लेकर मार्च 2023 के बीच खरीदने वाले ग्राहकों को ये पैसा रिफंड के तौर पर देगा। हीरो मोटोकॉर्प मार्च 2023 तक विडा प्लस और विडा प्रो मॉडल खरीदने वाले कस्टमर्स को चार्जर के पैसे लौटाएगी। 2019 में 10000 करोड़ रुपए के बजट के साथ फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल योजना के सेकेंड फेज की घोषणा की गई थी। इसके तहत अब तक 3701 करोड़ का इस्तेमाल किया जा चुका है। वहीं फाइनेंशियल ईयर-2024 के लिए 5172 करोड़ रुपए अलॉट किए जा चुके हैं। इस मामले के सामने आने के बाद देखना होगा कि सरकार शेष राशि का इस्तेमाल ईवी प्रचार के लिए करती है या नहीं।

### प्रमोद कुमार होंगे बार्कलेज इंडिया के नए सीईओ, ब्रिटिश बैंक ने टीम इंडिया में किया ये बदलाव

**नई दिल्ली।** बार्कलेज पीएलसी ने भारत में अपने शीर्ष प्रबंधन के लिए नए अधिकारियों को नामित किया। भारत ऋणदाता के लिए एक प्रमुख विदेशी बाजार है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार प्रमोद कुमार बार्कलेज इंडिया के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी होंगे वे राम गोपाल की जगह लेंगे, जो लगभग छह साल तक देश में बैंक का नेतृत्व करने के बाद सेवानिवृत्त हो रहे हैं। सूत्रों के अनुसार ब्रिटिश बैंक ने एचएसबीसी होल्डिंग्स पीएलसी की सुनीता शेट्टी को भारत में मुख्य परिचालन अधिकारी नियुक्त किया है।

रियल एस्टेट कंपनी की हालत खराब

# न्यूयॉर्क में मांगा दिवालियापन संरक्षण, 300 अरब डॉलर का है कर्ज

**नई दिल्ली।**
चीन की दिग्गज रियल एस्टेट कंपनी एवरग्रांडे ग्रुप जिसकी चूक ने दो साल पहले देश में व्यापक संपत्ति ऋण संकट को तेज किया था ने न्यूयॉर्क में चेप्टर 15 के तहत दिवालियापन संरक्षण की मांग की। यह कदम इसे अमेरिका में लेनदारों से बचाएगा, इस दौरान कंपनी पुनर्गठन सौदे पर काम कर रही है। चीन की रियल एस्टेट कंपनी की ओर से अध्याय 15 के तहत दायर याचिका में हांगकांग और केमैन द्वीप समूह में की जा रही पुनर्गठन कार्यवाही का संदर्भ दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय ऋण-पुनर्गठन सौदों को कभी-कभी लेनदेन को अंतिम रूप देने के दौरान अध्याय 15 के तहत फाइलिंग की आवश्यकता होती है। पिछले साल, बीजिंग स्थित डेवलपर मॉडर्न लैंड चाइना कंपनी ने भी 250 मिलियन डॉलर के बॉन्ड को चुकाने में विफल रहने के बाद अध्याय 15 के तहत दिवालियापन के लिए आवेदन किया था और कहा था कि यह एक अपतटीय ऋण पुनर्गठन सौदे के साथ आगे बढ़ेगा।

एवरग्रांडे की ओर से दिवालियापन के लिए आवेदन की खबर का चीन की 60 ट्रिलियन डॉलर की वित्तीय प्रणाली पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा यह बैंकों, ट्रस्टों और लाखों घर मालिकों में हलचल पैदा कर सकता है। यह देश के सबसे बड़े ऋण पुनर्गठन में से एक होगा। 300 अरब डॉलर से अधिक की देनदारियों के विशाल आकार का मतलब है कि ऋण पुनर्नगठन की प्रक्रिया लंबी होनी निश्चित है।

देश के सबसे बड़े प्रॉपर्टी डेवलपर्स में से एक कंट्री गार्डन होल्डिंग्स कंपनी के बिल्डरों के रिकॉर्ड ऋण विफलताओं के बीच संभावित पहली चूक की ओर बढ़ने के बाद इस महीने चीनी बाजारों के प्रति धारणा प्रभावित हुई। हाल के दिनों में स्थिति तब और खराब हो गई जब वित्तीय समूह झोंगझी एंटरप्राइज ग्रुप कंपनी ने संबद्ध फर्मों की ओर से कुछ निवेश उत्पादों पर भुगतान से चूकने के बाद चिंता जताई। चीन का संपत्ति ऋण संकट तेजी से गहरा रहा है, क्योंकि यह अपने चौथे वर्ष में प्रवेश कर रहा है।



### चीन के डेवलपर्स की ओर से जारी डॉलर बॉन्ड संकट में पड़े

विकास की होड़ को बढ़ावा देने के लिए ऋण लेने के आदी चीन के डेवलपर्स ने 2020 में बदलाव का पहला अनुभव किया। यही वह समय था जब अधिकारियों ने तीन लाल रेखाएं निर्धारित कीं जो लीवरेज बेंचमार्क निर्धारित करती थीं, इसे बिल्डरों को पूरा करना पड़ता था यदि वे अधिक पैसा उधार लेना चाहते थे। ब्लूमबर्ग इंडेक्स के अनुसार, बड़े पैमाने पर डेवलपर्स की ओर से जारी किए गए चीनी जंक डॉलर बॉन्ड संकट में पड़ गए हैं, औसत कीमतें अब लगभग 65 सेंट पर पहुंच गईं हैं।

एवरग्रांडे एक अपतटीय ऋण पुनर्गठन योजना को पूरा करने के लिए महीनों से काम कर रहा है। फर्म ने अप्रैल में खुलासा किया कि उसके पास अभी तक योजना को लागू करने के लिए आवश्यक लेनदार समर्थन स्तर नहीं है। जुलाई में इसे सौदे पर मतदान कराने के लिए अदालत की मंजूरी मिली। कंपनी ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि उसने लेनदारों के लिए तथाकथित योजना की बैठकों को 28 अगस्त तक पुनर्निर्धारित किया है।

### दिसंबर 2021 में पहली बार एवरग्रांडे ने डॉलर बॉन्ड पर की थी चूक

एवरग्रांडे ने अपने वित्तीय स्थिति के बारे में महीनों की अनिश्चितता के बाद दिसंबर 2021 में पहली बार डॉलर बॉन्ड पर चूक की थी। कंपनी के संघर्षों ने चीन के संपत्ति क्षेत्र के बारे में चिंताओं को और बढ़ा दिया। एवरग्रांडे की इलेक्ट्रिक-वाहन इकाई ने दुबई स्थित स्टार्टअप एनडब्ल्यूटीएन इंक को लगभग 28प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने पर सहमति व्यक्त की, जिससे इस सप्ताह की शुरुआत में कार निर्माता के शेयरों में उछाल आया। एनडब्ल्यूटीएन चीन एवरग्रांडे न्यू एनर्जी व्हीकल ग्रुप लिमिटेड में शेयरों और ईवी निर्माता के बोर्ड के बहुमत के बदले में 500 मिलियन डॉलर का निवेश करेगा, कंपनियों ने बीते सोमवार को यह घोषणा की।

हुंडई वेन्यू का स्पेशल नाइट एडिशन लॉन्च

# वॉइस कमांड से कंट्रोल हो सकेगी कार, टाटा नेक्सन से होगा मुकाबला




**नई दिल्ली।**
हुंडई मोटर इंडिया ने अपनी पॉपुलर एसयूवी हुंडई वेन्यू का नाइट एडिशन भारत में लॉन्च कर दिया है। इसमें डुअल डैश कैमरा और एलेक्सा के साथ होम टू कार का फीचर दिया गया है। इससे कार को हिंदी और इंग्लिश लेंगवेंज में वॉइस कमांड के जरिए कंट्रोल किया जा सकता है।

वेन्यू नाइट एडिशन को दो पेट्रोल इंजन ऑप्शन के साथ 7 वैरिएंट में पेश किया गया है। इसकी कीमत 10 लाख रुपए से शुरू होती हैं, जो 13.48 लाख रुपए (दोनों कीमतें एक्स-शोरूम) तक जाती हैं। सब 4-मीटर एसयूवी सेगमेंट में कार का मुकाबला टाटा नेक्सन ब्लैक एडिशन से होगा। क्रेटा और अल्कजार के बाद यह कंपनी का तीसरा नाइट एडिशन मॉडल है।

### हुंडई वेन्यू नाइट एडिशन: एक्सटीरियर

वेन्यू के नाइट एडिशन में को फुली ब्लैक एक्सटीरियर थीम मिलती है। इसमें फ्रंट ग्रिल, ओआरवीएम, शार्क-फिन एंटीना, स्किड प्लेट और ब्लैक कलर के अलॉय व्हील और ब्लैक व्हील कवर शामिल हैं। हुंडई वेन्यू नाइट एडिशन में 4 मोनोटोन और एक डुअल टोन कलर ऑप्शन मिलते हैं। इसमें एबिस ब्लैक, एटलस व्हाइट, टाइटन ग्रे, फियरी रेड और एबिस ब्लैक+फियरी रेड डुअल टोन कलर शामिल हैं। इसके अलावा कार में फ्रंट और रियर बंपर, फ्रंट व्हील और रूफ रेल्स पर ब्रास कलर के छोटे-छोटे एलिमेंट्स मिलते हैं। वहीं, फ्रंट ग्रिल, हुंडई लोगो और वेन्यू की बेजिंग डार्क क्रोम से लैस है। रेड कलर के ब्रैक कैलिपर्स और बॉडी कलर के डोर हैंडल कार को लुक ओर स्पोर्टी बनाते हैं। वेन्यू नाइट एडिशन में परफॉर्मेंस के लिए दो पेट्रोल इंजन का ऑप्शन मिलता है। इसमें एक 1.2-लीटर का कप्पा नेचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन है, जो 82 की पावर और पीक टॉर्क जनरेट करता है। इसे 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स के साथ ट्यून किया गया है।


## अब वॉट्सऐप पर शेयर कर सकेंगे एचडी इमेज: कंपनी ने रोलआउट किया फीचर, 4160×2080 रिजोल्युशन तक की इमेज भेज सकेंगे यूजर्स

**नई दिल्ली।**
इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप वॉट्सऐप ने एचडी इमेज शेयरिंग फीचर रोलआउट कर दिया है। इस फीचर की मदद से यूजर्स 4160×2080 पिक्सल रेजोल्यूशन तक की एचडी इमेज शेयर कर सकेंगे। वॉट्सऐप की पेरेंट कंपनी मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने फेसबुक सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने लिखा, वॉट्सऐप पर तस्वीरें शेयर करने के लिए अभी एक अपग्रेड मिला है – अब आप एचडी में भेज सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने इस फीचर का एक वीडियो भी शेयर किया।

### एचडी के साथ स्टैंडर्ड क्वालिटी में भी इमेज शेयरिंग का ऑप्शन एचडी

एचडी इमेज शेयरिंग फीचर रोलआउट होने के बाद अब वॉट्सऐप यूजर्स एचडी और स्टैंडर्ड क्वालिटी दोनों क्वालिटी में फोटोज शेयर कर सकते हैं। एचडी क्वालिटी में इमेज शेयर करने का ऑप्शन क्रॉप आइकन के ठीक बगल में दिखाई देता है। जब एचडी ऑप्शन चूज करके इमेज शेयर करते हैं तो इमेज के ठीक नीचे वॉटरमार्क लिखा हुआ दिखाई देता है।

इसके साथ ही जब एचडी इमेज शेयर करने का




ऑप्शन टच करेंगे तो स्टैंडर्ड क्वालिटी में भी इमेज शेयर करने का ऑप्शन दिखाई देता है, जिसमें 1600 एक्स 800 पिक्सल रेजोल्यूशन तक की इमेज शेयर कर सकते हैं।

### वॉट्सऐप से एचडी क्वालिटी में इमेज कैसे भेजें

इमेज शेयर करते समय डिफॉल्ट रूम से क्वालिटी स्टैंडर्ड ही सेलेक्ट होगी। ऐसे में हाई डेफिनिशन क्वालिटी में इमेज शेयर करने के लिए मैनुअली एचडी ऑप्शन चूज करना होता है।

## जियो फाइनेंशियल सर्विसेज 21 अगस्त को मार्केट में लिस्ट होगा: 261.85 रुपए तय हुआ था शेयर प्राइस, पिछले महीने आरआईएल से अलग हुई थी कंपनी

**मुंबई।**
जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर्स 21 अगस्त को स्टॉक मार्केट में लिस्ट होंगे। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने इसके बारे में जानकारी दी। रिलायंस का फाइनेंशियल सर्विसेज बिजनेस पिछले महीने अपनी मूल कंपनी से अलग हुआ था। डीमर्जर के बाद प्राइस डिस्कवरी मैकेनिज्म के तहत जियो फाइनेंशियल के शेयर का भाव 261.85 रुपए तय हुआ था। भाव तय करने के लिए 20 जुलाई को एक घंटे के लिए आरआईएल के शेयर के लिए स्पेशल ट्रेडिंग सेशन रखा गया था। सुबह 9 बजे से 10 बजे तक रखे गए इस सेशन में ऑर्डर लगाया जा सकता था। इसे मॉडिफाई और कैंसिल भी कर सकते थे। रिलायंस के शेयर पर सबसे ज्यादा ऑर्डर जिस रेट पर आए उस हिसाब से जियो फाइनेंशियल का रेट तय हुआ थे।

### 10 कारोबारी दिन तक ट्रेड-फॉर-ट्रेड सेगमेंट में रहेगा शेयर



बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने नोटिस जारी करते हुए कहा, एक्सचेंज के ट्रेडिंग सदस्यों को सूचित किया जाता है कि सोमवार 21 अगस्त 2023 से जियो फाइनेंशिनें यल सर्विसेज लिमिटेड (जिसे पहले रिलायंस स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के इक्विटी शेयर लिस्ट होंगे। शेयर 10 कारोबारी दिनों के लिए ट्रेड-फॉर-ट्रेड सेगमेंट में रहेगा।

### रिलायंस के शेयरहोल्डर्स को अलॉट हो चुके हैं फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रिलायंस के शेयरहोल्डर्स को जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर पहले ही अलॉट किए जा चुके हैं। 19 जुलाई के कारोबारी दिन के अंत में जिन-जिन शेयरहोल्डर्स के पास रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर्स थे उन्हें 1:1 के रेश्यो में जेएफएसएल यानी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर मिले हैं। उदाहरण के लिए, यदि आपके पास आरआईएल के 100 शेयर थे, तो आपको जेएफएसएल के 100 शेयर दिए गए हैं। हालांकि, लिस्टिंग नहीं होने के कारण अभी शेयर को बेच या खरीद नहीं सकते हैं। जियो फाइनेंशियल का प्लान कंज्यूमर और मर्चेंट लैंडिंग बिजनेस शुरू करने का है। ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की दिग्गज कंपनी मैक्रेरी ने पिछले साल अपनी रिपोर्ट में रिलायंस के फाइनेंशियल सर्विसेज बिजनेस को मार्केट ग्रोथ के मामले में पेटीएम और अन्य फिनटेक कंपनियों के लिए एक बड़ा खतरा बताया था।

चुनाव से पहले सस्ता हो सकता है पेट्रोल

# खाद्य तेल और गेहूं को भी सस्ता करने की तैयारी, महंगाई रोकने 1 लाख करोड़ का फंड

**नई दिल्ली।**
केंद्र सरकार आम चुनाव से पहले महंगाई नियंत्रित करने के लिए एक्शन में आ गई है। सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आने वाले हफ्तों में पेट्रोल की बिक्री पर टैक्स कम करने, खाद्य तेल और गेहूं पर आयात शुल्क कम करने जैसे बड़े फैसले ले सकते हैं। इतना ही नहीं, केंद्र सरकार के अधिकारी खाद्य और ईंधन की लागत में वृद्धि को रोकने के लिए विभिन्न मंत्रालयों के बजट से करीब एक लाख करोड़ रुपए को फिर से आवंटित करने की योजना पर काम कर रहे हैं। मामले से जुड़े अधिकारी के मुताबिक यह फंड कुल बजट का करीब 2प्रतिशत है। इसका इस्तेमाल गरीबों के लिए सस्ता कर्ज और घर उपलब्ध कराने में किया जा सकता है। इस हफ्ते प्रधानमंत्री मोदी ने 77वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्र के नाम दिए भाषण में 15 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंची महंगाई से लड़ने का ऐलान किया है। हालांकि, सरकार के पास कीमतों पर लगाम कसने के लिए बस कुछ ही महीने बचे हैं। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि देश के कई हिस्सों



में असामान्य बारिश और बाढ़ के कारण कई घरेलू वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हुई है, जिसमें टमाटर और प्याज जैसी प्रमुख खाद्य सामग्री शामिल है। सरकार ने महंगाई पर अकुंश लगाने के लिए कई कदम उठाए हैं। खाद्य जमाखोरों पर कार्रवाई से कीमतें कम होती रहेंगी। 2022 में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध के बाद, सरकार ने पिछले महीने चावल की कुछ किस्मों के शिपमेंट पर भी रोक लगा दी हरै। साथ ही, कुछ खाद्य पदार्थों के भंडारण पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार रूस से सस्ती दरों पर गेहूं खरीदने पर बातचीत कर रही है। दरअसल सीमित आपूर्ति के कारण देश में थोक गेहूं की कीमत दो महीनों में 10प्रतिशत तक बढ़ गई है। भारत को 30 से 40 लाख मीट्रिक टन गेहूं की जरूरत है, पर सरकार दाम पर ज्यादा नियंत्रण रखने के लिए 80 से 90 लाख मीट्रिक टन खरीदी कर सकती है। इससे पहले भारत ने 2017 में 53 लाख मीट्रिक टन गेहूं आयात किया था। इससे गरीबों पर महंगाई के असर का कम करने में मदद मिल सकती है। एक अधिकारी ने बताया कि रूस ने बाजार की मौजूदा कीमतों पर छूट देने की पेशकश की है। 2,076 से 3,322 प्रति टन डिस्काउंटेड प्राइस पर भारत गेहूं खरीद सकता है। देश के 16 राज्यों में पेट्रोल 100 रुपए प्रति लीटर के ऊपर है। मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, मणिपुर, तेलंगाना, पंजाब, झारखंड, सिक्किम, ओडिशा, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के सभी जिलों में पेट्रोल 100 रुपए के ऊपर बिक रहा है। वहीं डीजल भी ओडिशा, राजस्थान और मध्य प्रदेश में 100 रुपए से ऊपर है। आखिरी बार 21 मई 2022 में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव किया गया था। तब पेट्रोल पर 8 रुपए और डीजल पर 6 रुपए प्रति लीटर उत्पाद शुल्क घटाया गया था। इससे पेट्रोल और डीजल के दाम 9.5 रुपए और 7 रुपए कम हो गए थे। हालांकि, पिछले महीने 10 जून को पंजाब सरकार ने पेट्रोल वैट दर में करीब 1.08प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। इससे वहां पेट्रोल प्रति लीटर 92 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया। जबकि डीजल वैट दर में 1.13प्रतिशत बढ़ोतरी होने से यह 90 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया।

# फिल्म ड्रीम में पहली बार एक साथ नजर आयेंगे आयुष्मान और अनन्या

बालीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे की फिल्म ड्रीम गर्ल-2 25 अगस्त को रिलीज होने वाली है। लोग इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आयुष्मान खुराना ने अपनी फिल्म का नया पोस्टर शेयर करते हुए लोगों का एक्साइटमेंट बढ़ा दिया है। ड्रीम गर्ल 2 के नए पोस्टर में आयुष्मान खुराना के पूजा वाले अवतार में नजर आ रहे हैं। बताते चलें कि फिल्म ड्रीम गर्ल 2 में पहली बार आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे काम करने जा रहे हैं।



फिल्म के ट्रेलर से आयुष्मान खुराना ने नया पोस्टर शेयर किया जो लोगों को ध्यान खींच रहा है। फिल्म ड्रीम गर्ल 2 के नए पोस्टर में आप देख सकते हैं कि आयुष्मान खुराना पूजा के अवतार में कार के बोनट पर खड़े नजर आ रहे हैं और फिल्म की बाकी स्टारकास्ट उन्हें नीचे से निहार रही है। आयुष्मान खुराना ने फिल्म के नए पोस्टर के साथ लिखा है, ट्रैफिक जाम होने वाला है, क्योंकि पूजा आने वाली है। ड्रीम गर्ल 2 ड्रीम गर्ल 2 सिनेमाघरों में 25 अगस्त को रिलीज होगी। आयुष्मान खुराना की फिल्म ड्रीम गर्ल साल 2019 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने लोगों को जमकर एंटरटेन किया था। फिल्म ड्रीम गर्ल का डायरेक्शन राज शांडिल्य ने किया था और इस फिल्म का निर्देशन भी राज शांडिल्य ने किया है। अब फिल्म ड्रीम गर्ल 2 सिनेमाघरों में 25 अगस्त को रिलीज होने वाली है।

# वरुण धवन के साथ एटली की फिल्म में नजर आयेंगी वामिका गब्बी

बालीवुड अभिनेत्री वामिका गब्बी फिल्म निमार्ता एटली की अपकमिंग हिंदी प्रोडक्शन में नजर आएंगी, जिसमें वरुण धवन भी हैं। वर्तमान में अपकमिंग प्रोजेक्ट का टाइटल तय नहीं हो पाया है। फिलहाल, इसे हैशटैग वीडी18 के नाम से जाना जाता है और यह 31 मई, 2024 को रिलीज होने वाली है। एक्ट्रेस ने कहा, मैं इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर रोमांचित और आभारी हूं। वरुण और कीर्ति सुरेश के साथ काम करने का अवसर निश्चित रूप से कुछ ऐसा है जिसका मैं इंतजार कर रही थी। मैं फुल कर्मिशियल हिंदी प्रोजेक्ट की तलाश में थी और यह बस इतना ही है। मैं मुराद सर और एटली के साथ काम करने और सहयोग करने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। ग्रहण, माई और हाल ही में रिलीज हुई जुबली में शानदार परफॉर्मेंस के साथ इंडस्ट्री में अपनी योग्यता साबित करने के बाद, वामिका इस प्रोजेक्ट के लिए पूरी तरह तैयार हैं। समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्म की के लिए फेमस टैलेंटेड स्क्रीनराइटर कलीज द्वारा लिखित, यह फिल्म एक रोमांचक सिनेमाई एक्सपीरियंस देने का वादा करती है। शानदार कलाकारों और सम्मोहक कहानी के ऐसे पावर-पैक कॉम्बिनेशन के साथ, हैशटैग वीडी18 साल 2024 की सबसे सफल फिल्मों में से एक होने



की उम्मीद है। इसके अलावा, वामिका वर्तमान में बुडापेस्ट की अगली फिल्म की शूटिंग में बिजी हैं, और वह विशाल भारद्वाज की पहली ओटीटी सीरीज चार्ली चोपड़ा एंड द मिस्ट्री ऑफ सोलंग वैली और नेटफ्लिक्स के साथ विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित फिल्म खुफिया में तब्बू सह-कलाकार हैं, का इंतजार है। उन्होंने हिंदी फिल्म जब वी मेट में एक छोटी सी भूमिका के साथ स्क्रीन पर अपनी शुरूआत की। लेकिन उन्हें बड़ी सफलता यो यो हनी सिंह और अमर्रंदर गिल के साथ फिल्म तू मेरा 22 मैं तेरा 22 (2013) से मिली। फिर उन्होंने इश्क ब्रांडी (2014), निक्का जैलदार 2 (2017), परहुना (2018), दिल दियां गल्लां (2019) और निक्का जैलदार 3 (2019) जैसी कई पंजाबी फिल्मों में अभिनय किया।वामिका ने पंजाबी, हिंदी, तमिल, मलयालम और तेलुगु फिल्मों में काम किया है।

# 24 नवंबर को होगी रिलीज होगी डेविल- द ब्रिटिश सीक्रेट एजेंट

दक्षिण के लोकप्रिय अभिनेता नंदामुरी कल्याण राम ने अपनी आगामी फिल्म डेविल- द ब्रिटिश सीक्रेट एजेंट की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। अथानोक्कडे, हरे राम 118 और बिम्बिसार जैसी अन्य फिल्मों से पहचान बनाने वाले इस अभिनेता की यह फिल्म 24 नवंबर को रिलीज होगी। बताया जा रहा है कि नवीन मेडाराम द्वारा निर्देशित यह फिल्म भारत की स्वतंत्रता से पहले की कहानी पर आधारित है। जब 1945 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश राज अंत के करीब था। यह फिल्म उस क्षेत्र पर आधारित है जिसे उस समय मद्रास प्रेसीडेंसी के नाम से जाना जाता था। इस फिल्म में नंदमूरि कल्याण राम एक ब्रिटिश जासूस की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म के अधिकांश विवरण पूरी तरह से गुप्त रखे गए हैं, निमार्ताओं की ओर से कुछ विवरण सामने आए हैं, जिसमें कहा गया है कि फिल्म अतीत के



धागों को वर्तमान से जोड़ेगी। डेविल- द ब्रिटिश सीक्रेट एजेंट को तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम जैसी अन्य भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म आने वाले बड़े बजट के तेलुगू एक्शन फीचर की श्रृंखला में एक और इजाफा है, जिसमें प्रभास का सलार पार्ट 1 भी शामिल है। जुलाई में फिल्म का टीजर जारी किया था, जिसमें फिल्म की एक बहुत ही दिलचस्प झलक दिखाई गई थी, लेकिन कहानी के बारे में कुछ भी नहीं बताया गया था। इससे केवल यह पता चला कि कल्याण राम के चरित्र का कोडनेम डेविल है और वह अनिवार्य रूप से एक सुपर जासूस है, जिसका उपयोग ब्रिटिश राज सरकार केवल सबसे बड़े मामलों के लिए करती है। फिल्म में अभिनेत्री संयुक्ता मेनन मुख्य भूमिका निभाएंगी।

## ग्लैमरस लुक में दिखीं अमेरिकन सिंगर बेयॉन्से, लोगों को पसंद आया अंदाज


अमेरिकन सिंगर और एक्ट्रेस बेयॉन्से ने इस बार पूरी महफिल का ध्यान अपनी ओर खींचा है। वह अक्सर अपने लुक्स को लेकर लाइमलाइट में रहती हैं। कोई इवेंट हो या आउटिंग उन्हें अपने लुक से लोगों का ध्यान खींचना अच्छे से आता है। यही वजह है कि हाल ही में बेयॉन्से को एक इवेंट में ग्लैमरस लुक में देखा गया, जहां से उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। उनके लुक की बात करें तो शो में बेयॉन्से ग्रीन कलर के आउटफिट में काफी ग्लैमरस दिखीं। इस लुक को एक्ट्रेस ने न्यूड शेड लिपस्टिक, न्यूड मेकअप और खुले बालों के साथ कंप्लीट किया और ओवरऑल लुक में काफी जबरदस्त दिखीं। बड़े स्टेज पर परफॉर्मेंस देते हुए बेयॉन्से लोगों का



खूब दिल जीतती नजर आईं। सोशल मीडिया पर फैंस उनकी तस्वीरों को खूब लाइक कर रहे हैं।

## गदर-2 के तूफान में भी टिकी है अक्षय की ओएमजी-2

बालीवुड एक्टर अक्षय कुमार की फिल्म ओएमजी-2 ने सनी देओल की गदर-2 की आंधी में भी स्वयं को टिकाए रखा है। एक्टर अक्षय कुमार की यह फिल्म ओएमजी का सीक्वल है, जिसे उमंग कुमार ने निर्देशित किया था। अमित राय द्वारा निर्देशित ओएमजी 2 सेक्स एजुकेशन पर बेस्ड है। इस फिल्म को सेंसर बोर्ड ने ए सर्टिफिकेट दिया है। बीते 11 अगस्त को बहुत धीमी शुरूआत करने वाली इस फिल्म को माउथ पब्लिसिटी का फायदा मिल रहा है। दर्शकों का कहना है कि इस तरह की फिल्मों को जरूर बनाना चाहिए। फिल्म ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भी शानदार कारोबार किया था। फिल्म अक्षय कुमार और परेश रावल की 2012 की फिल्म (ओएमजी) ओह माय



गॉड का सीक्वल है। इसमें पंकज त्रिपाठी को कांतिशरण मुद्गल नाम के भगवान शिव के भक्त की भूमिका में दिखाया गया है। अक्षय ने भगवान के दूत की भूमिका निभाई है और यामी गौतम एक वकील के रोल में हैं। अक्षय ने फिल्म में एडल्ट एजुकेशन जैसे गंभीर मुद्दे को सरलता के साथ समझाने की कोशिश की है। एक रिपोर्ट के अनुसार इसने मंगलवार को 18.50 करोड़ रुपए का बिजनेस किया। यानी इसकी कुल कमाई 73.67 करोड़ रुपए हो गई है। 11 अगस्त को ओपनिंग डे पर ओएमजी 2 ने 10.26 करोड़, शनिवार को 15.30 करोड़, रविवार को 17.55 करोड़ और सोमवार को 12.06 करोड़ रुपए कमाए।

# जवान को लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज

बालीवुड के सुपर स्टार शाहरुख खान की नई फिल्म जवान को लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज है। शाहरुख ने इस्के दूसरे गाने चलेया का टीजर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर रिलीज कर दिया है। यह एक रोमांटिक ट्रैक है और शाहरुख इस विधा के मास्टर माने जाते हैं। इसके बोल हैं इश्क में दिल फना है, इश्क में दिल बना है, मिटा ले या बना ले, मैंने तुझको चुना है। गाने को मशहूर गायक अरिजीत सिंह और शिल्पा राव ने आवाज दी है। इसे फराह खान ने कोरियोग्राफ किया है। गाने में शाहरुख की एक्ट्रेस नयनतारा के साथ जोरदार कैमिस्ट्री दिख रही है। हाल ही में #आस्क एस-



।आरके सेशन के दौरान शाहरुख ने कहा था कि छलेया फिल्म में उनका पसंदीदा गाना है जो कि रोमांटिक और दिल को छू लेने वाला है। बता दें कि शाहरुख के फैंस जवान की रिलीज का इंतजार लंबे समय से कर रहे हैं।

## मंदिरा बेदी ने बच्चों के साथ किया हवन

एक्ट्रेस मंदिरा बेदी ने अपने दिवंगत पति राज कौशल के जन्मदिन पर हवन पूजन कर उन्हें याद किया। अपने पति को हमेशा याद करने वाली एक्ट्रेस मंदिरा बेदी अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर कई बार उनका जिक्र कर चुकी हैं। मंदिरा बतातीं हैं कि वह हर पल अपने पति को याद करती रहती हैं। उन्होंने हाल ही में दिवंगत राज की बर्थ एनिवर्सरी पर मंदिरा ने अपने बच्चों- वीर और तारा के साथ घर पर हवन किया और इस मौके की तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया पर भी शेयर की है। मंदिरा बेदी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर पति राज कौशल की बर्थ एनिवर्सरी पर करवाए हवन की तस्वीरें शेयर की। पति की फोटो के



साथ मंदिरा ने लिखा कि 15 अगस्त, आपका जन्मदिन राज, हमने आपका और आपके दुनिया में आने का दिन भी मनाया। जारी अन्य फोटोज में एक्ट्रेस अपने बच्चों के साथ हवन करती नजर आ रही हैं। गौरतलब है कि मंदिरा बेदी के पति राज कौशल का 30 जून 2021 में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। पति के निधन के बाद एक्ट्रेस अपने दो बच्चों बेटा वीर और बेटी तारा की अकेले परवरिश कर रही हैं।

## एक्ट्रेस जरीन खान को हुआ डेंगू, हॉस्पिटल में एडमिट

एक्ट्रेस जरीन खान इन दिनों अस्पताल में हैं, बताया जा रहा है कि वह भी डेंगू की चपेट में आ गई हैं। तबीयत ज्यादा खराब होने पर उन्हें हॉस्पिटल में एडमिट किया गया है। जानकारी के अनुसार डेंगू के कारण एक्ट्रेस तेज बुखार के साथ शरीर में दर्द से जूझ रही हैं। इस बात की जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया के जरिए फैंस को दी है। इस अपडेट के बाद फैंस एक्ट्रेस के लिए काफी चिंतित नजर आ रहे हैं और कमेंट कर उनके जल्द ठीक होने की दुआ कर रहे हैं। जरीन खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी लगाई थी, जिसमें उनके हाथ में ड्रिप लगी दिखाई दी। हालांकि, बाद में एक्ट्रेस ने वह स्टोरी डिलीट कर दी।



इसके बाद जरीन ने एक दूसरी स्टोरी लगाई जिसमें जूस का ग्लास दिखाई दे रहा है। इस फोटो के साथ एक्ट्रेस ने लिखा- रिकवरी मोड जरीन खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए फैंस से डेंगू से बचने के लिए सावधानी बरतने की अपील की और साफ सुथरा और मच्छर-मुक्त माहौल बनाए रखने और कीटनाशक दवाओं का इस्तेमाल करने के लिए भी कहा।

# एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने न्यूयॉर्क में भारतीय रेस्टोरेंट 'सोना' से छोड़ा मालिकाना हक

एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अभिनय के अलावा बिजनेसवुमन के तौर पर भी अच्छा काम कर रही हैं। शादी के बाद अमेरिका में बसने के बाद उन्होंने न्यूयॉर्क में अपना खुद का रेस्टोरेंट सोना शुरू किया, लेकिन अब रेस्टोरेंट का मालिकाना हक प्रियंका के पास नहीं रहेगा। उन्होंने दो साल पहले न्यूयॉर्क शहर में सोना नाम से एक भारतीय रेस्टोरेंट शुरू किया था। अब तक वह अक्सर अपने फैंस के साथ इस रेस्टोरेंट के बारे में कहानियां शेयर करती आई हैं। इस रेस्टोरेंट में प्रियंका मनीष गोयल के साथ हाफ पार्टनर थीं और उन्हें अच्छी खासी कमाई भी हो रही थी, लेकिन हाल ही में प्रियंका ने रेस्टोरेंट का मालिकाना हक छोड़ दिया है।

अब सह-संस्थापक मनीष गोयल रेस्टोरेंट संभाल रहे हैं। अब इस रेस्टोरेंट का संचालन मनीष गोयल करेंगे। प्रियंका ने ये फैसला क्यों लिया, इसकी वजह अभी तक सामने नहीं आई है। कहा जा रहा है कि वह अपने हेयर कलर ब्रांड और प्रोडक्शन कंपनी पर ध्यान केंद्रित करना चाहती हैं, इसलिए उन्होंने सोना का स्वामित्व छोड़ दिया है। मनीष गोयल ने इस रेस्टोरेंट के निर्माण में योगदान के लिए प्रियंका को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा, प्रियंका अब हमारी क्रिएटिव पार्टनर नहीं हैं, लेकिन सोना परिवार का हिस्सा होंगी।

## नई रेंज रोवर लेकर घर पहुंचे रणबीर

रणबीर कपूर इन दिनों सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। रणबीर को उनकी पत्नी आलिया भट्ट को उनकी लिपस्टिक पर वाइप इट ऑफ कमेंट के लिए ट्रोल किया गया था। अब रणबीर ने 4 करोड़ की एक नई रेंज रोवर खरीदी है, इससे रणबीर फिर सुर्खियों में हैं। रणबीर को नई नई गाड़ियों का बहुत शौंक हैं। 16 अगस्त को, रणबीर ब्लैक कलर की चमचमाती नई शानदार रेंज रोवर घर लाए। रणबीर की नई गाड़ी पर फूल माला भी नजर आई जिससे यह पता



लगता है कि रणबीर ने कार की पूजा भी करवाई है। न्यू पापा ने नई गाड़ी के साथ मीडिया को पोज दिए। रणबीर के पास लैंड रोवर रेंज रोवर स्पोर्ट्स, ऑडी ए8एल, लैंड रोवर रेंज रोवर वोग, मर्सिडीज बेंज एएमजी जी-63 गाड़ियां भी हैं।

## किंग ऑफ कोठा के लिए दुलकर को शाहरुख ने दी बधाई

सुपरस्टार शाहरुख खान ने दुलकर सलमान स्टारर एक्शन-थ्रिलर किंग ऑफ कोठा का ट्रेलर लॉन्च किया और कहा कि वह फिल्म का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि उन्हें यह इंप्रेसिव लगी है। शाहरुख ने एक्स (पहले ट्विटर) पर ट्रेलर का लिंक साझा किया और लिखा - प्रभावशाली किंग ऑफ कोठा के लिए दुलकर को बधाई, फिल्म का इंतजार कर रहा हूं। पूरी टीम को बड़ी सफलता की शुभकामनाएं !ट्रेलर को शाहरुख के अलावा साउथ के दिग्गज सूर्या, मोहनलाल और नागार्जुन ने भी लॉन्च किया। किंग ऑफ कोठा एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है और यह अभिलाष जोशी के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। इसमें शबीर कल्लारक्कल, प्रसन्ना, गोकुल सुरेश, ऐश्वर्या लक्ष्मी, नायला उषा, चेम्बन विनोद जोस, शम्मी थिलाकन, सरन और अनिखा सुरेंद्रन भी हैं। दुलकर, जो



एक गायक और निमार्ता भी हैं, ने अब तमिल, तेलुगु और हिंदी सिनेमा में अपने लिए एक जगह बना ली है। किंग ऑफ कोठा, दुलकर की हाई-बजट वाली फिल्म है, जो वेफरर फिल्म्स और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित है और दो युगों की कहानी बताती है।

## सूडोकु नवताल- 6526

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6525 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

## शब्दजाल- 7273

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | श | सी | ज | ब | ज | ग | ल | ट |
| रा | ज | ल | प्र | क्ल | ला | व | ना | ज | कां | ड़ |
| य | प | आ | हे | ज | दी | ना | अ | व | प | रू |
| इं | नौ | ब | का | ब | वा | स | त | ल | ट | प |
| प | ना | ह | प्या | र | तो | हो | स | ही | था | त |
| अ | न | क | प | र | स्व | ल | वी | ण | ई | व |
| द | नु | न | न | ट्रे | रू | ड़ा | र | ज | व | र |
| क | र | कृ | प | क्श | प | का | र | चो | श | ख |
| र | व | त | ति | रा | हो | प | य | अ | रे | अ |
| क | र | ल | प | र्जु | ज | ता | रे | आ | प | द |
| क | ड | क | अ | ध | न | चि | त्र | ब | त | म |

शब्दजाल में 'आकृति' के 10 पर्यायवाची शब्द ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं

बनावट, रूप, शक्ल, स्वरूप, आकार, अनुकृति, आरेख, चित्र, तसवीर, नाकनक्श

### शब्दजाल - 7272 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | प | रे | दा | अ | ज | ब | न | र | ट |
| दा | रा | अ | न | आ | नो | ग | द | इ | ह | वि |
| अ | व | नू | पू | ग | खा | थ | त | ग | क | ल |
| द् | जा | ठा | ते | र्व | ज | का | म | न | त | क्ष |
| भु | त | र | दा | री | लं | ग | गो | ग | व | ण |
| त | द | म | नि | य | अ | पू | न | ला | र | नी |
| ती | जं | म | रा | हि | प | नु | श | र | ज | ल |
| क | ल | ग | ला | वि | व | नी | प | ल | न | ण |
| ने | ब | म | बा | फो | चि | त्या | री | म | प | क |
| ज | ग | त | प | ज | ज | त्र | दा | जी | र्य | त |
| वि | शे | ष | त | त | ल | ज | र | वा | त | थ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6226


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 4 | 5 | | |
| 2 | 25 | | 32 | 4 | 36 | 2 |
| 7 | | 1 | 6 | | | |
| | 34 | 6 | 31 | 6 | 33 | 5 |
| | 5 | | 3 | | | 1 |
| | 37 | 5 | 31 | | 30 | 3 |
| | 5 | | 6 | 1 | | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 6225 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 |
| 5 | 30 | 3 | 21 | 1 | 35 | 7 |
| 1 | 6 | 2 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 2 | 29 | 6 | 40 | 7 | 34 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 1 | 2 |
| 6 | 33 | 4 | 42 | 5 | 26 | 1 |
| 3 | 1 | 7 | 6 | 2 | 5 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore






# रोनाल्डो ने मेसी के दोस्त का उड़ाया मजाक, इंस्टाग्राम फॉलोअर्स को लेकर तंज कसा

**लंदन ।**
पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो इंस्टाग्राम पर सबसे चर्चित एथलीट हैं। इस सोशल मीडिया एप पर उनके 600 मिलियन यानी 60 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। वह इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स के मामले में दूसरे किसी भी एथलीट से ज्यादा प्रसिद्ध हैं। इस बीच रियल मैड्रिड में रोनाल्डो के साथ खेल चुके सर्जियो रामोस ने भी इंस्टाग्राम पर 60 मिलियन यानी छह करोड़ फॉलोअर्स पूरे होने पर जश्न मनाया। रामोस रोनाल्डो के साथ स्पेन के फुटबॉल क्लब रियल मैड्रिड में खेल चुके हैं। इसके अलावा वह लियोनल मेसी के साथ फ्रेंच फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) में भी काफी समय तक खेल चुके हैं। जब मेसी बार्सिलोना और रामोस-रोनाल्डो रियल मैड्रिड में हुआ करते थे, तो रामोस और मेसी की खूब लड़ाई होती थी। रामोस डिफेंडर और मेसी फॉरवर्ड में खेलते हैं। ऐसे में दोनों के बीच काफी भिड़ंत देखने को मिलती थी। हालांकि, इसके बाद मेसी बार्सिलोना छोड़कर पीएसजी और रामोस मैड्रिड छोड़कर पीएसजी पहुंचे। एक क्लब में खेलने के दौरान रामोस और मेसी काफी अच्छे दोस्त बन गए। ऐसे में रोनाल्डो ने रामोस का मजाक उड़ाने में जरा भी समय नहीं लगाया। रामोस ने इंस्टाग्राम पर अपनी उपलब्धि गिनाते हुए स्पैनिश में लिखा- हमने 2014 में इस अकाउंट को शुरू किया था। भले ही ये असंभव दिखता हो, लेकिन अब हम 60 मिलियन का आंकड़ा छू चुके हैं और मजबूत हो चुके हैं। इस पोस्ट पर रोनाल्डो ने कमेंट करते हुए मजाक में लिखा- मेरी बराबरी करने के लिए आपको एक और जीरो की जरूरत पड़ेगी। इसके बाद रोनाल्डो ने हंसने वाला इमोजी लगाया है। रोनाल्डो ने कमेंट स्पैनिश में किया है। इस पर रामोस ने फिर से कमेंट किया और लिखा- बहुत ज्यादा आश्वस्त मत हो क्रिस। खासतौर पर वापसी में...93 मिनट और ज्यादा समय में (हंसते हुए)। वैसे भाग लेने के लिए याद रखें, आपको स का उपयोग करना होगा। रामोस मौजूदा समय में एक फ्री-एजेंट हैं और उन्होंने 2022-23 सीजन के अंत में पेरिस सेंट-जर्मेन छोड़ दिया है। उनके सऊदी प्रो लीग में रोनाल्डो या मेजर लीग सॉकर में मेसी के साथ जुड़ने की अफवाहें हैं, लेकिन स्पेनिश डिफेंडर ने अभी तक अपना मन नहीं बनाया है। दूसरी ओर रोनाल्डो सऊदी प्रो लीग के एक क्लब अल-नस्र में अपने दूसरे सीजन में हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### एथलीट दुती चंद पर 4 साल का बैन: नाडा के दोनों सैम्पल पॉजिटिव निकले; जनवरी 2023 के बाद जीते मेडल भी अमान्य




**नई दिल्ली ।** 2018 एशियन गेम्स में 2 मेडल जीतने वाली महिला एथलीट दुती चंद पर नाडा ने चार साल का बैन लगा दिया है। उन्हें प्रतिबंधित पदार्थ लेने का दोषी पाया गया। दुती पर यह बैन इस साल के 3 जनवरी से लागू हो चुका है। इस पीरियड के बाद उन्होंने जिस इवेंट में भी मेडल जीते हैं वह अमान्य होंगे। यानी उनसे वह मेडल वापस ले लिए जाएंगे। दुती के दिसंबर में लिए गए दोनों नमूल फेल पाए गए। उनके खून में एनाबोलिक एजेंट-एसएआरएमएस पाए गए, जो वाडा की 2023 प्रतिबंधित पदार्थों की सूची में शामिल हैं। एसएआरएमएस ऐसे नॉन स्टेरॉइड पदार्थ हैं, जिनका इस्तेमाल आमतौर पर आस्टियोपोरोसिस (हड्डी संबंधित बीमारी), एनीमिया (खून की कमी) और मरीजों में जख्मों से उबरने के लिए किया जाता है। दुती के दोनों नमूने 5 और 26 दिसंबर को लिए थे। उनके पहले सैंपल में एंडारॉइन, ऑस्ट्राइन और लिंगनड्रोल पाया गया है। वहीं दूसरे सैंपल में एंडारॉइन और ऑस्ट्राइन मिला है। नाडा (नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी) के मुताबिक दुती एंटी डोपिंग डिस्पलेनरी पैनल (एडीडीपी) के सामने खुद को बेगुनाह साबित नहीं कर पाई। एडीडीपी को उन्होंने बताया कि उन्होंने हड्डियों से संबंधित समस्या के लिए अपने पर्सनल फिजियो के कहने पर इस दवा का सेवन किया था।

### लतीफ ने इमरान की फुटेज हटाने के मामले में पीसीबी की जमकर आलोचना की



**कराची ।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ ने क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की जमकर आलोचना की है। लतीफ ने कहा कि जिस प्रकार से पीसीबी ने इतिहास को दिखाने में पूर्व कप्तान इमरान खान की फुटेज को हटाया और वसीम अकरम की फुटेज को कम किया वह गलत है। इसके बाद पीसीबी ने जो तर्क दिये वह और भी दुखद हैं। पीसीबी ने शुरुआत में इमरान की पूरी फुटेज गायब कर दी थी पर बाद में अकरम के विरोध करने के बाद वापस डाली। पीसीबी ने इसके बाद अपनी ओर से जो तर्क दिये वह भी समझ से परे थे। उसने कहा कि वीडियो की अवधि को लेकर कुछ परेशानियां थीं जिसके कारण कुछ अहम क्लिप वीडियो में शामिल नहीं की गई थी। हालांकि पीसीबी ने जो बाद में वीडियो डाली गई थी। उसकी और बाद वाली वीडियो की अवधि तकरीबन सामान है। इसके अलावा वीडियो की अवधि को लेकर जो पीसीबी ने तर्क दिए थे वह सही नहीं निकले। इसी को लेकर लतीफ ने कहा कि पीसीबी के जवाब को स्वीकार नहीं किया जा सकता है क्योंकि वीडियो को तकरीबन 48 घंटे के बाद संशोधित किया गया है। लतीफ ने कहा कि सोशल मीडिया और मीडिया में आलोचना होने के बाद ही ये सुधार किये गये जिससे पता चलता है कि पीसीबी ने ऐसा जानबूझकर किया।

### बांग्लादेश दौरे से पता चलेगी विलियमसन की फिटनेस

**ढाका ।** न्यूजीलैंड टीम विश्वकप से पहले बांग्लादेश से तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी। कीवी टीम एक दशक



बार होने वाले इस दौरे में एकदिवसीय और टेस्ट सीरीज खेलेगी। इस सीरीज से टीम के अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन लंबे समय बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे। विलियमसन ने चोटिल होने के बाद घुटने की सर्जरी करायी थी। इस कारण वह टीम से बाहर थे। अब इस दौरे में विलियमसन की फिटनेस और फार्म का पता चलेगा। टीम की बल्लेबाजी काफी हद तक विलियमसन पर निर्भर करती है, ऐसे में कीवी टीम के प्रशंसक चाहेंगे कि वह लय में आ जायें। न्यूजीलैंड को विश्वकप में अपना पहला मुकाबला पांच अक्टूबर को गत विजेता इंग्लैंड से अहमदाबाद में खेलना है। कीवी टीम तब उपविजेता रही थी। वहीं बांग्लादेश की टीम विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में 7 अक्टूबर को धर्मशाला में अफगानिस्तान से खेलेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अनुसार कीवी टीम के दौरे की शुरुआत 21 सितंबर को होगी। वहीं तीनों मैच 21, 23 और 26 सितंबर को मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। टेस्ट सीरीज नवंबर के अंत में विश्व कप के बाद शुरू होगी।

आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-4 में भारत को 2 मेडल

# भारतीय मेंस और विमेंस रिकर्व टीम ने ब्रॉन्ज जीता ; कंपाउंड पुरुष और महिला टीम फाइनल में

**पेरिस ।**
पेरिस में चले रहे आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-4 में भारतीय रिकर्व टीम ने दो ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। भारतीय पुरुष टीम और विमेंस टीम तीसरे स्थान पर रही। धीरज बोम्मादेवारा, अतानु दास और तुषार शेल्के की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ब्रॉन्ज मेडल के प्लेऑफ मुकाबले में आंद्रेस तेमिनो, युन सांचेज और पाब्लो आचा की स्पेन की टीम को 6-2 (54-56, 57-55, 56-54, 57-55) से हराया। इससे पहले भारतीय टीम को चीनी ताइपे के खिलाफ सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। इस तरह भारतीय टीम गोल्ड की होड़ से बाहर हो गई। वहीं, भारतीय महिला टीम को भी सेमीफाइनल में चीनी ताइपे के खिलाफ ही 0-6 (52-57, 47-56, 52-53) से एकतरफा हार का सामना करना पड़ा। ताइपे की टीम ने 53 अंक जुटाए थे, लेकिन भारतीय टीम 52 अंक ही बना सकी और उसे हार का सामना करना पड़ा। ब्रॉन्ज मेडल के प्ले ऑफ में भारतीय टीम ने दो सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मैक्सिको को 5-4 (52-55, 52-53, 55-52, 54-52) (27-25) से हराकर पदक जीता। टीम में अंकिता भकत, भजन कौर और सिमरनजीत कौर शामिल थीं। इससे पहले भारतीय महिला रिकर्व टीम ने जापना को 6-2 और इटली को 5-1 से मात दी थी। कंपाउंड में विमेंस और मेंस ने टीम फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है। ओजस प्रवीण देवतले, प्रथमेश जावकर और अभिषेक वर्मा



की पुरुष टीम अमेरिका से भिड़ेगी, जबकि अदिति गोपीचंद स्वामी, ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर की तिकड़ी मैक्सिको का सामना करेगी। वहीं, इंडिविजुअल कंपाउंड में अदिति और ओजस मेडल की दौड़ में शामिल हैं। अदित और ओजस ने अपनी-अपनी क्वालीफाइंग स्पर्धाओं में पहला और दूसरा स्थान हासिल किया।

कंपाउंड तीरंदाजी में व्यक्तिगत पदक राउंड शुरू होंगे, जबकि रिकर्व तीरंदाजों के लिए मेडल राउंड रविवार को होंगे।

### एशिया कप में भारत-पाक मैच के टिकट 25 हजार में बिके

**नई दिल्ली ।** भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप में 2 सितंबर को होने वाले मुकाबले को लेकर प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह है। एशिया कप के मुकाबले 30 अगस्त से 17 सितंबर तक पाकिस्तान और श्रीलंका में खेले जाएंगे। इसमें केवल चार लीग मैच ही पाक में होंगे और बाकि सभी मैच श्रीलंका में खेले जाएंगे। भारतीय टीम के सभी मैच श्रीलंका में होंगे। इसमें भारत-पाक मैच को लेकर जबरदस्त आकर्षण है। इसके सबसे महंगे टिकट की कीमत 25 हजार रुपये है। इसमें भारत और पाक को एक ही समूह में रखा गया है। इस टूर्नामेंट के टिकट आप पीसीबी डॉट बुकमी डॉट पीके पर जाकर खरीदे जा सकते हैं। भारत और पाकिस्तान मैच के टिकट 3 वर्ग में उपलब्ध हैं। इसमें सबसे महंगा टिकट 300 डॉलर करीब 25 हजार रुपये का है। ये सभी टिकट बिक गये हैं। वहीं 125 डॉलर वाले करीब लगभग 10 हजार रुपये के टिकट भी बिक गये हैं।

# बीसीसीआई से आने वाले पैसे से मिलता है पाक खिलाड़ियों को वेतन : शोएब अख्तर



**लाहौर ।**
**पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब अख्तर ने एक अहम खुलासा करते हुए कहा है कि भारत से आने वाले पैसे से ही हमारे खिलाड़ी पलते हैं। शोएब के अनुसार भारतीय बोर्ड (बीसीसीआई) जो पैसा अंतरराष्ट्रीय बोर्ड (आईसीसी) को देता है। वहीं पैसा आईसीसी के राज्स्व बंटवारे के तहत पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को मिलता है। उसी पैसे से पीसीबी अपने घरेलू क्रिकेटरों को मैच फीस देती है।**


इस क्रिकेटर ने साथ ही कहा, इस बार विश्वकप सबसे अलग और रोमांचक होगा। इसका कारण है कि अब 50 ओवर क्रिकेट का भविष्य खतरे में दिख रहा है। मैं चाहता हूं कि भारत को इस विश्व कप से खूब पैसे मिले जिससे हमें भी अधिक हिस्सेदारी मिलेगी। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि कई लोग इस बात को खुलकर नहीं कहेंगे पर मुझे इसमें कोई हिचक नहीं है। मैं जानता हूं कि भारत से जो राजस्व आईसीसी को मिलता है उसी के अनुसार ये पाक को भी मिलता है। इस प्रकार देखा जाये तो भारतीय पैसे से ही हमारे क्रिकेटर पल रहे हैं।

वहीं एशिया कप में भारत-पाक मैच को लेकर उन्होंने कहा,एक बार फिर भारतीय टीम पर दबाव होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए भारतीय मीडिया जिम्मेदार है। वह मैच की हाइप पैदा कर टीम पर दबाव बना देता है। कई बार भारत की हार का कारण खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं बल्कि मीडिया का पड़ने वाला दबाव रहता है। गत वर्ष भी मीडिया ने भारतीय टीम पर जबरदस्त दबाव बनाया था। तब पूरे स्टेडियम को नीले रंग में रंग दिया गया था और कहा गया था कि भारतीय टीम आसानी से जीत जाएगी। इससे भारतीय खिलाड़ी दबाव में आ गये।

# पथिराना ने अपनी सफलता का श्रेय धोनी को दिया

**कोलंबो ।**
**श्रीलंकाई टीम के युवा तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना आजकल लंका प्रीमियर लीग में छाये हुए हैं। पथिराना ने इस सत्र में सबसे अधिक 12 विकेट लिए हैं और वह सीरीज में सबसे बेहतर गेंदबाज के तौर पर उभरे हैं। इस तेज गेंदबाज ने अपनी प्रदर्शन में आये निखार का श्रेय आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को दिया है। पथिराना ने आईपीएल के 16 वें सत्र में शानदार गेंदबाजी की थी। इस दौरान धोनी ने उनका मार्गदर्शन किया था। उन्हें पहले ही सत्र में डेथ ओवर के विशेषज्ञ गेंदबाज की जिम्मेदारी मिली।**

पथिराना ने कहा कि एक युवा खिलाड़ी में अगर कोई इस प्रकार का आत्मविश्वास दिखाता है तो इससे हौंसला बढ़ता है। जब उस स्तर के खिलाड़ी ने मुझ पर विश्वास दिखाया तो मुझे विश्वास हुआ कि मैं उस पल में कुछ भी कर सकता हूं। लंका प्रीमियर लीग में अभी वह कोलंबो स्ट्राइकर्स की ओर से खेल रहे हैं। पथिराना को उम्मीद है कि एशिया कप और विश्वकप में अवसर मिलने पर वह अपनी टीम के लिए अहम भूमिका निभा



सकते हैं।

पथिराना ने धोनी के साथ आईपीएल में बिताए गए समय पर कहा कि मैंने धोनी से बहुत कुछ सीखा है। पहली चीज विनम्रता है और इसीलिए वह बहुत सफल हैं। वह 42 वर्ष की उम्र में भी सबसे फिट क्रिकेटर हैं जो वास्तव में प्रेरणादायक है। जब मैं वहां गया, तो मैं बच्चा था और मुझे कोई नहीं जानता था। उन्होंने मुझे प्रशिक्षित किया और कई चीजें सिखाईं। उन्होंने कहा कि अब, मुझे पता है कि किसी भी टी-20 मैच में कैसा प्रदर्शन करना है और एक मैच में अपने 4 ओवरों को कैसे संतुलित करना है। धोनी ने मुझसे कहा कि अगर मैं अपने शरीर को फिट रखूं तो मैं टीम और देश के लिए बहुत कुछ हासिल कर सकता हूं।

# भारतीय जूनियर हॉकी टीम चार देशों के टूर्नामेंट में करेगी विश्वकप की तैयारी, स्पेन से होगा पहला मुकाबला

**नई दिल्ली ।**
भारतीय जूनियर हॉकी टीम जर्मनी के डसेलडोर्फ में शुरू हो रहे चार देशों के टूर्नामेंट में स्पेन के खिलाफ मुकाबले से विश्वकप की तैयारी शुरू करेगी। भारत का सामना 19 अगस्त को मेजबान जर्मनी से होगा। इसके दो दिन बाद टीम इंग्लैंड से खेलेगी। शीर्ष दो टीमों का सामना 22 अगस्त को फाइनल में होगा। भारतीय जूनियर टीम ने जून में ओमान में जूनियर एशिया कप जीतकर दिसंबर में क्वालालंपुर में होने वाले विश्वकप के लिए क्वालिफाई किया था। भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को 2-1 से हराकर रिकॉर्ड चौथी बार खिताब जीता था। अभ्यास शिविर में चोटिल हुए उत्तम सिंह की जगह विष्णुकांत सिंह भारतीय टीम की कमान संभालेंगे। उन्होंने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, हमारे पास मजबूत और अनुभवी




खिलाड़ी हैं और पिछले कुछ टूर्नामेंटों की लय हम कायम रखेंगे। उन्होंने कहा, हमें आत्मविश्वास हासिल करने के लिए जीत के साथ आगाज करना होगा। यह टूर्नामेंट विश्व कप से पहले यूरोप की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खेलकर अनुभव हासिल करने के लिए अहम है। भारत को पिछली बार 2019 में मैड्रिड में अंडर 21 टूर्नामेंट में स्पेन ने 3-1 से हराया था। स्पेन और भारत ने 2016 के बाद से एक-दूसरे के खिलाफ चार मैच खेले हैं जिनमें से तीन भारत ने जीते। जर्मनी और भारत ने 2013 के बाद से चार मैच खेले जिनमें से भारत ने तीन मैच जीते हैं। भुवनेश्वर में जूनियर विश्वकप 2021 में जर्मनी ने भारत ने 4-2 से हराया था। लखनऊ में 2016 जूनियर विश्वकप में इंग्लैंड को 5-3 से हराने के बाद से उसके खिलाफ भारत का यह पहला मुकाबला है। भारत के मुख्य कोच सी आर कुमार ने कहा, स्पेन, जर्मनी और इंग्लैंड मजबूत टीमें हैं। हमारा फोकस अपनी रणनीति पर अमल करके अपनी ताकत पर खेलने पर होगा।

पिछले तीन साल में 22 युवा खिलाड़ियों को अवसर मिले

# ईशान, सैमसन और सूर्यकुमार को छोड़कर बाकि विफल रहे

**मुम्बई ।**
भारतीय टीम अक्टूबर से एकदिवसीय विश्वकप खेलेगी। इसको देखते हुए पिछले तीन साल में 22 युवा खिलाड़ियों को अवसर दिये गये हैं पर उनमें से अधिकतर विफल रहे। केवल तीन खिलाड़ी ही कुछ हद तक उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन कर पाये। साल 2020 से 22 युवा खिलाड़ियों ने एकदिवसीय में पदार्पण किया था पर इनमें से अधितकर विफल रहे। इनमें से केवल तीन खिलाड़ी ईशान किशन, संजू सैमसन और सूर्यकुमार यादव ही विश्वकप की दौड़ में बने हुए हैं। इन खिलाड़ियों में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के बड़े भाई क्रुणाल पंड्या भी शामिल हैं। कुणाल ने अपने पहले ही एकदिवसीय में इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाया था पर वह उस प्रदर्शन को बनाये नहीं रख पाये। क्रुणाल पंड्या को पिछले 3 साल में 5 एकदिवसीय में अवसर मिला। इसमें उन्होंने एक अर्धशतक के सहारे 130 रन बनाए और बतौर बाएं हाथ के स्पिनर केवल 2 ही विकेट ले पाये। वहीं मयंक अग्रवाल ने 5 मैच में 86, दीपक हुडा ने 10 मैच में 153, पृथ्वी शॉ ने 6 मैच में 189, ऋतुराज गायकवाड़ ने 2 मैच में 27, नितीश राणा ने एक मैच में 7 और वेंकटेश अय्यर ने 2 मैच में 24 रन बनाए। इस प्रकार ये सभी बल्लेबाज विफल रहे।

वहीं गेंदबाजों में प्रसिद्ध कृष्णा को 14 एकदिवसीय खेलने का अवसर मिला। इसमें उन्होंने 25 विकेट लिए पर वह चोट के चलते लंबे समय के लिए बाहर हो गए थे। उनका भी विश्वकप में खेलना असंभव है। इसके अलावा शार्दुल ठाकुर भी दौड़ में बने हुए हैं। लेग स्पिनर राहुल चाहर ने एक मैच में 3 विकेट, तेज गेंदबाज आवेश खान ने 5 मैच में 3, लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने एक मैच में एक, कृष्णप्पा गौतम ने एक मैच में एक, कुलदीप सेन ने एक मैच में 2, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज चेतक सकारिया ने एक मैच में जबकि अर्शदीप सिंह को 3 मैच में एक भी विकेट नहीं मिला।

वही अन्य खिलाड़ियों की बात करें तो युवा मुकेश कुमार ने हाल में हुए वेस्टइंडीज दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया पर अभी उन्हें अनुभव की कमी के कारण विश्कप के लिए शामिल नहीं किया जा सकता।

### विश्वकप शतरंज के सेमीफाइनल में पहुंचे प्रगनाननंदा, अर्जुन एरीगेसी को सडनडेथ में 5-4 से हराया



**बाकू (अजरबैजान) ।** आर प्रगनाननंदा विश्वकप शतरंज के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने हमवतन अर्जुन एरीगेसी को सडनडेथ में 5-4 से पराजित किया। सेमीफाइनल में वह अमेरिका के फैबियानो कारुआना से भिड़ेंगे। सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ ही उनके कैंडिडेट्स (विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन का चैलेंजर निर्धारित करने वाला टूर्नामेंट) में खेलने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। विश्वकप में पहले तीन स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी कैंडिडेट्स में खेलेंगे, लेकिन सेमीफाइनल में पहुंच चुके विश्व नंबर एक नार्वे के मैग्नस कार्लसन पहले ही कह चुके हैं कि वह कैंडिडेट्स में नहीं खेलेंगे। ऐसे में कार्लसन को छोड़ सेमीफाइनल में पहुंचने वाले अन्य तीन खिलाड़ी कैंडिडेट्स का हिस्सा होंगे। विश्वनाथन आनंद के बाद कैंडिडेट्स में खेलने वाले प्रगनाननंदा दूसरे भारतीय होंगे। अर्जुन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में टाईब्रेकर की उनकी पहली छह बाजियों में परिणाम नहीं निकला। सडन डेथ में खेले गए ब्लिट्ज में प्रगनाननंदा जीते।

# कहीं भी हो सकते हैं मुंहासे...



मुंहासे हमारे शरीर के किसी भी भाग में हो सकते हैं, यहां तक कि सिर की त्वचा पर भी। सिर की त्वचा में मुंहासों की समस्या होने के बहुत से कारण होते हैं जैसे कि हार्मोन्स में असंतुलन, अस्वास्थ्यकर आहार, अस्वच्छता, एलर्जिक रिएक्शन आदि। आज हम आपको सिर की त्वचा पर आने वाले मुंहासों से तुरंत छुटकारा पाने के तरीके बताएंगे। टी ट्री ऑइल एक एंटीसेप्टिक और कीटाणु नाशक की तरह काम करते है। ऑलिव ऑयल और टी ट्री ऑयल को एक साथ मिला कर सिर पर लगाने से मुंहासें पैदा करने वाले कीटाणु मर जाते हैं। विनेगर और पानी को मिलाकर बालों में 20 मिनट लगाने से मुंहासे पैदा करने वाले बैक्टीरिया और तेल को साफ किया जा सकता है। 20 मिनट बाद आप बालों को धो लें। मुंहासों से छुटकारा पाने के लिए हल्दी पाउडर तथा नारियल के तेल को मिलाएं। इसे सिर पर मुंहासों वाली जगह पर लगाएं और बाद में गुनगुने पानी से धो डालें। एलोवेरा बहुत ही चमत्कारी है। इसे मुंहासों वाली जगह पर लगा कर कुछ देर तक सूखने दें। इसे दिन में कम से कम दो-तीन बार लगाएं। नीम में एंटीसेप्टिक और एंटीबायोटिक गुण होते हैं जिसके कारण यह मुंहासों के उपचार में काफी प्रभावी होता है। इसके लिए पानी में कुछ पत्तियों को उबाल लें और पीसकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को रोज मुंहासे पर लगाने से मुंहासे जल्दी सुख जाते है। सिर की त्वचा पर 10 मिनट टमाटर का ताजा रस लगाने से मुंहासों को दूर किया जा सकता है। इसमें सैलिसिलिक एसिड होता है।10 मिनट बाद में पानी से धो लें। इसे त्वचा पर ज्यादा देर तक न लगा रहने दें। शहद मुंहासे पैदा करने वाले बैक्टीरिया को रोकता है। इसे 10 मिनट मुंहासों पर लगा और पानी से धो दें। इसे दिन में कम से कम एक बार जरूर करें।

# थ्रेडिंग के बाद पिंपल्स से छुटकारा



आजकल ज्यादातर महिलाएं खूबसूरत दिखने के लिए अपने चेहरे से अनचाहे बालों को हटाने के लिए थ्रेडिंग करवाती हैं। हर तरह की त्वचा पर थ्रेडिंग हो सकती है फिर चाहें आपकी त्वचा संवदेनशील हो या नहीं। पर अक्सर देखा जाता है कि ज्यादातर महिलाओं को थ्रेडिंग करवाने के बाद में दाने, पिंपल्स हो जाते हैं। इसलिए आज हम आपको थ्रेडिंग के बाद होने वाले पिंपल्स से छुटकारा पाने के लिए कुछ आसान से टिप्स देगें। थ्रेडिंग करवाने से पहले अपने चेहरे को गुनगुने पानी से धों लें। ऐसा करने से थ्रेडिंग के समय दर्द कम होता है। चेहरे को कॉटन के कपड़े से हल्के हाथों से पोंछ न कि रगड़कर पोंछें। अगर आप रगड़ कर कर पोंछेगे तो त्वचा ड्राई हो जाती है। अगर आपने घर पर ही टोनर बनाया हुआ है तो उसे चेहरे को हल्का नम कर दें। अगर आपके चेहरे पर दाने निकले हुए है तो उन पर जड़ी बूटी से बना टोनर ही लगाएं या फिर घर में बनी दालचीनी की चाय को टोनर के रूप में लगा सकती हैं। यह सब करने के बाद ही आप पार्लर में जाकर थ्रेडिंग करवाएं। जलन और संक्रमण से बचने के लिए अपनी आईब्रो पर बर्फ लगाएं। चेहरे को हमेशा गुलाब जल से ही धोएं। इसे लगाने से आपकी आईब्रो पर लगे कट, दाने व पिंपल ठीक हो जाते है। ध्यान में रखें कि आप जब भी थ्रेडिंग करवाकर आए तो थ्रेड़िंग वाले हिस्से को न छुएं। थ्रेडिंग करवाने के बाद कम से कम 12 घंटे की अवधि के दौरान एसिड की मौजूदगी वाले सुगांधित कॉस्मेटिक उत्पाद जैसे क्लींजर और मॉश्चराइजर न लगाएं।

# 184 सालों में पहली बार नहाया ये कछुआ...

दुनिया का सबसे पुराने जिंदा जीव के तौर पर पहचान रखने वाले जोनाथन ने 184 सालों में पहली बार नहाया है। उसका ये स्नान तो जानकारी में है, जो पहली बार है। उसने 184 सालों से पहले कभी नहाया हो, तो उसका रिकॉर्ड नहीं। ये जोनाथन दरअसल दुनिया का सबसे पुराना जीवित जीव है। जो एक विशालकाय कछुआ है। ये कछुआ सेंट हेलेना द्वीप पर रहता है। जिसकी सारी जिम्मेदारी सरकार उठाती है। सेंट हेलेना सरकार की तरफ वीडियो में जोनाथन को नहाते दिखाया गया है। सरकार ने इसे ऐतिहासिक पल करार देते हुए सभी सेंट हेलेना वासियों को उसे नहाते देखने के लिए आमंत्रित किया था। जोनाथन की देखरेख करने का जिम्मा संभालने वाले हॉलिंस का कहना है कि हम चाहते थे कि लोग आएं और जो लोग उससे मोहब्बत करते हैं, वो उसे महसूस करें। वो बहुत प्यारा है। हॉलिंस ने कहा कि मैं जब कुछ बोलता हूं, तो जोनाथन अलग ही आवाज में मुझे जवाब देता है। जोनाथन के साथ मेरी ट्यूनिंग बेहतरीन है। मैं हर सप्ताह उसकी जांच करता हूं और साफ सब्जियों की डाइट देता हूं। जोनाथन की देखरेख की इसलिए भी जरूरत है, क्योंकि वो दुनिया का सबसे उम्रदराज जीव है। मैं जोनाथन की देखरेख का जिम्मा पाकर खुद को धन्य महसूस कर रहा हूं।

# ब्रेस्टफीडिंग

## कराने से होते हैं ये फायदे



मां के दूध में बच्चे के लिए सभी जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं। मां का दूध बच्चे के लिए संपूर्ण आहार कहा जाता है। छः महीने तक शिशु शरीर की सारी जरूरतें इससे पूरी हो जाती है। जिन शिशुओं को मां का दूध दिया जाता है, वे अन्य शिशुओं के मुकाबले कम बीमार पड़ते हैं। इतना ही नहीं ब्रेस्टफीडिंग सिर्फ आपके शिशु के लिए ही नहीं बल्कि आपके लिए भी फायदेमंद है। स्तनपान कराने वाली महिलाएं रोगमुक्त रहती हैं।



### संक्रमण से बचाव

ब्रेस्टफीडिंग से शिशुओं में सांस संबंधी समस्या व कान के संक्रमण जैसी समस्याओं से रक्षा होती है। इसके अलावा यह बच्चों में मधुमेह एवं श्वेत रक्तता, और अन्य एलर्जी जैसे दमा और एक्जिमा के खतरे को कम करता है।

### शिशुओं के वजन में बढ़ोत्तरी

ब्रेस्टफीडिंग समय से पहले जन्में शिशुओं की सेहत में सुधार करता है। अक्सर ऐसा देखा जाता है कि समय से पहले पैदा होने वाले बच्चों का वजन काफी कम होता है। ब्रेस्टफीडिंग के जरिए शिशुओं के वजन में बढ़ोत्तरी की जा सकती है।

### वसा निर्माण को उत्प्रेरित करता है

ब्रेस्टफीडिंग से शिशुओं को बचपन में होने वाले मोटापे के खतरे को कम किया जा सकता है। बाहरी दूध की तुलना में मां के दूध में इन्सुलिन काफी कम होता है (इन्सुलिन वसा निर्माण को उत्प्रेरित करता है)।

### स्वस्थ आदतों का विकास

स्तनपान करने वाले शिशु अपने भोजन को नियमित रूप से लेने में, और जैसे-जैसे उनका शारीरिक विकास होता है वैसे-वैसे स्वस्थ आदतों को विकसित करने में भी अधिक कुशल होते है।

### दिमाग का विकास

मां के दूध में कई ऐसे तत्व होते हैं जो शिशु के दिमाग के विकास के लिए जरूरी है। शोध में भी यह बात साबित हो चुकी है कि स्तनपान करने वाले शिशु बुद्धिमान होते हैं।

### शरीर का तापमान होता है सामान्य

शिशु के जन्म के पहले कुछ हफ्तों में, अधिकांश शिशुओं को अपने शरीर के तापमान को सामान्य बनाने में कठिनाई होती है। स्तनपान आपके शिशु की उसके शरीर का तापमान सामान्य रखने में मदद करता है। उसे गर्म रखने के अलावा,त्वचा का त्वचा से स्पर्श आपके और आपके शिशु के बीच मजबूत भावनात्मक बंधन को भी बढ़ाता है।

### तकलीफ के कम लक्षणों का प्रकट होना

मां के दूध के फायदों के बारे में विशेषज्ञों ने पता लगाया है कि जिन शिशुओं को टीकाकरण से ठीक पहले अथवा बाद में स्तनपान कराया जाता है, उनमें तकलीफ के कम लक्षण प्रकट होते हैं।

### वजन मां का भी कम होता है

स्तनपान कराने वाली महिलाएं अधिक कैलोरी को इस्तेमाल करती हैं जिसकी वजह से उनका वजन बढ़ जाता है। लेकिन प्राकृतिक ढंग से वजन को कम करने और मोटापे से बचने का यह कारगर तरीका है।

### तनावमुक्त करने में मददगार

जब शिशु की तबीयत ठीक नहीं होती या वो बैचेनी महसूस करता है तो स्तनपान कराने से उसे आराम मिलता है। स्तनपान शिशु का रोना कम करने, और आपको तनावमुक्त करने में मदद करता है।

### कैंसर का खतरा कम

स्तनपान करानेवाली माताओं को स्तन या गर्भाशय के कैंसर का खतरा कम होता है। स्तनपान एक प्राकृतिक गर्भनिरोधक है।



**इस तरह से ब्रेस्टफीड़िंग कराना बच्चे के साथ-साथ मां के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है।**

# पौधा एक फायदे अनेक



***अश्वगंधा*** *एक झाड़ीदार रोमयुक्त पौधा है। अश्वगंधा कहने को एक पौधा है, लेकिन यह बहुवर्षीय पौधा पौष्टिक जड़ों से युक्त है। अश्वगंधा के बीज, फल एवं छाल का विभिन्न रोगों के उपचार में प्रयोग किया जाता है। अश्वगंधा के पौधे में ऐसे औषधीय गुण होते हैं जो वजन घटाने, लकवा आदि से लड़ने में आपकी मदद करते हैं। ये पौधा बुखार, संक्रमण और सूजन आदि शारीरिक समस्याओं के लिए उपयोग में लाए जाते हैं। इसमें हार्ट अटैक के खतरे को कम करने की क्षमता मौजूद होती है। यह मधुमेह से ग्रसित लोगों में मोतियाबिंद जैसी समस्या पर भी लगाम लगाता है।*

**निरोग करें शरीर:** अश्वगंधा पौधे की पत्तियां त्वचा रोग, शरीर की सूजन एवं शरीर पर पड़े घाव और जख्म भरने जैसी समस्या से लेकर बहुत सी बीमारियों में भी बहुत उपयोगी है। अश्वगंधा के पौधे को पीसकर लेप बनाकर लगाने से शरीर की सूजन, शरीर की किसी विकृत ग्रंथि और किसी भी तरह के फुंसी-फोड़े को हटाने में काम आती है। अश्वगंधा पौधे की पत्तियों को घी, शहद पीपल इत्यादि के साथ मिलाकर सेवन करने से शरीर निरोग रहता है।

## चर्म रोग से निजात

यदि किसी को चर्म रोग है तो उसके लिए भी अश्वगंधा जड़ीबूटी बहुत लाभकरी है। इसका चूर्ण बनाकर तेल से साथ लगाने से चर्म रोग से निजात पाई जा सकती है।

## कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करें

आमतौर पर कैंसर की दवाएं बीमार कोशिकाओं के साथ-साथ सामान्य कोशिकाओं को भी नुकसान पहुंचाती है, जिससे अन्य रोगों के बढ़ने की संभावना हो जाती है। लेकिन कैंसर की दवाओं के साथ अश्वगंधा का सेवन करने से अदभुत फायदा देखा गया है। अश्वगंधा के प्रयोग से केवल कैंसर ग्रस्त कोशिकाएं व न्यूरान्स ही नष्ट हुए, जबकि अन्य कोशिकाओं व न्यूरान्स को कोई नुकसान नही पहुंचा।

## जवां बनाए रखें

वैज्ञानिकों के अनुसार अश्वगंधा के सेवन से न केवल मनुष्य लंबी उम्र तक जवान रह सकता है बल्कि इसको शरीर की त्वचा पर लगाने से त्वचा पर पड़ने वाली झुर्रियों से भी बचा जा सकता है।

## अन्य लाभ

उच्चरक्तचाप की समस्या से पीड़ित लोग यदि अश्वगंधा के चूर्ण का दूध के साथ नियमित सेवन करेंगे तो निश्चित तौर पर उनका रक्तचाप सामान्य हो जाएगा। शरीर में कमजोरी या दुर्बलता को भी अश्वगंधा तेल से मालिश कर दूर किया जा सकता है, इतना ही नहीं गैस संबंधी समस्या में भी ये पौधा अत्यंत लाभदायक होता है। सांस संबंधी रोगों से निजात पाने के लिए अश्वगंधा के क्षार को शहद को घी के साथ मिलाकर सेवन करने से बहुत लाभ मिलता है। वृद्धावस्था में होने वाली बीमारियों को दूर करने, तरोताजा रहने और ऊर्जावान बने रहने के लिए अश्वगंघा चूर्ण को प्रतिदिन दूध के साथ लेना चाहिए।

# प्याज के रस से कैसे बढ़ाएं बालों की लंबाई





**प्याज** घर में उपलब्ध सर्वश्रेष्ठ बालों के उत्पादों में से एक है। हालांकि अक्सर लोग इसकी तीखी गंध और इसे काटने पर आंखों में आने वाले आंसू के कारण इसे पसंद नहीं करते। लेकिन क्या आप जानती हैं कि प्याज बालों की विभिन्न प्रकार की समस्याएं जैसे बालों का झड़ना और दोमुंहें बालों को दूर करने में बहुत मददगार होती है। प्याज में मौजूद सल्फर बालों की जड़ों को पोषण देता है जिससे बालों के विकास में मदद मिलती है।

इसलिए बहुत से लोग बालों की लंबाई बढ़ाने के लिए प्याज का रस लगाते हैं। प्याज में मौजूद एंटी-बैक्टीरियल गुण के कारण इसका रस बालों में लगाने से गिरते बालों को रोकने, रूसी और सिर के संक्रमण आदि को दूर करने में मदद मिलती है। यह घरेलू उपाय बालों को चमकदार और मजबूत बनाने के लिए अदभुत रूप से काम करता है। अगर आप भी अपने बालों को स्वस्थ, चमकदार और लंबे बालों की चाह रखते हैं तो प्याज के रस से बने हेयर पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## प्याज का रस

प्याज का रस निकालकर इसे अपने सिर की त्वचा यानी स्कैल्प पर लगाकर 25-30 मिनट के लिए छोड़ दें। साथ ही अपने सिर पर तौलिए को लपेट लें ताकी बालों के रोम इसे अवशोषित कर लें। फिर शैंपू से बालों को धो लें।

## प्याज के साथ बीयर

बीयर आपके बालों को प्राकृतिक रुप से चमकदार बनाती है। प्याज के रस को बीयर में मिक्स करके लगाने से बालों की ग्रोथ होने के साथ बाल कंडीशन भी होते हैं। बाल को बढ़ाने के लिए इस उपाय को एक सप्ताह में दो बार करें।



## प्याज और नारियल का तेल

तेल के साथ प्याज के रस को मिक्स करने पर यह बालों के विकास को बढ़ाता है और बालों को पोषण भी देता है। प्याज के रस को तेल के साथ मिलाकर बालों में मसाज करें। फिर एक तौलिया लपेटें और भाप लें। यह उपाय स्कैल्प से मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाता है, जिससे बालों की ग्रोथ बढ़ जाती है।

## प्याज के साथ शहद

बालों के विकास के लिए यह बहुत ही प्रभावी घरेलू उपाय है। इस पैक को बनाने के लिए प्याज का पेस्ट बनाकर उसमें कुछ बूंदें शहद की मिला लें। इस पेस्ट को बालों के उस हिस्से में लगाए जहां पर बाल कम हैं।

## प्याज के साथ नींबू

नींबू और प्याज के रस का प्रयोग बालों की ग्रोथ के साथ रूसी के इलाज में भी मदद करती है। नींबू का रस स्कैल्प को साफ करने के साथ बालों का झड़ना भी कम करता है।

## प्याज का रस और रम

बालों के विकास के लिए प्याज के रस का प्रयोग सबसे आसान तरीका है। इसके लिए रातभर आपको रम के एक गिलास में घिसी हुई प्याज को डाल कर रखना होगा। सुबह इस मिश्रण को छान कर अपने सिर की मसाज करें। इससे आपके बालों को मजबूती मिलेगी और जल्द से जल्द बाल बढ़ने शुरु हो जाएगें।

## प्याज और अंडे की सफेदी



यह बात तो शायद सभी जानते हैं कि अंडा बालों के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। लंबे बालों की चाह रखने वाले लोगों के लिए प्याज और अंडे से बना हेयर पैक बहुत ही लाभकारी होता है। इस पैक को बनाने के लिए प्याज के रस में अंडे के सफेद हिस्से को मिक्स कर लें। फिर इस पैक को 25-30 मिनट अपने गीले बालों में लगाकर शैंपू कर दें। प्याज के रस से बने हेयर पैक के इस्तेमाल से आप आसानी से बालों को लंबा, घना और चमकदार बना सकते हैं।

# रेसिपी

## भाटीया कड़ी



### सामग्री

1 कप तुवर दाल, 1/4 कप दही, 1 टेबल-स्पून बेसन, 2 टेबल-स्पून तेल, 1 टी-स्पून जीरा, 1/2 टी-स्पून सरसों, 1/4 टी-स्पून हींग, 1/2 टी-स्पून मेथी दानें, 1 कप भिंडी, 50 मिमी के टुकड़ो में कटी हुई, 1/4 कप स्लाईस्ड मूली, 1 1/2 कप सहजन फल्ली, 50 मिमी के टुकड़ो में कटी हुई, 3 से 4 कोकम, 10 मिनट के लिए भिगोकर छाने हुए, 4 टेबल-स्पून कटा हुआ गुड़, नमक स्वादअनुसार, 1/2 कप मोटे स्लाईस्ड केले, **सजाने के लिए:** 2 टेबल-स्पून बारीक कटा हुआ हरा धनिया

### विधि

तुवर दाल और 5 कप पानी को एक प्रैशर कुकर में मिलाकर, 2 सिटी तक प्रैशर कुक कर लें। ढ़क्कन खोलने से पुर्व सारी भाप निकलने दें। हल्का ठंडा कर, दाल छान लें और पानी को एक तरफ रख दें। इस व्यंजन के लिए आपको केवल पानी की आवश्यक्ता है। दही और बेसन को एक बाउल में अच्छी तरह फेंट लें। एक तरफ रख दें। एक गहरे नॉन-स्टिक पैन में तेल गरम करें और जीरा, सरसों, हींग और मेथी दानें डालें। जब सरसों के बीज चटकने लगे, भिंडी, मूली, सहजन फल्ली और छाना हुआ दाल का पानी डालकर अच्छी तरह मिला लें। ढ़क्कन से ढ़ककर, धिमी आंच पर 8-10 मिनट के लिए या सब्जीयों के नरम होने तक, बीच-बीच में हिलाते हुए पका लें। कोकम, गुड़, तैयार दही-बेसन का मिश्रण और नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें और लगातार हिलाते हुए, धिमी आंच पर 4 से 5 मिनट के लिए पका लें। केले डालकर अच्छी तरह मिला लें और धिमी आंच पर और 2 मिनट के लिए पका लें। धनिया से सजाकर गरमा गरम परोसें।

## माठा ची भाजी



### सामग्री

6 कप कटी हुई चौलाई भाजी, 1 1/2 टी-स्पून तेल, 2 टी-स्पून सरसों, 1/2 टी-स्पून हींग, 1/2 टी-स्पून हल्दी पाउडर, 1 1/2 टेबल-स्पून लाल मिर्च पाउडर, 2 टी-स्पून लहसुन का पेस्ट, 1/2 कप बारीक कटे हुए प्याज, 1 कप अंकुरित मूंग, एक चुटकी शक्कर, नमक सवादअनुसार, सजाने के लिए 3 टेबल-स्पून बारीक कटा हुआ हरा धनिया

### विधि

कढ़ाई में तेल गरम करें और सरसों डालें। जब बीज चटकने लगे, हींग, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और लहसुन का पेस्ट डालकर मध्यम आंच पर 1 मिनट तक भुनें। प्याज डालकर मध्यम आंच पर और मिनट या प्याज के नरम होने तक भुनें। चौलाई भाजी, अंकुरित मूंग डालकर मध्यम आंच पर 2 मिनट तक भुनें। 2 कप पानी, शक्कर और नमक डालकर अच्छी तरह मिलायें। ढ़ककर धिमी आंच पर 15 से 20 मिनट या अंकुरित मूंग के पकने तक, बीच-बीच में हिलाते हुए पका लें, जिससे सब्जी को बर्तन के नीचे चिपकने से बचाया जा सके। धनिया से सजाकर तुंरत परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**